संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 08 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में नौवें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में कारीगरों से बात करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 210 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## नूंह में बुलडोजर एक्शन पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की रोक

**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**
**हरियाणा के** नूंह में हिंसा के बाद राज्य सरकार के बुलडोजर एक्शन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट का आदेश आते ही डिप्टी कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने तुरंत अधिकारियों को कार्रवाई से रोक दिया। सरकार की डिमोलिशन ड्राइव का हाईकोर्ट ने सुओ-मोटो लिया था। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया ने रोक के आदेश दिए। नूंह में पिछले 4 दिन से तोड़फोड़ की कार्रवाई चल रही थी। इस दौरान 753 से




ज्यादा घर-दुकान, शोरूम, झुग्गियां और होटल गिराए जा चुके हैं। प्रशासन ने इन्हें

**आदेश**

**हिंसा के बाद होटल-शोरूम समेत 753 अवैध निर्माण गिराए गए, गुरुग्राम में धारा 144 हटाई, कोर्ट ने लिया था संज्ञान**

अवैध बताते हुए कहा कि इनमें रहने वाले 31 जुलाई की हिंसा में शामिल थे। नूंह में अब तक प्रशासन ने 37 जगहों पर कार्रवाई कर 57.5 एकड़ जमीन खाली कराई। इनमें 162 स्थायी और 591 अस्थायी निर्माण गिराए गए। नूंह शहर के अलावा पुन्हाना, नगीना, फिरोजपुर झिरका और पिंगनवा जैसे इलाकों में भी अतिक्रमण हटाए गए। प्रशासन ने हिंसा के दिन जिस 3 मंजिला सहारा होटल से पत्थरबाजी की गई, उसे भी गिरा दिया था। प्रशासन का कहना है कि होटल मालिक को सब पता था, लेकिन उसने दंगाइयों को पत्थर इकट्ठा करने से नहीं रोका।

## मणिपुर हिंसाः 3 महिला जजों की कमेटी बनाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मणिपुर** हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 7 अगस्त को सुनवाई 2 बजे से शुरू हो गई। मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। वे राज्य में हिंसा के दौरान दर्ज की गईं जीरो एफआईआर, रेगुलर एफआईआर, बयान और गिरफ्तारियों का ब्योरा दिया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के 3 जजों की कमेटी मणिपुर में जाकर राहत और पुर्नवास देखे। कोर्ट ने ये भी कहा कि ऐसी कोशिशें की जानी चाहिए, ताकि राज्य के लोगों में विश्वास और कानून के शासन में भरोसा लौट सके। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रहीं गीता मित्तल इस कमेटी की हेड रहेंगी। कमेटी की दो अन्य सदस्य जस्टिस (रिटायर्ड) शालिनी पी जोशी और जस्टिस (रिटायर्ड) आशा मेनन रहेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य में आपराधिक केसों की जांच की निगरानी सीनियर पुलिस अफसर करेंगे। इन मामलों का इंवेस्टीगेशन विशेष जांच दल कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि मणिपुर की मौजूदा स्थिति नाजुक है। बाहर से जांच होना लोगों में विश्वास पैदा नहीं करेगा। सरकार स्थिति को संभालने के लिए परिपक्व तरीके से

**सुप्रीम फैसला**

**राहत-पुनर्वास देखेगी एसआईटी, सीनियर पुलिस अफसर आपराधिक केसों की जांच की निगरानी करेंगे**

डील कर रही है। मणिपुर में एक आर्टिफिशियल सिचुएशन बनाई गई है, जिससे बताया जा रहा है कि सरकार कुछ नहीं कर रही। यह बहुत उलझाऊ स्थिति है। **मणिपुर में फौजियों का आई कार्ड चैक कर रही मैतेई महिलाएंः** उधर, मणिपुर में राजधानी इंफाल में आने वाले सभी रास्तों को मैतेई महिलाओं के संगठन मेइरा पाइबी ने रोक दिया है। इन्होंने हर रास्ते की एंट्री पर चेक पॉइंट बनाए हैं। ये महिलाएं सेना और केंद्रीय सुरक्षा बलों की गाड़ियों को रोककर फौजियों के आई-कार्ड चेक कर रही हैं। इंफाल में लगभग 500 महिलाओं की भीड़ ने कॉर्प्स ऑफ मिलिट्री पुलिस) के काफिले को रोक दिया। उनका आरोप था कि काफिले में कुकी समुदाय के फौजी हैं। महिलाओं ने जवानों के नाम और राज्य पूछकर उनसे आधार कार्ड की मांग की। सैन्य अफसरों ने आपत्ति भी जताई।

**फास्ट न्यूज**

### मस्जिद नहीं है ज्ञानवापीः धीरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/छिंदवाड़ा**
**बागेश्वर** धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद नहीं है। यह भगवान शिव का मंदिर है। इसे मस्जिद कहना बंद करो। शास्त्री ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, 'जो राम का है, वह हमारा है।' पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री छिंदवाड़ा के सिमरिया में रामकथा कर रहे हैं। इसके मुख्य यजमान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के बेटे और छिंदवाड़ा से सांसद नकुलनाथ हैं। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सिमरिया में रामकथा सुना रहे हैं। महा भंडारे के साथ कथा का समापन हो जाएगा। इससे पहले दो दिन 5 और 6 अगस्त को कथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक चल रही थी। उधर, प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा है कि सिमरिया हनुमान मंदिर के आसपास बनाए गए पार्किंग जोन के फुल होने पर लिंगा के पास वाहनों की नो एंट्री हो जाएगी।

### सांसद रामशंकर कठेरिया को जिला न्यायालय ने दी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/आगरा**
**उत्तर** प्रदेश के आगरा में टोरेंट अधिकारी से मारपीट एवं बलवा करने के मामले में भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया दोषी पाए गए। कोर्ट ने उन्हें दो वर्ष कारवास की सजा सुनाई थी। इस मामले में भाजपा सांसद ने जिला जज आगरा के न्यायालय में अपील की, जहां से उन्हें राहत मिल गई है। दो साल की सजा का आदेश अगली सुनवाई तक निलंबित कर दिया गया है। अगली सुनवाई की तारीख 11 सितंबर दी गई है। ये खबर मिलते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर समर्थकों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई। मामला हरीपर्वत थाना क्षेत्र के साकेत माल का है। यहां स्थित टोरेंट के सतर्कता कार्यालय (विद्युत चोरी निवारण कार्यालय) पर 16 नवंबर 2011 को पूर्व एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष एवं वर्तमान में इटावा से भाजपा सांसद राम शंकर कठेरिया पहुंचे। उनके साथ करीब 10-15 समर्थक थे। यहां पर मैनेजर भावेश रसिकलाल शाह बिजली चोरी से सम्बंधित मामलों की सुनवाई एवं निस्तारण कर रहे थे। इसी दौरान सांसद रामशंकर कठेरिया के साथ आए समर्थकों नें भावेश रसिकलाल शाह के कार्यालय में घुसकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इ

# राज्यसभाः दिल्ली सर्विस बिल पास

● शाह बोले- 11 अगस्त को मणिपुर पर चर्चा करें; हमें इशारा नागपुर से आता है, तो आपको चाइना से

**आप को झटका**

**पक्ष में 131 और विपक्ष में 102 वोट डले। बिल अब राष्ट्रपति से मंजूरी के लिए जाएगा, उसके बाद कानून बनेगा**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राज्यसभा** में सोमवार को केंद्र सरकार की तरफ से पेश किया गया दिल्ली सर्विस बिल राज्यसभा में पास हो गया। ऑटोमैटिक वोटिंग मशीन खराब होने के कारण पर्ची से वोटिंग कराई गई। पक्ष में 131 और विपक्ष में 102 वोट डले। बिल अब राष्ट्रपति से मंजूरी के लिए जाएगा, उसके बाद कानून बन जाएगा। दिनभर के बहस के बाद गृह मंत्री जवाब देने आए तो उन्होंने विपक्ष को चैलेंज दिया कि इस बिल को गिराकर दिखाओ। उन्होंने कहा- 8 से 10 अगस्त तक लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी है, इसलिए विपक्ष मणिपुर पर 11 अगस्त को चर्चा करे। मैं मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार हूं। हमारे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। आप (विपक्ष) ही हैं, जिनके पास छिपाने के लिए कुछ है। आप चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। अगर खड़गे जी 11 अगस्त को चर्चा के लिए हां कहते हैं, तो मैं भी इसके लिए तैयार हूं। इससे पहले दिल्ली सर्विस बिल पर शाह ने कहा- यह बिल पूर्व की तरह प्रधानमंत्रियों की सदस्यता बचाने नहीं लाए। इमरजेंसी लगाने नहीं लाए। शाह के यह कहते ही कांग्रेस के सदस्य भड़क गए। इस पर शाह बोले- कांग्रेस को लोकतंत्र पर बोलने का अधिकार नहीं है। आपने देश को इमरजेंसी दी थी। अअढ का जन्म कांग्रेस को गाली देकर हुआ। खड़गे साहब आप जिस गठबंधन को बचाने के लिए इस बिल का विरोध कर रहे हैं, सदन के बाद केजरीवाल साहब आप से मुंह मोड़ लेंगे। कांग्रेस को पता है कि अकेले कुछ होने वाला नहीं है।

**'आंदोलन से बनी सरकार ने शुरू की दिक्कत'**

**शाह** ने कहा कि जो लोग कह रहे हैं कि आज दिल्ली है, कल ओडिशा की बारी है, फिर दूसरे राज्य की बारी आएगी। ये गलत है। ये मानसिकता बदलनी होगी। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है। इससे किसी को ऐतराज नहीं होना चाहिए। दिल्ली में मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा, सुषमा स्वराज्य, शीला दीक्षित मुख्यमंत्री रहीं। किसी को केंद्र से कोऑर्डिनेशन में दिक्कत नहीं हुई। किसी को ट्रांसफर पोस्टिंग में दिक्कत नहीं हुई। लेकिन एक आंदोलन से बनी सरकार को इससे दिक्कत आने लगी।

**संसद को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकारः भाजपा**

**भाजपा** सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि संसद को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा- आप ने पंजाब और दिल्ली से कांग्रेस को साफ कर दिया, गुजरात में वोट हाफ कर दिया, फिर भी कांग्रेस ने इनको माफ कर दिया। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के सांसद इस बिल का विरोध किया। वाईएसआर, बीजू जनता दल और रफकांग्रेस के सांसदों ने इस बिल का समर्थन किया।

इसलिए गठबंधन बना लिया है। ऐसा गठबंधन जो सैद्धांतिक रूप से एक नहीं है। केरल में कांग्रेस और लेफ्ट एक दूसरे के खिलाफ है, लेकिन गठबंधन में ईलू-ईलू कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस का जन्म ही लेफ्ट के विरोध में हुआ, लेकिन वे भी साथ हैं।
मैं इन्हें बता दूं कि 4-5 दल और जोड़ लें, फिर भी 24 मई 2024 को नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे।

## चीतों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने बंद की सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मध्यप्रदेश** के कूनो नेशनल पार्क में 9 चीतों की मौत के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। केंद्र ने कोर्ट को बताया कि चीतों को देश में बसाने में कुछ समस्याएं जरूर हैं, लेकिन चिंता करने जैसा कुछ भी नहीं है। कोर्ट ने केंद्र की दलीलों को स्वीकार करते हुए सुनवाई बंद कर दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि भारत में चीतों को बसाने के प्रोजेक्ट पर सरकार से सवाल पूछने का कोई कारण नहीं है। कूनो में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीतों को लाया गया है। चार शावकों ने यहां जन्म लिया। इनमें से 6 चीतों और तीन शावकों की मौत हुई है। इसी मामले को लेकर याचिका दायर

**स्वीकार**

**केंद्र ने बताया कि चीतों को देश में बसाने में कुछ समस्याएं जरूर हैं, लेकिन चिंता करने जैसा कुछ भी नहीं है**

की गई थी। सुनवाई के दौरान केंद्र ने कहा कि दुनिया में पहली बार चीते एक कॉन्टिनेंट से दूसरे कॉन्टिनेंट में शिफ्ट किए गए हैं। चीतों के बाड़े का तापमान ज्यादा होना भी उनके लिए मुश्किल होता है। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका के कम तापमान के मुकाबले यहां का तापमान ज्यादा रहता है। 1952 में देश में चीते विलुप्त घोषित कर दिए गए थे।

## पीएम को 75 साल बाद क्विट इंडिया याद आयाः मल्लिकार्जुन खड़गे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी, पिछले 10 सालों से आपने सिर्फ तोड़ने की नकारात्मक राजनीति की है। अब आपकी जुबान से इंडिया के लिए भी कड़वे शब्द निकल रहे हैं। खड़गे ने ये भी कहा कि पीएम को पिछले 75 साल में क्विट इंडिया मूवमेंट (अंग्रेजों भारत छोड़ो अभियान) याद नहीं आया।

## एलओसी के पास सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**भारतीय** सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुबह जॉइंट ऑपरेशन में एलओसी के पास दो आतंकवादियों को मार गिराया। ये आतंकी एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। जम्मू के लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया, ऑपरेशन अभी जारी है। पिछले 24 घंटे में सेना ने जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकवादियों को ढेर किया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, सुबह मारे गए एक आतंकी की पहचान मुनेसर हुसैन के रूप में की गई है। वो एक



खुंखार आतंकवादी और हिज्बुल मुजाहिदीन का डिवीजन कमांडर था। 5 अगस्त को राजौरी में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। इससे पहले कुलगाम में 4 अगस्त को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में तीन जवान शहीद हो गए थे।

**जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ में 2-3 आतंकी समूह सक्रियः** 6 अगस्त को हुए एनकाउंटर का जायजा लेने के लिए एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मुकेश सिंह राजौरी पहुंचे हैं। उन्होंने मीडिया को बताया कि पीर पंजाल इलाके यानी राजौरी और

**निर्देश**

**पुंछ में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे, 24 घंटे में तीन आतंकी ढेर, घुसैपठ की कर रहे थे नोटिस**

पुंछ जिलों में लगभग तीन आतंकी समूह सक्रिय हैं। इनमें से हर एक समूह में दो से तीन लोग होने की आशंका हैं। हालांकि, कहा कि आतंकियों का सही आकंड़ा बता पाना मुश्किल है।

## नूंह हिंसाः राजस्थान-यूपी में छिपे हैं 150 आरोपी

**दंगाइयों को पकड़ने के लिए हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स को**

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**हिन्दुओं की** बृजमंडल यात्रा के दौरान नूंह में हुई सांप्रदायिक हिंसा के अभी सेंकड़ों आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। जांच एजेंसियों को इनपुट मिले हैं कि हरियाणा पुलिस के पास करीब 150 आरोपी यूपी और राजस्थान में छिपे हैं। देश सरकार ने इन सभी उपद्रवियों को गिरफ्तार करने के लिए अपनी पूरी ताकत



लगा दी। राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को इन उपद्रवियों को गिरफ्तार कर हरियाणा लाने का जिम्मा सौंपा गया है। एसटीएफ के आधा राज्य पुलिस की आधा दर्जन से अधिक पार्टियां बनाई गई हैं, जो दंगाइयों को पकड़कर लाने के काम में जुट गई हैं। नूंह में हुई सांप्रदायिक हिंसा के करीब 200 आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार किया जा चुका है। करीब 100 आरोपी हिरासत में हैं।

## 'केरल सरकार की विकास में रुचि नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/तिरुअनंतपुरम**
**केंद्रीय** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केरल सरकार की विकास के कामों में बहुत कम रुचि है। वे सर्वे और डीटेल्ड प्रोजक्ट रिपोर्ट तैयार करने जैसे छोटे कामों में भी बहुत परेशानी पैदा करते हैं। इसके जवाब में केरल के रेल मंत्री वी. अब्दुरहीमन ने केंद्र सरकार पर राज्य के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केरल को पुराने और जर्जर कोच दिए गए और वंदे भारत एक्सप्रेस भी बाकी राज्यों के बाद दी गई। केरल में भाजपा कार्यकर्ता विकास के कामों को रोकने में आगे रहते हैं। राज्य के एक केंद्रीय मंत्री भी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स में अड़ंगा लगाते हैं। **सबरीमाला रेल प्रोजेक्ट से शुरू हुआ विवादः** अश्विनी वैष्णव से सबरीमाला रेल प्रोजेक्ट पर एक सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा कि केरल में कोई भी काम करना बहुत मुश्किल है। ि

**हथकरघा**

हथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर तीन श्रेणियों में शुरू होंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार

## हिमक्राफ्ट ब्रांड से जाना जाएगा राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**राष्ट्रीय** हथकरघा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को गेयटी थिएटर में आयोजित एक कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम लिमिटेड का नाम हिमक्राफ्ट कॉर्पोरेशन करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस रीब्रॉडिंग का उद्देश्य निगम के कार्य को विस्तार प्रदान करना और बाजार में एक विशिष्ट ब्रांड के रूप में उत्पादों को बढ़ावा प्रदान करना



है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हथकरघा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए तीन श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार शुरू करने पर विचार कर रही है। इस पहल का उद्देश्य राज्य के पारंपरिक शिल्प में उत्कृष्ट हुनर की पहचान कर प्रोत्साहन प्रदान करना है। व्यवस्था में सुधार के

**बढ़ावा**

**निगम के कार्य को विस्तार प्रदान करना और बाजार में विशिष्ट ब्रांड के रूप में उत्पादों को बढ़ावा प्रदान करना है**

लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों से परिवर्तन की इस प्रक्रिया में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य में आर्थिक संकट के लिए पूर्व सरकार एवं उनकी नीतियां जिम्मेवार हैं। वर्तमान सरकार राज्य को आत्मनिर्भर बनाने और कर्ज पर निर्भरता कम करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी चार वर्षों में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा और अगले दस वर्षों में हिमाचल देश का सबसे समृद्ध राज्य बन कर उभरेगा। मुख्यमंत्री ने राज्य में हाल ही में प्राकृतिक आपदा के कारण 8 से 10 हजार करोड़ रुपये के अनुमानित नुकसान और पर्यटन क्षेत्र में इसके प्रतिकूल प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार स्थिति सामान्य करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## कांग्रेस, चीन, न्यूज क्लिक राष्ट्रविरोधी गर्भनाल से जुड़े हुए हैंः अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्लीः**
**केन्द्रीय मंत्री** अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस, चीन और न्यूज क्लिक राष्ट्रविरोधी गर्भनाल से जुड़े हुए हैं। राहुल गांधी की नफरत की दुकान में चीनी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम देखा जा सकता है। वे भारत विरोधी अभियान के साथ खड़े हैं। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि न्यूज क्लिक चाइना के नैरेटिव को बनाने में लगा हुआ है और इसके समर्थन में कांग्रेस पार्टी खड़ी हुई है। न्यूज क्लिक फ्री न्यूज के नाम पर फेक न्यूज बांटने का काम कर रही है। देश में झूठ फैलाने का काम कर रही थी, इसको चीन

**आरोप**

**राहुल की नफरत की दुकान में चीनी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम देखा जा सकता है**

सहित कई माओवादी संगठन से फंडिंग मिल रही थी। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस से सवाल पूछा कि पार्टी को देश को बताना चाहिए कि न्यूज क्लिक जैसे मीडिया संस्थान से जुड़ने की क्या मंशा थी, क्यों वे टुकड़े- टुकड़े गैंग के साथ खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि साल 2021 में केन्द्र सरकार ने न्यूज क्लिक को बेनकाब किया कि कैसे विदेशी दुष्प्रचार भारत के खिलाफ है। भारत विरोधी इस अभियान में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल उनके समर्थन में आए।

# दैनिक उपभोग के लिए शुद्ध, मिलावट रहित दूध उपलब्ध करवाना हमारा मिशन : अमन जैन

## ● उच्चतम गुणवत्ता व बेहतर सर्विस के कारण 'दूधवाले' के प्रति दिल्ली एनसीआर के उपभोक्ताओं का बढ़ा विश्वास

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आज** दूध के बिना जीवन अधूरा है। स्वस्थ जीवन के लिए आम जन को दैनिक उपभोग के लिए शुद्ध, स्वच्छ और मिलावट रहित दूध उपलब्ध होना चाहिए। आज भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व में पहले स्थान पर है, बावजूद इसके शहरों में समय पर उच्चतम गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों का मिलना बड़ी चुनौती है । ऐसे हालात में 'दूधवाले' ने उच्चतम गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों को हाई-टेक फार्मों से सीधे अपने उपभोक्ताओं के दरवाजे तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। दिल्ली एनसीआर में अच्छी सफलता पाने के बाद अब 'दूधवाले' ने अपनी सेवाओं का विस्तार हरियाणा के कई अन्य शहरों में भी करने का निर्णय लिया है । कंपनी के अनुभवी प्रमोटर अमन जे.जैन ने सोनीपत में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। इस मौके पर कंपनी के को-फाउंडर संजय कुमार व इशू जैन भी मौजूद थे। आईआईएम बैंगलोर के पूर्व छात्र अमन जे.जैन कहते हैं कि आजकल हर व्यक्ति के हाथों में मोबाइल है। कोई भी



उपभोक्ता अपने मोबाइल पर अत्याधुनिक तकनीक से लैस 'दूधवाले' ऐप डाउनलोड कर यहां उपलब्ध दूध व अन्य डेयरी उत्पादों की जानकारी ले सकता है। साथ ही अपनी जरुरत के मुताबिक घर बैठे ऑर्डर भी कर सकता है । उन्हें इसके लिए बाजार जाने की जरुरत नहीं होती। ऑर्डर करने के बाद नियत समय पर 'दूधवाले' की तरफ से उनके घर पर सप्लाई सुनिश्चित की जाती है। इस पूरी प्रक्रिया में बेहतर तकनीक का प्रयोग, पारदर्शिता व बेहतर सर्विस के कारण 'दूधवाले' के प्रति दिल्ली एनसीआर के उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ा है। अमन जे.जैन ने बताया कि हमारा अत्याधुनिक मोबाइल ऐप समय पर और आसान भुगतान विकल्पों के साथ ग्राहकों के लिए अपनी डिलीवरी को ऑर्डर करना आसान बनाता है। हमारी टीम यह सुनिश्चित करती है

**सेवाओं का विस्तार**

**'दूधवाले' के प्रमोटर अमन जैन ने कहा दिल्ली से सटे हरियाणा के कई अन्य शहरों में भी करेंगे सेवाओं का विस्तार**

प्रत्येक उत्पाद ताजा, शुद्ध और स्वादिष्ट हो। हर सुबह आपके घर पर बिना किसी परेशानी के पहुंचाए जाने वाले ताजे दूध और डेयरी उत्पादों का आनंद फिर से पाने के लिए आप लगातार हमारे साथ जुड़ें रहें । उन्होंने कहा कि 'दूधवाले' का मिशन हमारे ग्राहकों को उच्चतम गुणवत्ता और शुद्धतम दूध, डेयरी उत्पाद और अन्य दैनिक आवश्यक चीजें मुहैया करना है। अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और टेक्नोलॉजी के साथ हम अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं । हमारा लक्ष्य 'दूधवाले' को शुद्ध और ताजा उत्पादों के लिए एक घरेलू नाम बनाना है। अमन जैन कहते हैं कि वे लोगों के डेयरी उत्पादों के उपभोग के तौर तरीके में परिवर्तन लाना चाहते हैं। 'दूधवाले' आज आपके सामने दूध व डेयरी उत्पादों की लेटेस्ट वैरायटी के साथ खड़ा है । उन्होंने बताया कि नई दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव व सोनीपत में उनकी सेवाएं उपलब्ध हैं । अब वे दिल्ली से सटे हरियाणा के बहादुरगढ़, रोहतक, पानीपत जैसे शहरों तक 'दूधवाले' की सेवाओं का विस्तार जल्द करेंगे । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सोनीपत के जीटी रोड स्थित टीडीआई, एल्डिको, ओमेक्स आदि के साथ ही शहर के सेक्टर-14 व 15 में भी लोग उनके दूध व दूध उत्पाद को बेहद पसंद कर रहे हैं । 'दूधवाले' के को-फाउंडर व सीटीओ एवं अनुभवी आईटी प्रोफेशनल संजय कुमार कहते हैं कि टेक्नोलॉजी की भूमिका हमारे मिशन में सबसे अधिक है। हम चाहते हैं कि ताजा और शुद्ध दूध लोगों को बस एक क्लिक पर जल्द से जल्द उपलब्ध हो । उन्होंने कहा कि दूध एक संपूर्ण आहार है।

# कुवि में यज्ञ हवन कर हुआ नए सत्र का शुभारम्भ



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक ) कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय (कुवि) के संस्कृत-पालि-प्राकृत विभाग द्वारा सोमवार को सत्र 2023-24 का हवन यज्ञ एवं संस्कृत संभाषण शिविर के द्वारा शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर विभाग के सभी आचार्यों एवं छात्रों ने अपने कल्याण तथा विभाग की उन्नति की भावना से यज्ञ में आहुतियां प्रदान की। यज्ञ के समापन पर संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रोफेसर कृष्णा देवी ने नवीन सत्र के शुभारम्भ पर विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान किए। यज्ञ के उपरांत 7 से 17 अगस्त तक चलने वाले 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का उद्घाटन किया गया। प्रोफेसर कृष्णा देवी ने अपने स्वागतीय वक्तव्य में कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का संस्कृत-पालि-प्राकृत विभाग स्वयं में संस्कृतप्रिय विभाग है, जो यथासमय ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहता है। ऐसे शिविरों से संस्कृतभाषा के प्रति विद्यार्थियों की रूचि बढ़ती है और वे धारा प्रवाह में संस्कृत बोलने में समर्थवान बनेंगे। इस अवसर पर विभाग के अन्य सह आचार्य डॉ. तेलू राम, डॉ. विजय श्री, डॉ. कृष्ण आर्य, डॉ. विनोद शर्मा, विभाग के पूर्व छात्र रामवीर, अजय, रवि तथा अन्य सभी छात्र उपस्थित थे।

# प्रिंटिंग प्रेस संचालकों ने सर्वसम्मति से लिया फैसला, चौक-चौराहों पर नहीं लगेंगे पोस्टर-बैनर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**प्रिंटिंग** प्रेस एसोसिएशन सोनीपत की एक बैठक का आयोजन रोहतक रोड स्थित आर्य स्कूल में किया गया। बैठक में प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं बैठक में मौजूद प्रिंटिंग प्रेस संचालकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि सोनीपत में प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन का गठन किया जाएगा, जिसके लिए प्रवीण वर्मा संरक्षक व संजय को सह संरक्षण बनाया गया। बैठक के निर्णय लिया गया कि जल्द की एक बैठक कर शहर के सभी प्रिंटिंग प्रेस




संचालकों को बुलाकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। बैठक में सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों ने अपनी-अपनी समस्या बताई व उनका निराकरण करने की बात कही। बैठक में मौजूद संचालकों ने सर्वसम्मति ने फैसला लिया कि शहर के किसी भी

**गठन**

**सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि सोनीपत में प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन का गठन किया जाएगा**

महापुरुषों के चौक-चौराहों पर कोई भी पोस्टर, बैनर नहीं लगाएगा। बैठक में व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला, चेयरमैन संजय वर्मा का बैठक में पहुंचने पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बुक्का देकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन संजय वर्मा ने कहा कि जिला व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ा रहता है। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के शहर के सौन्दर्यकरण में सहयोग करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला व्यापार मंडल हमेशा आपके साथ खड़ा रहेगा। इस दौरान विजय सेतिया, विपिन डिगरा, विनोद पालीवाल, अमित पांचाल, संदीप, मोनू, अंकित बत्रा, अमित, सहित काफी संख्या में प्रिंटिंग प्रेस संचालक मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी का स्वपन है देश है को नंबर वन बनाना: सांसद कौशिक

**दावा**

**2030 तक हमारा देश आर्थिक तौर पर तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगा: रमेश चंद्र कौशिक**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सोनीपत से लोकसभा सदस्य रमेश चंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य देश को विश्व में नंबर वन बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी इस दिशा में दिन रात कर रहे हैं। 2030 तक हमारा देश आर्थिक तौर पर तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास को लेकर पैसे की कमी को कभी भी आड़े नहीं आने दिया जाएगा। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में अटल आडिया लैब में आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के उद्घाटन अवसर पर सांसद कौशिक ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.सुदेश छिक्कारा विशिष्ट अतिथि रही, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति डा.अर्चना मिश्रा ने की। सांसद कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की जनसंख्या 140 करोड़ है। विश्व में सबसे ज्यादा युवा भी हमारे देश में हैं। युवाओं के अंदर वह शक्ति होती है कि वे किसी भी क्षेत्र में कार्य करके देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि युवा देश को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करें। स्वदेशी तकनीक का लाभ एक तरफ तो हमारे देश को होगा, वहीं दूसरी तरफ तकनीक पर व्यय होने वाले पैसे में कमी आएगा। सांसद कौशिक ने कहा कि हमारे देश के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों का नेतृत्व हमारे देश के टेक्नोक्रेट कर रहे हैं। हम युवा शक्ति का सदुपयोग करके ही अपने देश को विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का लाभ शिक्षक लें तथा नई तकनीक का ज्ञान अपने शिक्षण संस्थान में कार्य कर रहे युवाओं को दें,ताकि वे देश के विकास में अहम योगदान दे सकें। बीपीएसएमवी, खानपुर की कुलपति प्रो. सुदेश छिक्कारा ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हमारे देश की बेटियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रही हैं।

# एक्स सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स पर्सनल वेलफेयर एसो. की हुई मीटिंग




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** एक्स सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स पर्सनल वेलफेयर एसोसिएशन जिला कुरुक्षेत्र इकाई की बैठक एसोसिएशन के प्रधान गुरदेव सिंह सैनी की देखरेख में संपन्न हुई ।बैठक के दौरान सेवानिवृत्त जवानों एवं विधवाओं की समस्याओं को सुना गया। गुरदेव सिंह सैनी ने सेवानिवृत्त जवानों को अपने स्तर पर संबंधित बीएसएफ इकाइयों से संपर्क कर उनकी समस्याओं मुद्दों का समाधान करने का आश्वासन दिया। मीटिंग में सेवानिवृत्ति जवानों को कल्याणकारी योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में भी शिक्षित किया। जिला प्रधान ने सेवानिवृत जवानों को केंद्र सरकार के पास लंबित मुद्दों की नवीनतम प्रगति के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने सेवानिवृत्ति जवानों से अपने

**चर्चा**

**सेवानिवृत्त जवानों की समस्याओं को दूर करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी: गुरदेव सिंह सैनी**

स्वास्थ्य का ध्यान रखने, योग करने, रोजाना सैर करने और सीजीएचएस कार्ड होने पर सीजीएचएस सुविधाएं लेने को कहा । उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बलों की लंबे समय से लंबित मांगों को मनवाने के लिए वह लगातार केंद्र सरकार के संपर्क में हैं। सैनी ने बताया कि एसोसिएशन गृह मंत्रालय के संपर्क में है और शीघ्र ही सेवानिवृत्त जवानों की समस्त समस्याओं का समाधान करवाने का भरसक प्रयास जारी है।

# नए रोपित पौधों की देखभाल परिवार के सदस्यों की तरह करें

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय माध्यमिक विद्यालय रामगढ के परिसर में कुमारी अनु चौधरी, सरपंच द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल अध्यापक कुलदीप सिंह ने बताया कि जीवनदायी हवा और पानी की उत्पत्ति में पेड़ों का अहम योगदान है । स्कूल मुखिया सुनील जोशी ने बताया कि हरियाणा सरकार एक अनोखी योजना लेकर आई जिसके तहत 75 वर्ष से अधिक आयु के



पेड़ो के मालिक को 2500/- रुपए हर वर्ष दिए जाएंगे। जोशी ने कहा कि हम सबका दायित्व बनता है कि वर्षा के सीजन में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं ताकि वातावरण की स्वच्छता बरकरार रह सके क्योंकि पेड़ पौधों से ही जीवन संभव है इसलिए परिवार के सदस्यों की तरह है लगाए गए पौधों का तब तक पूरा ध्यान रखना चाहिए जब तक वह जमीन से खुराक लेना शुरू न कर दें इस अवसर पर सतीश कुमार, पवनकुमार, रूपा सैनी, रोहित कुमार, चंद्रकांता, रजनी, पूर्व सरपंच बालकिशन व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक पेड़ विश्वास का थीम पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
जिला में चल रहे 1 से 7 अगस्त तक "स्वच्छ हरित पंचायत" अभियान के अंतिम दिन आज एक पेड़ विश्वास की थीम पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।
अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने बताया कि "स्वच्छ हरित पंचायत" अभियान के तहत एक पेड़ विश्वास कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह सदस्यों ने आज राता कला व खैरानी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण किया।

# संदीप गर्ग द्वारा चलाई जा रही एंबुलेंस सेवा लोगों के लिए हो रही वरदान साबित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)**
स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप समाजसेवी संदीप गर्ग गर्ग द्वारा जो लाडवा हल्के के लोगों के लिए मात्र 500 रूपए में एंबुलेंस सेवा दी जा रही है वह लाडवा हल्के के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। लाडवा के वार्ड नंबर 13 के निवासी रमेश चालिया, प्रवीण बौध, इमना कटारिया, विकास शर्मा आदि ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग ने जो तीन अक्टूबर 2022 से मात्र 500 रूपए में लाडवा हल्के की जनता के लिए एंबुलेंस सेवा शुरू की गई थी वह वरदान साबित हो रही है, क्योंकि इतने कम पैसों में



कोई भी दूसरी एंबुलेंस चंडीगढ़ या अन्य अस्पताल में लेकर नहीं जाती है। यह समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा बहुत ही भलाई का कार्य किया गया है। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि मात्र 500 रूपए में एंबुलेंस लाडवा हल्के के लोगों के लिए चलाई गई है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उससे हल्के के लोगों को फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कई बार जरूरतमंद व्यक्ति के पास इतने पैसे नहीं होते कि वह अपने मरीज को चंडीगढ़ पीजीआई या कहीं दूर अस्पताल में लेकर जा सकें। क्योंकि दूसरी एंबुलेंस संचालक भारी पैसे लेते हैं। परंतु कई बार पैसों के अभाव में परिवार के सदस्यों को

**समाजसेवा**

**वार्ड 13 के लोग बोले: मात्र 500 रूपए में एंबुलेंस चलाकर संदीप गर्ग ने किया भलाई का कार्य**

अपने ही परिवार के सदस्य से हाथ धोना पड़ता है। इसी को देखते हुए यह सेवा शुरू सेवाएं शुरू की गई है। मौके पर घनश्याम काम्बोज, बलवंत राय, जगीर सिंह, सोमनाथ, हरीश कुमार, गुरमीत, राजेश कुमार, जयपाल, पूर्ण चंद, कपिल कुमार, आतिश कुमार, मोती राम, विद्या रत्न, कर्मबीर आदि मौजूद थे।

# मेयर निखिल मदान ने वार्ड नं 1 के लाल दरवाजा क्षेत्र का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान सोमवार सुबह वार्ड नं 1 के लाल दरवाजा क्षेत्र में पहुंचे जहाँ उन्होंने आमजन की सीवरेज ओवरफ्लो ,रास्ता कच्चा होने और सफाई व्यवस्था संबंधी समस्याएं सुनी और मौके पर ही निगम अधिकारियों को समस्या के स्थाई समाधान हेतु दिशा निर्देश दिए। स्थानीय निवासी गुरदीप सिंह ने बताया कि उनकी मड वाली गली में सीवरेज लाइन अवरुद्ध होने के कारण मेन होल ओवरफ्लो हो रहे है, जिसके कारण घरों के आगे दूषित जल भराव की समस्या पैदा हो रही है। इसके अतिरिक्त गली का थोड़ा सा हिस्सा कच्चा भी पड़ा हुआ है। गली में दो सीवरेज लाइन डाली हुई है लेकिन आगे मुख्य लाइन में इनको सही तरीके से नहीं



जोड़ा गया है। इन सभी समस्याओं के चलते क्षेत्रवासी बेहद परेशान है और उनकी यही मांग है कि जल्द से जल्द उनकी समस्या का स्थाई रूप से समाधान किया जाये। मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय लोगों के माध्यम से क्षेत्रवासियों कि समस्या उनके संज्ञान में आयी थी। उसके बाद निगम द्वारा गली से मिट्टी और कीचड़ को साफ करवा दिया गया था। आज उन्होंने खुद पूरी गली में घूम कर समस्या का मुआयना किया है। मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता सचिन कुमार को सीवरेज लाइन का बारीकी से निरीक्षण कर आगे मुख्य लाइन में सही तरीके से जोड़ने के आदेश दिए। साथ ही मौके पर मौजूद सीवरेज सफाई एजेंसी के प्रतिनिधि राजपाल ने तुरंत प्रभाव से पूरी सीवरेज लाइन को साफ करने का काम शुरू करवाया। मेयर निखिल मदान ने सीवरेज समस्या को दूर करने के बाद गली के कच्चे पड़े हिस्से को सी सी से पक्का करने के भी निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। इस दौरान स्थानीय निवासी गुरदीप सिंह ,टेक चंद,सुरेश कुमार भाटिया,गोपाल ,कांता,विनोद,जय भगवान सैनी,कृष्ण आदि मौजूद रहे।

**निर्देश**

**सीवरेज लाइन का बारीकी से निरीक्षण कर आगे मुख्य लाइन में सही तरीके से जोड़ने के आदेश दिए**

# 25 अगस्त को पिछड़ा वर्ग का सम्मेलन करनाल में होगा: नरेश जोगी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को कामयाब करने के लिए कुरुक्षेत्र स्थित कार्यालय में मीटिंग के दौरान रणनीति तैयार की गई सम्मेलन की गई । पिछड़ा वर्ग सम्मेलन बारे चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता ओबीसी प्रकोष्ठ हरियाणा के वाइस चेयरमैन नरेश जोगी ने कहा की 25 अगस्त को करनाल स्थित अनमोल गार्डन में पिछड़ा वर्ग का सम्मेलन होगा जिसमें बी. पी. मंडल की 105 वीं जयंती मनाई जाएगी। पिछड़ा वर्ग पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि करनाल का सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे । मीटिंग में करनाल से पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ



नेता ओबीसी मामलों के प्रवक्ता दिनेश सेन ने भी कुरुक्षेत्र में मीटिंग में हिस्सा लिया। उन्होंने भी सम्मेलन पर चर्चा करते हुए कहा कि गांव गांव में जाकर लोगों को सम्मेलन का न्योता दिया जा रहा है और सम्मेलन के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कल से पिछड़ा वर्ग के प्रदेश स्तरीय नेता नरेश जोगी इंद्री हल्का के 10 गांव का दौरा करेंगे और पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का न्योता देंगे। मीटिंग में मुख्य रूप से नरेश जोगी, राजीव कुमार, दरियाव सिंह, सुरेश, दिनेश सेन ने शिरकत की।

# शहरों की बजाए गांव पर करें फोकस: पीएम मोदी

● हरियाणा में बीजेपी का क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद सम्मेलन: पीएम मोदी का 7 राज्यों के कार्यकर्ताओं को टास्क

**सलाह**

▶▶ 5-5 गांवों का समूह बनाकर आयुष्मान भारत कार्ड जिनको मिला है उनके सम्मेलन कीजिए

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के फरीदाबाद स्थित सूरजकुंड में बीजेपी के दो दिवसीय क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कई टास्क दिए। पीएम ने सभी को शहरों के बजाय गांवों पर फोकस करने को कहा। उन्होंने सम्मेलन में शामिल पार्टी जिलाध्यक्षों के साथ ही कार्यकर्ताओं को 5-5 गांवों के समूह बनाकर केंद्रीय योजनाओं की जानकारी देने का टास्क दिया। पीएम ने इसके लिए दीपावली तक फिक्स टाइम भी दिया। इस प्रशिक्षण शिविर में उत्तर प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान के प्रतिनिधि शामिल हुए।

**दीपावली तक का दिया टाइम:** पीएम ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया आप दीपावली तक तय कीजिए कि 5-5 गांवों का समूह बनाकर आयुष्मान भारत कार्ड जिनको मिला है उनके सम्मेलन कीजिए। लाभार्थी खुद बताएं उन्हें कैसे इसकी मदद मिली है। आगे देखिए जो लोग छूट गए हैं उनको लाभ दिलाएं। आपके क्षेत्र में हेल्थ और वेलनेस सेंटर को सुचारु रूप से चलाने में सहयोग करें। जिले में पहली मेडिसिन केंद्र बनाने में भी काम करें। ई संजीवन योजना की मदद से 14 करोड़ से ज्यादा बार डॉक्टरों से संपर्क कर चुके हैं। अभियान चलाकर अपने क्षेत्र के हर गांव में ई संजीवनी योजना की जानकारी पहुंचानी चाहिए।

**किसान समृद्धि केंद्र में बैठे कार्यकर्ता: पीएम** ने सम्मेलन में खेती-किसानों से जुड़ी कई योजनाएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि हाल ही में फसल योजना बीमा के जरिए एक लाख 20 हजार करोड़ रुपए का मुआवजा किसानों को दिया गया है। अभी कुछ ही दिन पहले ही मैंने वन स्टॉप सेंटर के जरिए एक लाख 25 हजार किसान समृद्धि केंद्र देश को समर्पित किए हैं। उन्होंने कहा कि कभी जाइए वहां केंद्र में बैठिए।




## 'गांवों के विकास के बिना प्रदेश-देश के विकास की कल्पना नहीं'

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राष्ट्र की आत्मा गांवों में बसती है और हमारी अर्थव्यवस्था अब भी खेतीबाड़ी पर ज्यादा निर्भर है। इसलिए गांवों के चहुंमुखी विकास के बिना प्रदेश और देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।

मुख्यमंत्री सोमवार को सूरजकुंड में आयोजित क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद् के दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया और मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संबोधित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हम यहाँ एक ऐसे विषय पर विचार करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जो देश के लोकतंत्र का मूल आधार है और देश के आखिरी व्यक्ति के हितों से सम्बन्ध रखता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद की 75 साल की अवधि बीत जाने के बाद भी गांवों का विकास हमारी प्राथमिक आवश्यकता है। हमने पिछले लगभग 9 सालों में हरियाणा में गांवों के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई और उनको अमलीजामा पहनाने के स्तर पर भी अनेक प्रयोग किए।

## 'पंचायतें राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और लोकतंत्र का रक्षा कवच'

**सीएम** ने कहा कि पंचायतें हमारी राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, सुशासन और लोकतंत्र का रक्षा कवच हैं। हमारे देश में पंचायतों की न्यायप्रियता के कारण पंच-परमेश्वर की धारणा बनी थी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद् ये तीनों स्तर हमारे देश की प्रजातंत्र व्यवस्था के मूल आधार हैं। इसी प्रकार नगरपालिका व नगरपरिषद् जैसे स्थानीय निकाय भी देश के शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पंचायती राज संस्थाएं न केवल मजबूत हुई हैं, बल्कि और अधिक शक्तियां मिलने से सशक्त बनी हैं। इससे शहरों और गांवों के स्तर पर वहां की जरूरतों की पहचान करके और उन आवश्यकताओं की प्राथमिकता तय करके विकास के कामों को चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में पढ़ी-लिखी पंचायतें कारगर भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आँचल के गतिशील विकास हेतु पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तिकरण किया गया। इसी के चलते सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को बड़ी प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां दी गयी हैं। पंचायती राज संस्थानों को 10 प्रमुख विभागों का काम सौंपा हुआ है और विकास कार्यों के लिए ग्रांट की राशि सीधे ही पंचायतों के खातों में जमा करवाई जाती है।

# पलवल: स्कूल खुलने से बच्चों की रौनक लौटी, बाजारों में आवाजाही शुरू

स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई, पलवल में हिंसा की कोई नई वारदात सामने नहीं आयी

**राहत**

▶▶ नूंह में हुए दंगों के बाद एक सप्ताह तक बंद रहे यहां जनजीवन अब धीरे धीरे ट्रैक पर लौटने लगी है

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
**पलवल** के साथ लगते जिले नूंह में हुए दंगों के बाद एक सप्ताह तक बंद रहे यहां जनजीवन अब धीरे धीरे ट्रैक पर लौटने लगी है। पलवल का बाजार अब पूरी तरह से खुल रहा है। हालांकि ग्राहकों की संख्या फिलहाल कम है। वहीं एक सप्ताह बाद सोमवार को सरकारी व निजी स्कूलों में भी रौनक लौट आई। स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है। पलवल में हिंसा की कोई नई वारदात सामने नहीं आयी है। पलवल जिले में तीन विधानसभा क्षेत्र है पलवल, होडल व हथीन के बाजार कई दिनों से खुल रहे थे। वहीं सोमवार को स्कूलों में बच्चों की चहल-पहल फिर से शुरू हो गई है। बाजार में दुकानदारों ने दुकानें तो खोल दी, लेकिन ग्राहकों की संख्या बहुत कम नजर आई। कई दुकानदारों ने बात चीत में बताया कि आम दिनों की उपेक्षा अभी शहर में 40 से 50 प्रतिशत ही ग्राहक नजर आ रहे हैं। जिसके चलते दुकानदार दुकानों पर बैठकर समय व्यतीत कर रहे है। शहर में वीरान पड़ी सड़कों पर अब पूरी तरह चहल-पहल नजर आने लगी है। अर्ध सैनिक बल और स्थानीय पुलिस के जवानों ने आक्रामक तरीके से काम करते हुए दोबारा दंगा होने की संभावना को वापस धकेल दिया है। पिछले सप्ताह जहां शहर में कर्फ्यू जैसे हालात थे, वहीं सोमवार को लग रहा था कि यहां कुछ हुआ ही नहीं है पलवल शहर के मुख्य बाजार में स्थित कॉस्मैटिक्स और चूड़ियों की दुकान पर आगजनी होने के बाद उसके मालिक संजय खान का कहना है कि जब उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना मिली तो उन्होंने सोचा कि वो अब अपनी जान जोखिम में नहीं डालना चाहते इसलिए पलवल छोड़ देंगे। बाद में हालत सुधरने पर वापस आ जायेंगे, लेकिन फिर फैसला लिया की दशकों से इसी मिट्टी से कमाया है एक बार फिर यही मेहनत करेंगे और वापस अपना खोया हुआ मुकाम हासिल करेंगे।




## स्कूल खुलने बच्चों की रौनक लौटी

**जिले** में वैसे तो शनिवार को भी कुछ स्कूल खुल गए थे, लेकिन सोमवार को जिले के सभी स्कूल पूरी तरह खुल गए और बच्चे भी पूरी संख्या में स्कूलों में पहुंचे। बच्चों में भी खुशी देखते ही बनती थी, क्योंकि कोरोना काल के बाद अब बच्चे घरों की बजाय स्कूलों में खुश रहते है। सोमवार को माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा।

## 'सरकार हर नागरिक को अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार राज्य के हर नागरिक को अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। भावी पीढ़ी को बीमारी मुक्त रखने के लिए राष्ट्रव्यापी सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम में बच्चों व गर्भवती महिलाओं को देय टीके लगवाना आवश्यक है। यह बात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने आज नारनौल के नागरिक अस्पताल में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के दौरान जिन लाभार्थियों के जो टीके देय हैं वह इस अभियान में टीके अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि जब देश का हर नागरिक स्वस्थ रहेगा तभी देश विकास की ओर अधिक अग्रसर होगा।

# डीसी, सीपी को ज्ञापन... गिरफ्तार किए लोगों को 7 दिन में करें रिहा

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**सेक्टर-57** स्थित मस्जिद में नूंह हिंसा के चलते आग लगाने और उसमें मस्जिद की मौलवी की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की रिहाई की लगातार मांग उठ रही है। रविवार को तिगरा गांव में इस विषय पर महापंचायत भी हुई। महापंचायत के निर्णय के चलते सोमवार को 101 सदस्यों की टीम ने इस मांग के लिए डीसी निशांत कुमार यादव और पुलिस कमिश्नर कला रामचन्द्रन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि गिरफ्तार हुए हिंदू युवाओं को रिहा किया जाए।



प्रशासन 7 दिन में यह कार्य पूरा करे। लोगों ने कहा कि बेवजह पुलिस निर्दोष लोगों को लगातार हिरासत में ले रही है। आगजनी के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पंचायत की कमेटी के सदस्यों ने कहा कि सभी गिरफ्तार किए गए युवक निर्दोष हैं। उनको रिहा किया जाए। साथ ही अन्य निर्दोष युवाओं को भी पकड़ा गया है, उनको भी पुलिस रिहा करने का काम करें। गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने महापंचायत के सदस्यों को आश्वासन दिया कि किसी भी निर्दोष शख्स को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से भी अपील की वह किसी भी अफवाहों में लोग ना आएं और शांति व्यवस्था बनाए रखें।

## 50 हजार की डिमांड पूरी न होने पर महिला के साथ मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
शादी होने के कई साल बाद विवाहिता से दहेज में 50 हजार रुपए की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालजनों ने मारपीट की। पति द्वारा अप्राकृतिक यौन शौषण करने का विरोध किया तो गर्दन पर पैर रखकर जान से मारने की कोशिश भी की गई है। चांदहट थाना पुलिस ने पति सहित 3 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि कि उसकी शादी वर्ष 2019 में गाजियाबाद में हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर पति, देवर और सास छोटी-छोटी बातों पर ताने देने लगे और मारपीट करके परेशान करने लगे, लेकिन पीड़िता घर बसाने के चक्कर में आरोपियों के जुल्म सहती रही।

# 'पीजीआईएमएस में लीवर-किडनी ट्रांसप्लांट जल्द शुरू होंगे'

**सुविधाएं**

▶▶ हरियाणा की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हो रहे कार्य, ताकि मरीजों को हरियाणा से बाहर न जाना पड़े

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि पीजीआईएमएस, रोहतक में लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा जल्द शुरू हो जाएगी । उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार की कोशिश की जा रही है और वह चाहते हैं कि किसी बीमारी के ईलाज के लिए राज्य के नागरिकों को हरियाणा से बाहर न जाना पड़े। श्री विज गत देर सांय अंबाला में आयोजित चिकित्सक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनों को संबोधन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द प्रदेश की हर पीएचसी तक ईसीजी और एक्सरे की सुविधा प्रदान की जाएगी। हरियाणा देश का प्रथम राज्य है जहां स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए मैपिंग कराई जा रही है। आज तक स्वास्थ्य सेवाएं डिमांड बेस रही हैं मगर वह चाहते हैं कि आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं दी जाए । इसलिए मैपिंग के लिए एजेंसी कार्य कर रही है और डब्ल्यूएचओ के मापदंडों के अनुसार किस स्थान पर कितने बिस्तरों वाला अस्पताल, सुविधा, डॉक्टर इत्यादि की जानकारी एकत्रित किया जाएगा, जो कि देश में पहली बार ऐसी मैपिंग की जा रही है। हरियाणा के हर जिले में मेडिकल कालेज बनाया जा रहा है और छह जिलों में नए कालेज बन कर तैयार हो रहे है, बाकि जिलों में भी कार्य प्रगति पर है।



**आज सरकारी अस्पताल में हो रहा दिल का ईलाज, बेहतर दवाएं मरीजों को दी जा रही :** स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य का बजट पहले 1600 करोड़ रुपए था और आज इसका बजट छह गुणा ज्यादा 9 हजार 600 करोड़ रुपए बजट है। सरकारी अस्पतालों में सिटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड की सुविधा मुहैया करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कभी किसी ने सोचा नहीं होगा कि सिविल अस्पताल में आज दिल का भी ईलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब वह स्वास्थ्य मंत्री बने तो उनसे पहले सरकारी क्षेत्र में नीली व पीली गोलियां मिलती थी, उन्होंने आकर सिद्धांत बनाया कि अस्पतालों में डब्ल्यूएचओ जीएमपी मान्यता प्राप्त दवाई ही सरकारी अस्पताल में देंगे।

## 'मिशन इंद्रधनुष के तहत जिला में 0 से 5 साल के बच्चों का किया जाएगा टीकाकरण'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य मिशन इंद्रधनुष के तहत जिला में 0 से 5 साल के बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा।उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को भी यह टीका लगाया जाएगा । परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने यह बात आज फरीदाबाद के स्थानीय सेक्टर-3 स्थित एफआरयू 2 जच्चा बच्चा केंद्र में मिशन इंद्रधनुष के टीकाकरण अभियान की शुरूआत के दौरान कही। मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन की सुविधाओं को देखते हुए नई नई योजनाएं और परियोजनाएं लागू की जा रही है।

# विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 10वीं के प्रमाण पत्र 8 व 9 अगस्त को होंगे वितरित

**वितरित**

▶▶ नूंह व पलवल को छोडकर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों पर 8 अगस्त को भेजे जा रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**हरियाणा विद्यालय शिक्षा** बोर्ड की 10वीं की परीक्षा के परीक्षार्थियों के प्रमाण पत्र नूंह व पलवल को छोडकर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों पर 8 अगस्त को भेजे जा रहे हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. वीपी यादव एवं सचिव कृष्ण कुमार ने सोमवार को बताया कि प्रदेश के सभी सैकेंडरी विद्यालयों के परीक्षार्थियों के प्रमाण पत्र 8 अगस्त को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक तथा 9 अगस्त को प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भिवानी जिला के सैकेंडरी के प्रमाण-पत्र बोर्ड मुख्यालय के कमरा नम्बर-44 में वितरित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जिला पलवल व नूंह के जिन विद्यालयों को प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, वे किसी भी कार्यदिवस में बोर्ड कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। जिला पलवल व नूंह के प्रमाण पत्र उनके जिले में परिस्थितियां सामान्य होने उपरान्त भेज दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय मुखिया यदि स्वयं के विद्यालय के प्रमाण पत्र प्राप्त करने में असमर्थ हैं तो वह अपने विद्यालय के किसी भी अध्यापक या प्राध्यापक को इस कार्य के लिए प्राधिकृत कर सकते हैं। जिस अध्यापक या प्राध्यापक को विद्यालय के मुखिया द्वारा प्राधिकृत किया जाता है, वे अपने साथ प्राधिकरण पत्र अवश्य लेकर आयें अन्यथा उनको प्रमाण-पत्र नहीं दिये जाएंगे।



प्राधिकरण पत्र न होने के कारण प्रमाण-पत्र न मिलने की जिम्मेवारी संस्था की होगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजे जाएंगे। यदि स्वयंपाठी परीक्षार्थी प्रमाण-पत्र दस्ती प्राप्त करना चाहते हैं, तो वह बोर्ड मुख्यालय, भिवानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से सैकेण्डरी कक्षा के प्रमाण-पत्र यदि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से दस्ती प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो ऐसी अवस्था में ये प्रमाण-पत्र उक्त वर्णित तिथियों उपरान्त कार्यालय कार्य दिवसों में बोर्ड मुख्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## रविवार रात को फिरोजगांधी कालोनी में धार्मिक स्थल पर आगजनी

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
शहर की फिरोजगांधी कालोनी में रविवार को रात को शरारती तत्वों ने एक धार्मिक स्थल को निशाना बनाते हुए वहां पर आगजनी की। वहां की देखरेख कर रहे व्यक्ति द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। रविवार की आधी रात के बाद शरारती तत्व फिरोजगांधी कालोनी के धार्मिक स्थल में पहुंचे। उन्होंने वहां पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया। वहां की देखरेख करने वाले घसीटे राम ने पुलिस को जानकारी दी कि वह धार्मिक स्थल से अपने घर रात को साढ़े 8 बजे चला गया था। रात डेढ़ बजे उसके पास किसी ने फोन करके जानकारी दी कि धार्मिक स्थल पर किसी ने आग लगा दी है। लोगों ने किसी तरह से आग बुझाई। आनन-फानन में वह मौके पर पहुंचा। जब वह पहुंचा तब अंदर रखा सामान जल चुका था। पता चला है कि रात को करीब आधा दर्जन युवक वहां पर आए थे। उन्होंने इस आगजनी की घटना को अंजाम दिया। घसीटे राम के मुताबिक करीब 10 साल पहले इस धार्मिक स्थल का निर्माण किया गया था। वह पिछले साल से इसकी देखरेख कर रहा है। उनसे कहा कि जिस किसी ने भी इस घटना को अंजाम दिया है, उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए। धार्मिक भावनाएं भडकाने का यह प्रयास है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# आदमपुर वासियों से किए वादे पूरे करने के लिए प्रयास जारी : भव्य

● बिजली अधिकारियों के साथ दरबार लगाकर विधायक ने हल करवाई समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**आदमपुर के** विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा है कि उपचुनाव के दौरान क्षेत्रवासियों से किए वादों को पूरा करने के लिए वे लगातार प्रयासरत है। क्षेत्र की ढ़ाणियों की बिजली संबंधी समस्या का निपटारा किया जा रहा है। विधायक भव्य बिश्नोई सोमवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में बिजली निगम के एमडी अमित खत्री के साथ क्षेत्रवासियों की बिजली संबंधी समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान ढाणियों में बिजली कनेक्शन, नए कनेक्शन, ढाणियों के कनेक्शन को गांवों की 24 घंटे लाइन से जोडने, कम वोल्टेज, ट्रासफार्मर लगाने, बिजली की खस्ताहाल तारें बदलवाने सहित तमाम समस्याओं को एक-एक करके विधायक एवं अधिकारियों ने सुना तथा एमडी ने अधिकारियों को तुरंत उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। हलके के ज्यादातर गांवों से लोग बिजली से संबंधित मांगों को लेकर लोग विश्राम गृह में पहुंचे। भव्य बिश्नोई ने बताया कि आदमपुर में बिजली समस्याओं को दूर करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं और ज्यादातर समस्याएं दूर भी कर दी गई हैं। विधायक ने बिजली विभाग के एमडी के सामने विस्तार से भी आदमपुर हलके की बिजली की मांगों को रखा। अमित खत्री ने जल्द से जल्द इन मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। विश्राम गृह में चले इस बिजली दरबार में मौके पर ही अधिकारियों ने लोगों की ज्यादातर समस्याओं का निपटारा किया ।



**जनशिकायतें**

▶▶ आदमपुर में बिजली समस्याओं को दूर करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं और समस्याएं दूर भी कर दी गई हैं

गांव कुतियावाली में भव्य बिश्नोई ने लगभग 40 लाख की लागत से बनने वाले खाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने बताया कि इस खाल के पक्का बनते ही कुतियावाली व तेलनवाली के किसानों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आदमपुर के चहुंमुखी विकास और हलके के हर गांव की समस्या के निपटान के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। इस दौरान रणधीर पनिहार, विक्रांत देवीलाल बिश्नोई, जयवीर गिल, विनोद ऐलावादी, राजाराम खिचड़, मुनीष ऐलावादी, पवन जैन, घनश्याम शर्मा, कृष्ण सेठी सरपंच, रेखा स्वामी, सुक्रम तेलनवाली, पवन सांवत सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भर्ती परीक्षा का फर्जी प्रश्न पत्र बनाकर लोगों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**डीएसपी अमित कुमार के नेतृत्व** में जिला पुलिस जींद की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो भर्ती परीक्षा का फर्जी प्रश्न पत्र बना कर लोगों को ठगने का काम करते थे। पुलिस ने गिरफतार किए गए आरोपितों कि पहचान गांव ईक्कस निवासी कुलबीर, जींद वासी जीत व गांव कैरखेड़ी निवासी अमित के रूप में हुई है। डीएसपी अमित भाटिया ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी पेपर लीक करवाने के दर्ज हैं। गांव ईक्कस निवासी कुलबीर इस समय धनखड़ी के सरकारी स्कूल में हेडमास्टर के पद पर तैनात हैं। उनके खिलाफ साल 2015 में असम राइफल भर्ती मामले में केस अंडर ट्रायल चल रहा है तो वहीं जितेंद्र के खिलाफ केवीएस का पेपर लीक करवाने और एक अन्य पेपर लीक मामले में केस चल रहा है, जिसमें वह जमानत पर है तो वहीं कैर खेड़ी निवासी अमित ग्रुप-डी में लगा हुआ है, और पुलिस मामले की जांच में जुटी है कि आखिर कितने परीक्षार्थियों से इन्होंने एडमिट कार्ड ले रखे थे। पत्रकारों से बातचीत में डीएसपी नरवाना अमित कुमार भाटिया ने बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ की टीम इंचार्ज पीएसआई नरेश कुमार के नेतृत्व में जींद शहर क्षेत्र में गस्त पर थी कि तभी सूचना मिली कि जींद में एक गिरोह सक्रिय है जो कि लोगों को भर्ती परीक्षाओं में पास करवाने का झांसा देकर उनसे मोटे पैसे ऐंठता है। इस मामले के गम्भीरता को देखते हुए उच्चाधिकारीगण को सुचित करके बतलाए गए ठिकाने पर छापेमारी की गई तो वहां से तीन व्यक्ति काबू हुए।



## न्यूज फ्लैश

### पत्नी पर प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने का आरोप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** चोरा गांव में पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी। परिवार का कहना है कि उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में विवाहिता और उसके साथ को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों का आरोप है कि हत्या में विवाहिता की चाची और कुछ अन्य लडके भी शामिल हैं। जिसके बाद वे कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी शशांक कुमार सावन से मिलने के लिए करनाल पहुंचे।

मृतक दीपक के चाचा पवन ने बताया कि दीपक उम्र 28 वर्ष की शादी 9 महीने पहले करनाल की रहने वाली काजल से हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। बीती 25 जुलाई को दीपक अपनी पत्नी के कहने पर ससुराल में उसकी चाची की बेटी के जन्मदिन पर चला गया। जहां पर दीपक ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी साहिल के साथ देख लिया। साहिल काजल की चाची का भाई है। जिसके बाद वहां पर दीपक की अपनी पत्नी के साथ कहासुनी भी हुई। इसके बाद दीपक 26 जुलाई को अपनी पत्नी को वापस अपने घर ले आया। पवन का आरोप है कि दीपक व उसकी पत्नी नीचे के कमरे में रहते थे। 26 जुलाई को रात को करीब 12 बजे सभी सो रहे थे। उस समय दीपक की पत्नी ने उसके कमरे का दरवाजा खट खटाया। जिसके बाद मैंने अपने कमरे का दरवाजा खोला तो काजल ने कहा कि दीपक के साथ कोई बुरी तरह से पीट कर घर के अंदर फेंक गया है, जबकि मेन दरवाजा अंदर से पूरी तरह से बंद था। काजल ने ही रात को 3 से 4 लोगों के साथ मिलकर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की थी और उसके गले पर निशान भी था। दीपक के कान से खून बह रहा था। इसके बाद वह घायल अवस्था में दीपक को मेडिकल कॉलेज लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। बीती 2 अगस्त को इलाज के दौरान दीपक की मौत हो गई। पवन का यह भी आरोप है जिस दिन यह वारदात हुई काजल ने सुबह से जो सूट पहन रखा था वो और जो बेड की चदर थी, उसे भी पानी से साफ कर दिया, ताकि कोई सबूत न मिल सके।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

## वार्ड नम्बर 17 शिव कॉलोनी में जल्द लगेगा बूस्टिंग स्टेशन: अनीश यादव

# लोगों को मिलेगा पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री मनोहर** लाल के आदेशानुसार वार्ड नम्बर 17, शिव कॉलोनी में बूस्टिंग स्टेशन जल्द से जल्द स्थापित किया जाएगा, ताकि लोगों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। बूस्टिंग स्टेशन की स्थापना को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जन स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली और उनको आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि शिव कॉलानी निवासियों के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा बूस्टिंग स्टेशन की घोषणा की गई है। इसलिए अधिकारी इस घोषणा पर प्राथमिकता से कार्य करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को बूस्टिंग स्टेशन की स्थापना के लिए निर्देश दिए कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय से इस घोषणा को जन स्वास्थ्य विभाग के नाम ट्रांसफर करवाएं, ताकि इसका जल्द से जल्द कार्य शुरू करवाया जा सके।
उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को



स्पष्ट निर्देश दिए कि शिव कॉलोनी में स्थापित एसटीपी परिसर में बूस्टिंग स्टेशन की स्थापना के लिए जल्द से जल्द अनुमानित लागत तैयार करके स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजा जाए। अगर कहीं पर कोई दिक्कत आती है तो इस बारे उपायुक्त कार्यालय को सूचित करें, उसका तुरंत समाधान करवाया जाएगा।

बैठक में जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता विकास सिंगरोहा ने बताया कि एसटीपी में बूस्टिंग स्टेशन लगाने के लिए पर्याप्त मात्रा में जगह उपलब्ध है, जैसे ही उनके विभाग के नाम सीएम की घोषणा ट्रांसफर हो जाएगी, इस पर तुरंत कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि लोगों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए बूस्टिंग स्टेशन में 2 पानी के ट्यूबवैल लगाया जाना आवश्यक है, ताकि तेज गति के साथ लोगों के घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच सके।

इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता विकास बाल्यान, एसडीओ विकास गुप्ता, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा, एसडीओ सुनील भल्ला तथा उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता मेहताब सिंह मौजूद रहे।

## सीईटी मेन्स की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई सम्पन्न

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित सीईटी मेन्स की लिखित परीक्षा जिला में नकल रहित व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई हैं। सोमवार को आयोजित सीईटी की लिखित परीक्षा के लिए जिला में 68 सेंटर बनाए गए थे, जिनमें 9 हजार 950 कैंडिडेट में से 8 हजार 459 कैंडिडेट ने परीक्षा दी, जो कि करीब 85.01 प्रतिशत रहा। उपायुक्त ने बताया कि इन सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा को पारदर्शी तरीके से आयोजित करवाना जिला प्रशासन का लक्ष्य रहा। परीक्षा के लिए एसडीएम इंद्री अशोक कुमार को नोडल ऑफिसर बनाया गया था। ड्यूटी मजिस्ट्रेट-सह-फ्लाईंग स्कवॉयड अधिकारियों ने निरन्तर परीक्षा पर नजर बनाए रखी। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 बजे परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी व जैमर की भी व्यवस्था की गई थी तथा कैंडिडेटस के पहचान पत्र की सही जांच उपरांत ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

## डायमंड ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित हुई देश की शख्सियतें

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा लीडरशिप डेवलपमेंट सेमिनार के अंतर्गत डायमंड ऑफ इंडिया अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजोध सिंह ने की। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट लीजेंडरी फिल्म अभिनेता किरण कुमार, सेलिब्रिटी गेस्ट पूर्व मिस इंडिया सिमरन आहूजा एंव फिल्म व टीवी अभिनेता रोबिन सोही, स्पेशल गेस्ट के रूप में राकेश सचदेवा, जसबीर सिंह, मुनीष कुमार, मोहम्मद इकबाल मंसूरी, विजय गुप्ता, विशाल काठ, गौरव गाबा, मनोज दीवान, कृष्णा गुप्ता, डॉ सतीश गर्ग, डॉ हरलीन कौर,



जगदीश चंद्र ढींगरा, पंकज गर्ग, गगनदीप मल्होत्रा, पायल मित्तल, गुरमीत सिंह, एंव नमना अहलावत ने भाग लिया।

इस अवसर पर किरण कुमार ने कहा कि फाउंडेशन भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए विशेष कार्य कर रहा है। फाउंडेशन के नेशनल चीफ नरेंद्र अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रही महान शख्सियतों जिनमें बलविंदर कौर, मनप्रीत कौर, मेजर सिंह, समरपन बाबू, सुनील गोडबोले, परमासिवेम नटराजन, प्रदीप कौशिक, अधिवक्ता बिक्रम चौधरी, रवि शर्मा, विपिन शर्मा, डॉ गरिमा अग्रवाल, टोरन गर्ग, सुरिंदर कुमार पलटा, अनिकेत बांगर, पूनम शर्मा, मधुबाला, प्रशांत शर्मा, सावी चौधरी, नितासा जोशी, नितासा जोशी, गुलशन जोशी, मानवी सिंह, शीनू गोयल, रचना मल्हन, शशि शर्मा, सुखमनजोत सिंह, सुपिंदर सिंह, गुंजन भटनागर, अजय पांचाल, अमित सहगल, पुष्कर टंडन, राजेश खन्ना, सिमरनजोत कौर, हिमांशु जिंदल, जिज्ञांशु जिंदल को डायमंड ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## 12वीं पास विद्यार्थी इग्नू से करें कौशल एवं ज्ञान आधारित कोर्सेज : डॉ. धर्म पाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**इग्नू के** क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा.धर्मपाल ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को मेरिट के चलते किसी कॉलेज या विश्विद्यालय में दाखिला नहीं मिला हो या किसी भी कारण से विद्यार्थी रेगुलर कॉलेज और विश्विद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी इग्नू से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। इसके साथ साथ नौकरी पेशा लोग, महिलायें, लडकियां, ग्रहणीय और दूर दराज क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी आसनी से इग्नू की दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते है। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने हाल ही में 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए इग्नू में अपार सम्भावनाये उपलब्ध है ऐसे विद्यार्थी इग्नू से बैचलर ऑफ आर्ट्स(बीएजी), बैचलर ऑफ कॉमर्स(बीकॉम), बैचलर ऑफ कॉमर्स इन एकाउंटेंसी एंड फाइनेंस(बीकॉमए एंड एफ), बैचलर ऑफ साइंस(बीएससी), बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन(बीसीए), बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस(बीलिस), बैचलर ऑफ आर्ट्स इन टूरिज्म स्टडीज (बीटीएस) और बैचलर ऑफ सोशल वर्क(बीएसडब्लू) कर सकते हैं।

इसके अलावा विद्यार्थी बैचलर ऑफ आर्ट्स होनर्स इन इकोनॉमिक्स, हिस्ट्री, पोलिटिकल साइंस, साइकोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सोशलॉजी, इंग्लिश आदि में भी एडमिशन ले सकते हैं। एससी,एसटी विद्यार्थी इग्नू से निशुल्क बीए, बीकॉम और बीएससी कर सकते हैं।

## ट्रैफिक रूल उल्लंघन: काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के अग्रसैन चौंक व जण्डली चौंक पर अंबाला महिला थाना पीएसआई सुरेखा पन्नू ने बिना हैलमेंट, बिना लाईसेंस, बिना नबंर प्लेट व ट्रीप्लिंग सवारी के चलान काटे। उन्होने वाहन चालाकों को सूचित करते हुए कहा कि वह घर से निकलते हुए अपने सारे जरूरी डॉक्यूमेंट लेकर निकले। उन्होंने स्कूल के अध्यापकों और स्कूली बच्चों के परिवार से भी आवेदन किया है कि जो भी बच्चे 16 वर्ष से कम आयु के हैं उन्हें वाहन देकर स्कूल न भेजें। इस अभियान के अंतर्गत सोमवार और वीरवार को होने वाले इस अभियान में आज भी अग्रसेन चौंक व जण्डली चौंक पर वाहन चालकों के चलान काटे गए।

## निराशा में हरियाणा के काबिल युवा: सुमिता सिंह



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने मॉडल टाउन में जन संपर्क के दौरान भाई यशबीर के घर पर उपस्थित लोगों से राजनीतिक चर्चा की। सुमिता सिंह के पहुंचने पर उनको फूल मालाओं और शाल से सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार व कानून व्यवस्था के बारे में चिंता जताई।

सुमिता सिंह ने कहा कि आपकी चिंता जायज है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार किसान एमएसपी और मुआवजे के लिए, युवा रोजगार के लिए, मजदूर दिहाड़ी के लिए, सरपंच अधिकारों के लिए, कर्मचारी ओपीएस के लिए और बच्चे स्कूल के टीचर के लिए आंदोलन करते आ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार किसी भी मसले का संतोषजनक समाधान नहीं निकाल पाई है। उन्होंने कहा कि हर मोर्चे पर सरकार की विफलता और उसके अत्याचार जनता में रोष की वजह बने हुए हैं। हरियाणा में चारों तरफ अपराध का बोलबाला, अपराधिक तत्व सरेआम अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के किसी भी सरकारी दफ्तर में बिना रिश्वत के काम नहीं होता। हर रोज भाजपा सरकार का कोई ना कोई घपला, घोटाला, भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पोर्टल पोर्टल खेल कर डीआईडी क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा मांगने वाले किसानों की परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियों और नीयत के चलते देश में सबसे ज्यादा विरोध ही हरियाणा का युवा झेल रहा है। हरियाणा की नौकरियां हरियाणवी युवाओं को ना मिलकर दूसरे राज्यों को लोगों दी जा रही हैं।
भर्तियां होने से पहले ही रद्द हो रही हैं और जो इक्का-दुक्का भर्ती हो रही है तो वह दूसरे राज्यों के लोगों को मिल रही है। ऐसे में निराशा में हरियाणा के काबिल युवा अपना भविष्य तलाशने के लिए विदेशों की ओर देखने को मजबूर हो रहे हैं।

## इन्टेंसिफाईड मिशन इंद्रधनुष 5.0 का किया शुभारम्भ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारत सरकार** द्वारा पूरे भारत में इन्टेंसिफाईड मिशन इंद्रधनुष 5.० का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला द्वारा सेक्टर-16 पोलीक्लीनिक में इन्टेंसिफाईड मिशन इंद्रधनुष ५.० का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. विनोद कुमार, उप-सिविल सर्जन प्रतिरक्षण डा. नीलम वर्मा, एसएमओ डा.नीरू, अर्बन नोडल अधिकारी डा.अभय अग्रवाल व अन्य स्वास्थ्य विभाग से अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

संजय बठला ने कहा कि यह कार्यक्रम सम्पूर्ण हरियाणा में



भी आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 से 5 साल तक के बच्चों व गर्भवती स्त्रियों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सघन मिशन इन्द्रधनुष के तहत 3 चरण अगस्त से अक्तूबर तक आयोजित किए जा रहे है और सभी भों, डेरों, झुग्गी झोपड़ी और स्लम टीकाकरण सेशन में आयोजित किए जाएंगे। अन्य जगह, जहां पर टीकाकरण 90 प्रतिशत से कम है वहां भी इस दौरान सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों का टीकाकरण पूरा किया जाएगा, ताकि उनका इन सभी बिमारियों से बचाव सुनिश्चित किया जा सकें।

सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 7 से 12 अगस्त, 11 से 16 सितम्बर और 9 से 14 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के अर्न्तगत भारत सरकार द्वारा ऐसे सभी बच्चे व गर्भवती स्त्रियॉं जिनका टीकाकरण किसी भी कारण से छूट गया है, उनको टीकाकरण केन्द्र पर लाकर उनका टीकाकरण पूर्ण किया जाएगा। साथ ही साथ भारत सरकार की खसरा व रूबेला को खत्म करने की स्ट्रेटजी के अर्न्तगत सभी बच्चों को खसरा व रूबेला से बचाने के लिए प्रतिरक्षित किया जाएगा।

## छीना झपटी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए** वन की टीम ने छीना छपटी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से दो मोबाइल और वारदात में प्रयोग की गई दो मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। पहले मामले में सीआईए वन की की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर जुंडला से इअमन कुमार उर्फ मीतू पुत्र शीशपाल वासी प्योंत थाना निसिंगइ को गिरफ्तार किया। आरोपी से एक मोबाइल व वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई । जांच में पाया गया कि आरोपी ने थाना सदर के एरिया से मोबाइल स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया था, जिस संबंध में नामालूम के खिलाफ छीना झपटी का मुकदमा दर्ज किया गया था।

दूसरे मामले में सीआईए वन की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर रंबा इंद्री रोड करनाल से इविशाल उर्फ लंबू पुत्र नन्हा राम वासी गुमटो और आशीष कुमार पुत्र बलदेव सिंह वासी गुमटो थाना बुटानाइ को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से एक मोबाइल व वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई । जांच के दौरान पाया गया कि आरोपियों ने थाना शहर करनाल के एरिया से मोबाइल स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया था।

## राज्यस्तरीय फोटो फेयर का आयोजन 12-13 अगस्त को करनाल में

### फोटोग्राफी की नवीनतम तकनीकों के साथ नामी कंपनियां करेंगी अपने उत्पादों का प्रदर्शन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**फोटोग्राफर्स** वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से करनाल में 12-13 अगस्त को राज्य स्तरीय फोटो फेयर का आयोजन किया जाएगा। शहर के एक निजी बैंकट हॉल में 12 अगस्त को आयोजित होने वाले इस फोटो फेयर का उद्घाटन भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. संजय शर्मा करेंगे, जबकि 13 अगस्त को सांसद संजय भाटिया बतौर मुख्य अतिथि इसमें शामिल होंगे। दो दिवसीय इस फेस्टिवल में राज्यभर से करीब 4 हजार प्रतिभागी हिस्सा लेंगे और देश की अनेक नामी कंपनियां अपने नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी।




करनाल में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चीफ कोऑर्डिनेटर प्रवेश कंबोज ने बताया कि यह आयोजन 12 और 13 अगस्त को होगा, जिसमें अन्य कार्यक्रमों के अलावा फैशन शो भी आयोजित किया जाएगा। इसमें फैशन जगत की अनेक हस्तियां अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी।
उन्होंने कहा कि फोटो फेयर में फोटोग्राफी से संबंधित भविष्य की आधुनिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिदिन 3 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह, फैशन शो और फोटोग्राफर्स की वर्कशॉप होगी। उन्होंने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी फोटोग्राफर्स को बाजार में आ रही नई तकनीक से अपडेट करना और प्रिंटर, स्कैनर के आधुनिक उपकरणों से रूबरू कराना है।
उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तेजी से बदल रही तकनीक के कारण यह आयोजन फोटोग्राफर के लिए मील का पत्थर साबित होगा।
उन्होंने कहा कि वे समय-समय पर इस तरह के आयोजन करते हैं, ताकि इस फील्ड में कार्यरत लोग फोटोग्राफी में आ रहे बदलावों से अपडेट रहे।

## संपादकीय

# यह नये भारत का नया और भव्य रेलवे है

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के न्यू इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। उनकी नौ वर्ष की यह यात्रा यही प्रमाणित करती है। दूसरी तरफ विपक्ष के गठबंधन ने शब्दों के जुगाड़ से अपने लिए इंडिया नाम गढ़ लिया है। लेकिन उनकी कल्पना के इस इंडिया में विकास की कोई बात नहीं होती। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। इसकी कार्ययोजना पर कार्य प्रगति पर है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी कि भारत विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा है। इसमें रेलवे का विकास का शामिल है। भारतीय रेलवे के इतिहास में नया अध्याय जुड़ा। अमृत भारत रेलवे स्टेशन अभियान के अंतर्गत 1300 स्टेशन विकसित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना का शुभारंभ किया। इसमें से 508 अमृत भारत स्टेशनों के पुनर्निर्माण का काम शुरू हो रहा है। इन अमृत भारत स्टेशन के नवनिर्माण पर करीब पच्चीस हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

यह नया भारत है। सभी अमृत स्टेशन ग्रीन बिल्डिंग्स के मानकों को पूरा करेंगे। अगले करीब छह वर्षों में भारत की रेलवे नेट जीरो एमिशन पर चलेगी। इसके साथ विपक्ष का इंडिया विकास को मुद्दा क्यों नहीं बनाना चाहता, यह भी स्पष्ट हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने नौ वर्षों के दौरान रेलवे से सम्बन्धित कार्यों का उल्लेख किया। इतने मात्र से यूपीए सरकार बहुत पीछे छूट गई। नौ वर्षों के दौरान रेलवे में रिकॉर्ड धनराशि का निवेश किया गया। चालू वर्ष के लिए रेलवे को ढाई लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट दिया गया है। ये बजट नौ वर्ष पहले की तुलना में पांच गुना ज्यादा है। रेलवे का समग्र विकास किया जा रहा है। लोकोमोटिव्स उत्पादन में भी नौ वर्ष के दौरान नौ गुना की वृद्धि हुई है। आज देश में पहले की अपेक्षा 13 गुना ज्यादा कोच बन रहे हैं। नौ वर्ष में सोलर पैनल से बिजली बनाने वाले रेलवे स्टेशनों की संख्या भी 1200 से ज्यादा हो गई है। सभी स्टेशन ग्रीन एनर्जी बनाएंगे। ट्रेनों के करीब सत्तर हजार कोच में एलईडी लाइट्स लगाई जा चुकी हैं। ट्रेनों में बायो टॉयलेट की संख्या नौ वर्ष पहले के मुकाबले अब 28 गुना ज्यादा हो गई है। इस सबसे विकास में पिछली सरकारों की विफलता का अनुमान लगाया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि पूर्ववर्तियों के भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण के चलते विकास और लोक कल्याण के कार्य उपेक्षित हुए। ऐसी सरकारें दायित्व का निर्वाह नहीं कर सकतीं। आज यही लोग नये भारत की विकास यात्रा में बाधा पैदा कर रहे हैं। विपक्ष का एक धड़ा आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहा है। देश ने आज की और भविष्य की जरूरतों की चिंता करते हुए संसद की आधुनिक इमारत बनवाई। इस धड़े ने इसका भी विरोध किया। कर्तव्यपथ का विकास किया तो उसका भी विरोध किया गया। इन लोगों ने सत्तर साल तक वीर शहीदों के लिए वार मेमोरियल तक नहीं बनाया। हमने नेशनल वार मेमोरियल बनवाया, आलोचना करते वक्त इनको शर्म तक नहीं आई। सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेच्यू ऑफ यूनिटी आज दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति है।

# रेल के लिए अमृत साबित होगी 'अमृत भारत स्टेशन योजना



सुनील कुमार महला

> देश में नागरिकों की सुचारू पहुँच सुनिश्चित करने हेतु स्टेशनो में सुधार किया जाएगा, इसके साथ ही स्टेशनों में भूनिर्माण, हरे पैच, स्थानीय कला और सांस्कृतिक तत्वों से स्टेशन आदि को उपयोगकताओं के लिए एक सुखद अनुभव प्रदान करने हेतु सुसज्जित किया जाएगा, इस कार्य को उपयुक्त पेशेवरों की सहायता से पूर्ण किया जाएगा। नि:शुल्क वाई फाई(5 जी कनेक्टीविटी), महिलाओं व दिव्यांगो के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जिन 508 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों के शुभारंभ के साथ पूरे भारत में अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्घाटन किया गया है

**हाल** ही में 6 अगस्त 2823 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'अमृत भारत स्टेशन योजना' को ऑनलाइन लॉन्च किया है। जानकारी देना चाहूंगा कि अमृत भारत स्टेशन योजना एक साथ देशभर के 508 स्टेशनों के नवीनीकरण की बहुत ही अहम और महत्वपूर्ण योजना है। यह बहुत ही अच्छी बात है कि इस योजना के तहत पूरे भारत में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गई है। आज जब हम आजादी के अमृत महोत्सव को मना रहे हैं, ऐसे समय में रेल के क्षेत्र में एक नये अध्याय को शुरू होता हम देख रहे हैं। भारत आज विकासशील देश से विकसित बनने की ओर लगातार अग्रसर है और इससे अच्छी बात भला और क्या हो सकती है कि अब भारत के करीब 1300 प्रमुख रेलवे स्टेशन अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तौर पर विकसित किए जाएंगे और उनका पुनर्विकास आधुनिकता के साथ होगा। वास्तव में सरकार के इस कदम से रेलवे के क्षेत्र में हमारा देश नये सोपानों, प्रतिमानों को छू पायेगा। देश की आम जनता के साथ साथ देश के सभी राज्यों को इसका लाभ मिल सकेगा। जानकारी मिलती है कि इस योजना के तहत अब उत्तर प्रदेश में करीब 4500 करोड़ रुपये के खर्च से 55 अमृत स्टेशनों को आधुनिक तरीकों से विकसित किया जाएगा। इतना ही नहीं इस योजना के तहत राजस्थान के भी 55 रेलवे स्टेशन अमृत रेलवे स्टेशन बनेंगे। बताया जा रहा है कि रेलवे स्टेशनों के पुनर्वास में राजस्थान और उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, पश्चिम बंगाल के 37, मध्य प्रदेश के 34, असम के 32, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात और तेलंगाना के 21-21, झारखंड के 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के 18-18, हरियाणा के 15 और कर्नाटक के 13 स्टेशन शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इस योजना पर 24,470 करोड़ की लागत आएगी। अमृत भारत स्टेशन स्कीम 2023 के माध्यम से देश के 68 मंडलों के सभी 15 स्टेशनों का विकास किया जाएगा। जानकारी मिलती है कि इसके अंतर्गत किसी भी स्टेशन का नवीनीकरण और अपग्रेडेशन कम से कम डेढ़ साल के अंदर ही पूरा किया जाएगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारतीय बोर्ड द्वारा आरंभ 200 बड़े स्टेशनों के नवीनीकरण की योजना इस योजना से अलग है।इस योजना के माध्यम से सभी रेलवे स्टेशनों पर रूफ प्लाजा और सिटी सेंटर का विकास भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्टेशनों के नवीनीकरण में दिव्यांग नागरिकों के लिए स्पेशल सुविधा की भी व्यवस्था की जाएगी। इतना ही नहीं,इस योजना के माध्यम से स्टेशनों में नवीन सुविधाओं का आरंभ करने के साथ साथ पुरानी सुविधाओं को भी विकसित किया जाएगा। देश के ऐसे स्टेशन जहां पर विस्तृत तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता का अध्ययन किया गया है उन सभी स्टेशनों को भी इस योजना के तहत शामिल किया जाएगा। इसक साथ योजना का फायदा यह होगा कि इससे देश के सभी नागरिकों को ट्रेनों की सही जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस कार्य के भली भांति संचालन हेतु रेलवे बोर्ड के द्वारा महत्वपूर्ण जगहों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स, डिस्प्ले आदि का निर्माण किया जाएगा, इसके माध्यम से रेलवे का टाइम और अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति से नहीं पूछना पड़ेगा और ये दूर से भी बड़ी आसानी से देखे जा सकेंगे। इस योजना के माध्यम से प्रकाश(लाइट) की उत्तम सुविधा उपलब्ध करवाना, अवांछित(अनवांटेड )संरचनाओं(स्ट्रक्चर्स) को हटाना, पैदल मार्ग बनाना, सड़क को चौड़ा करना और आधुनिकीकरण से पार्किंग एरिया बनाना आदि कार्यों को भी किया जाएगा। इसके साथ ही योजना के माध्यम से हरे पैच और स्थानीय कला और संस्कृति का उपयोग नागरिकों को उच्च अनुभव प्रदान करने हेतु प्रदान किया जाएगा, मतलब यह है कि नागरिकों द्वारा जिस भी स्टेशन पर ठहरा जाएगा, उसी स्टेशन से नागरिकों को उस शहर की कला तथा संस्कृति की जानकारी प्राप्त हो जाएगी। कुल मिलाकर भारतीय रेलवे बोर्ड द्वारा इस योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों का विकास करने हेतु 10 से 20 करोड़ रुपए का खर्च करने का प्रावधान रखा गया है। साथ ही सब स्टेशनों के पास दूसरे प्रवेश स्टेशन को भी तैयार किया जाएगा।इसके अतिरिक्त स्टेशनों नवीनीकरण में विभिन्न ग्रेड/प्रकार के प्रतीक्षालय को क्लब करने के साथ अच्छे कैफेटेरिया की सुविधा को भी जोड़ा जाएगा, इसमें प्रतीक्षालयों को छोटे-छोटे विभाजन में वर्गीकृत किया जाएगा। इसके साथ ही इसके अंतर्गत कार्यकारी लाउंज तथा छोटी व्यावसायिक बैठक के लिए स्थान की व्यवस्था भी की जाएगी। यहां तक कि सड़कों को चौड़ा किया जाएगा, और इसके साथ ही इस योजना के माध्यम से उचित रूप से डिजाइन किए गए साइनेज, पैदल मार्ग, सुनियोजित पार्किंग क्षेत्रों आदि की भी व्यवस्था की जाएगी। देश में नागरिकों की सुचारू पहुँच सुनिश्चित करने हेतु स्टेशनो में सुधार किया जाएगा, इसके साथ ही स्टेशनों में भूनिर्माण, हरे पैच, स्थानीय कला और सांस्कृतिक तत्वों से स्टेशन आदि को उपयोगकताओं के लिए एक सुखद अनुभव प्रदान करने हेतु सुसज्जित किया जाएगा, इस कार्य को उपयुक्त पेशेवरों की सहायता से पूर्ण किया जाएगा। नि:शुल्क




वाई फाई(5 जी कनेक्टीविटी), महिलाओं व दिव्यांगो के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जिन 508 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों के शुभारंभ के साथ पूरे भारत में ह्यअमृत भारत स्टेशन योजनाह्ल का उद्घाटन किया गया है, इनमें से 71 रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे जोन में हैं। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में छपी खबर से यह जानकारी मिलती है कि दुनिया में दक्षिण अफ्रीफा, यूक्रेन, पोलैंड, यूके और स्वीडन जैसे देशों में जितना रेल नेटवर्क है उससे अधिक रेल ट्रैक हमारे देश में इन 9 वर्षों में बिछाए गए हैं। साउथ कोरिया, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में कुल जितना रेल ट्रैक है उससे अधिक रेल ट्रैक भारत में अकेले पिछले साल बनाए हैं।

विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारतीय रेल (यानी कि भा.रे.), भारत सरकार-नियंत्रित सार्वजनिक रेलवे सेवा है। भारत में रेलवे की कुल लंबाई 115,000 किलोमीटर है। भारतीय रेलवे रोजाना 231 लाख यात्रियों और 33 लाख टन माल ढोती है। भारतीय रेलवे के स्वामित्व में, भारतीय रेलवे में 12147 लोकोमोटिव, 74003 यात्री कोच और 289,185 वैगन हैं और 8,702 यात्री ट्रेनों के साथ प्रतिदिन कुल 13,523 ट्रेनें चलती हैं। भारतीय रेलवे में 300 रेलवे यार्ड, 2300 माल ढुलाई और 700 मरम्मत केंद्र हैं। यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेलवे सेवा है। 12.27 लाख कर्मचारियों के साथ, भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है।यह बहुत अच्छी बात है कि आज भारतीय रेलवे आधुनिक बनने के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल भी लगातार कार्य कर रही है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2030 तक भारत एक ऐसा देश होगा जिसकी रेलवे नेट जीरो उत्सर्जन पर चलेगी। आज देश में लगभग लगभग बिजली से ट्रेनें चलाई जा रही हैं। नेरो गेज को मीटर गेज में बदला जा चुका है।

रेलवे स्टेशनों व रेलों की साफ सफाई में भी आमूल चूल परिवर्तन आए हैं। देश में आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें चलाई जा रही हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत कि रेल नेटवर्क विश्व का सबसे बड़ा और व्यस्ततम रेलवे नेटवर्क है।

## कविता

अजनबी बस्ती है, अजनबी सा
बसेरा,
हवाएं जाएंगी जहां, हमारा वहां सवेरा।

चंद पल के अंधेरों से ओझल नहीं
सूरज,
रवि फिर चमकेगा सजेगा नया सवेरा।

नन्ही चिड़ियों का होगा मीठा कलरव,
बसेगा सांवली जिंदगी का रुपहला
सवेरा।

तमस नहीं कोई अंतिम परिणति,
नन्हें हाथ लाएंगे सूरज का सुनहरा
चेहरा,

फिर महकेंगे बाग, उपवन और कलियां,
भँवरो के गुंजन से लजाएगा यौवन का
सुनहरा सवेरा।

संजीव

## विश्व में हिंदी की जुगलबंदी'

**संजीव**

**हिंदी** भाषा करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है "राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है" हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है। हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा "हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया" यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है।

कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है।

## विचार

# मेक इन इंडिया प्रथम स्थान, चीन को भारी नुकसान

**किशन भावनानी गोंदिया**

**गोंदिया** वैश्विक स्तरपर भारत के रक्षा, रेल, शिक्षा, दूरसंचार प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स सहित करीब करीब सभी क्षेत्रों में बढ़ते वर्चस्व और सफलताओं के नए-नए आयामों के अध्याय जोड़ते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है जिससे अनेक विकसित देशों के विनियोगकर्ता व कंपनियों द्वारा भारतीय भूमि पर विनियोग करने का मन बनाना स्वभाविक है, तो वहीं अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ती जा रही है जिसकाउदाहरण हम ब्रिटेन के रूप में ले सकते हैं, प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत का 11 दौर पूरा हो चुका है एफटीए पर बातचीत 12वां दौर 7 अगस्त से दिल्ली में होना है।11वें दौर की वार्ता जुलाई में लंदन में हुई थी।जिससे एफटीए की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ी है क्योंकि जिस तरह से भारत अपने लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है उसके लिए कुछ कठोर कुछ सॉफ्ट निर्णय भी नीति निर्धारकों को लेने में गुरेज नहीं होना चाहिए, क्योंकि भारत में विनिर्माण को बढ़ावा देना है जो आत्मनिर्भर भारत के निर्णय में मील का पत्थर साबित होगा। परंतु कई क्षेत्रों में आज भी आयात अधिक है मसलन,एक रिपोर्ट के मुताबिक 2017 के बाद कुल लेपटॉप आयात का 75 प्रतिशत सिर्फ चीन से लाया जा रहा था।वहीं बात साल 2022 की करे तो सिर्फ 9 महीनों में ही भारत ने 5 बिलियन डॉलर का आयात कर चुका था इसमें 73 प्रतिशत चीन का हिस्सा था।रिपोर्ट के मुताबिक 2023 के अप्रैल- जून तिमाही में ही भारत ने लेपटॉप, टेबलेट और पीसी पर करीब 20 बिलियन डॉलर खर्च कर चुका है। देखा जाए तो पिछले साल के मुकाबले इस तिमाही में 6.25 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इसलिए भारत सरकार के इस कदम से चीन को भारी आर्थिक नुकसान होगा वहीं देश के मेन्यूफेक्चरिंग कंपनियों को इसका जबरदस्त फायदा होगा और देश के पास विदेशी मुद्रा भंडार भी बचा रहेगा।हलांकि सरकार ने ये साफ कर दिया है कि ये पूरी तरह से बैन नहीं है।कुछ स्थिति मेंआयात करने की अनुमति होगी, बता दें गुरुवार दिनांक 3 अगस्त 2023 को विदेश व्यापार महानिदेशक कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना मैं लैपटॉप पीसी और आईटी हार्डवेयर उत्पादों में तत्काल प्रभाव से आयात प्रतिबंधित लगाया गया है जो 31 अक्टूबर 2023 तक माल क्लियर कर 1 नवंबर 2023 से इसके आयात पर लाइसेंस की आवश्यकता बताई गई है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे मेरा भारत महान एक तीर से दो निशाने मेक इन इंडिया प्रथम स्थान चीन को भारी आर्थिक नुकसान।

साथियों बात अगर हम विदेश व्यापार महानिदेशक द्वारा जारी अधिसूचना की करें तो, भारत सरकार ने मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़वा देने और सुरक्षा कारणों से भारत में टैबलेट, लैपटॉप, और कम्प्यूटर के आयात पर बैन लगा दिया है। जानकारी के मुताबिक अगर कोई कंपनी उन समानों को आयात करना चाहती है तो इसके लिए भारत सरकार से स्पेशल परमिशन लेना होगा और इससे संबंधित सारी जानकारी सरकार को देनी होगी।सरकार के इस कदम से भारत में काम कर रहे बड़ी कंपनियां जैसे एप्पल, एचपी, लेनेवो, सेमसंग, आसुस, एसर सहित अन्य कंपनियों पर गहरा असर होगा. वहीं इससे देश में इन इलेक्ट्रोनिक समाना को बनाना होगा. इससे लोगों को कई तरह के फायदे होंगे और पहले के मुकाबले ये सस्ता मिलेगा।सरकार के इस फैसले घरेलू कंपनियों को फायदा होगा, क्योंकि लैपटॉप, टैबलेट और पीसी का इंपोर्ट मार्केट फिर कुछ सालों में तेजी से बढ़ रहा था, इसमें चीन से आयात होने वाले सामान का प्रतिशत सबसे ज्यादा था। सरकार के इस कदम से लोगों को सस्ते में अब ये इलेक्ट्रोनिक सामान मिलेंगे। दरअसल विदेश से लाने पर इन उपकरणों पर इंपोर्ट ड्यूटी लगा जाती थी जिसकी वजह से ये महंगा हो जाता था, लेकिन जब ये भारत में बनेंगे तो ये पहले के अपेक्षा सस्ता होगा और इसका फायदा लोगों को होगा। साथियों बात अगर हम इस अधिसूचना के पांच प्रभावों की करें तो (1)अमेरिका और देशों से यूजर्स अपने रिश्तेदारों से मैकबुक या आईफोन को सस्ते दामों में मंगाते थे। ये बहुत जल्द अब बंद होने वाला है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# छात्रों में अध्ययन की आदतें विकसित करना

**विजय गर्ग**

कई छात्र जानकारी को बनाए रखने में संघर्ष करते हैं और उन्हें कवर करने के लिए आवश्यक सामग्री की मात्रा से अभिभूत महसूस करते हैं। प्रभावी अध्ययन तकनीकों को लागू करके, छात्र अपने शैक्षणिक प्रदर्शन को बढ़ा सकते हैं और अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। 10 उपयोगी युक्तियाँ जो छात्रों को उत्पादक अध्ययन की आदतें बनाने में सहायता करेंगी: 1. लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित करें प्रत्येक अध्ययन सत्र के लिए स्पष्ट लक्ष्य बनाकर शुरूआत करें। निर्धारित करें कि आप क्या हासिल करना चाहते हैं और उसके अनुसार एक योजना बनाएं। इससे आपको पूरे अध्ययन समय के दौरान केंद्रित और प्रेरित रहने में मदद मिलेगी। यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करने से थकान से बचाव होता है और उपलब्धि की भावना पैदा होती है। यह हमें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करता है और हमें और अधिक हासिल करने के लिए प्रेरित करता है। 2. जटिल अवधारणाओं को तोड़ें जटिल विषयों का अध्ययन करते समय, जानकारी को छोटे, प्रबंधनीय भागों में तोड़ दें। इससे जानकारी को समझना और याद रखना आसान हो जाता है। अवधारणाओं को व्यवस्थित और सरल बनाने के लिए दृश्य सामग्री और आरेखों का उपयोग करें। जानकारी को टुकड़ों में बाँटने से याददाश्त में सुधार हो सकता है, जानकारी को छोटे-छोटे टुकड़ों में बाँटना और उन्हें एक-एक करके तब तक आत्मसात करना जब तक कि वह अचेतन न हो जाए, सीखने का एक प्रभावी तरीका है। 3. एक अनुकूल अध्ययन वातावरण बनाएं ऐसी जगह ढूंढें जो ध्यान भटकाने वाली, शांत और अच्छी रोशनी वाली हो। यदि कोई विकर्षण नहीं है, तो कोई रुकावट नहीं होगी जो उत्पादकता के स्तर में मदद करेगी। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया या शोर-शराबे वाले वातावरण जैसे किसी भी संभावित विकर्षण को दूर करें। एक समर्पित अध्ययन स्थान आपको बेहतर ध्यान केंद्रित करने और एकाग्रता में सुधार करने में मदद करेगा। 4. माइंड मैपिंग तकनीकों का उपयोग करें माइंड मैपिंग एक शक्तिशाली दृश्य उपकरण है जो छात्रों को जटिल जानकारी को प्रभावी ढंग से व्यवस्थित करने और समझने में मदद करता है। इसमें अवधारणाओं और उनके संबंधों को दर्शाने के लिए शब्दों, छवियों और रंगों का उपयोग करके एक पदानुक्रमित और परस्पर जुड़े आरेख बनाना शामिल है। कीवर्ड, छोटे वाक्यांशों और छवियों को शामिल करके, छात्र विषय का एक संक्षिप्त लेकिन व्यापक प्रतिनिधित्व बना सकते हैं।

## राजा का बज गया बैंड बाजा

**डॉ. सुरेश कुमार**

**राजा ने जनता से पूछा आजकल हमारी नीतियों को** लेकर आप लोगों की क्या राय है? जनता में से एक ने उठकर कहा यदि आप बुरा न मानें तो आपको एक कहानी सुनाना चाहता हूँ। कहानी सुनते ही आपको सब कुछ समझ में आ जाएगा। राजा ने हामी भरते हुए कहानी सुनाने की अनुमति दी। बहुत दिनों बाद जनता में से किसी को राजा के सामने बात करने का अवसर मिला था। वह कहाँ चुप बैठने वाला था। उसने कहानी शुरू की ह्लएक राजा था। वह एक आँख से अंधा था। उसे इस बात का कोई दुख नहीं था। अपने तलुवाचाटु मंत्रियों पर उसे पूरा विश्वास था कि उनके रहते उसका कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। दूसरी ओर उसके मंत्री बड़े होशियार थे इसलिए वे राजा की झूठी प्रशंसा कर अपना मतलब साधने की फिराक में रहते थे। एक दिन एक मंत्री ने राजा की एक आँख से अंधेपन की प्रशंसा कर अपनी लालच की झोली ढेर सारे उपहारों से भरने की योजना बनाई। मौका मिलते ही वह राजा के सामने हाजिर हुआ। उसने राजा से कहा झ ह्लराजन! आप जब अपनी पत्नी के साथ होते हैं तो आप और आपकी पत्नी की आँखें मिलकर त्रिनेत्र शिव के दर्शन करवाते हैं। वैसे आप अकेले होने पर शुक्राचार्य से प्रतीत होते हैं। आप अन्यथा न लें तो... राजा मंत्री के मुख से अपना गुणगान सुनकर इतने भाव विभोर हो गए कि उसके बीच में रुक जाने पर विचलित हो उठे। उनसे रहा नहीं गया। उन्होंने मंत्री से मैं तुम्हारे मुखमंडल से प्रशंसा के शब्द सुनकर अत्यंत प्रसन्न हूँ। किंतु प्रशंसा को इस तरह से बीच में रोकना ठीक नहीं है। इसे पूरा करो। तुम मेरी इतनी प्रशंसा कर रहा हो। मैं अन्यथा क्यों लूँगा? उल्टे तुम्हें उपहार देने के लिए पागल हुआ जा रहा हूँ राजा से प्रोत्साहन पाकर मंत्री ने आगे कहा कि यदि आपकी बची खुची दूसरी आँख की रोशनी भी चली जाती तो आप कौरवपति धृतराष्ट्र से महान सम्राट बन जाते। यह सुनकर राजा गद् गद् हो उठा। उसने मंत्री की झोली उपहारों से भर दी। राजा कहानी बड़े ध्यान से सुन रहा था। कहानी समाप्त होने से पहले ही जनता रक्तचूसक नीतियों का उपाय बताने वाले चमचे वहाँ से नौ दो ग्यारह हो चुके थे। राजा अपनी लंबी दाढ़ी पर हाथ फेरते उन्हें आवाज देने लगा।

# बाजरे की फसल पर छाने लगे संकट के बादल

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल। बाजरे** की फसल पर संकट के बादल छाने लगे हैं। जिला महेंद्रगढ़ के अटेली ब्लॉक के करीब 10 से अधिक गांव में खड़ी बाजरे की फसल के सीटों पर कीड़े लग गए हैं। जिसके कारण पूरी बाजरे की फसल खराब होने लग गई है। परेशान किसानों ने इसकी शिकायत कृषि विभाग को की है। वहीं कृषि विभाग का कहना है कि उन्होंने शिकायत मिलने के बाद कृषि विज्ञान केंद्र को लिखा है। जहां से वैज्ञानिक आकर इस कीड़े की जांच करके किसानों को दवाई छिड़काव के लिए बताएंगे।



जिला महेंद्रगढ़ कृषि प्रधान जिला है। यहां पर खरीफ की फसल के रूप में बाजरे की फसल मुख्य रूप से बोई जाती है। जिला महेंद्रगढ़ में करीब दो लाख 70 हजार हेक्टेयर पर इस बार बाजरे की फसल बोई गई है। लंबी बरसात के कारण बाजरा तेजी से बड़ा हो गया, लेकिन अब लम्बी बरसात ही बाजरे के लिए काल बन गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि लंबी बरसात व नमी ज्यादा रहने के कारण बाजरे के सीटों में फॉल आर्मी वॉर्म नामक कीड़े ने हमला बोल दिया है। जिसकी वजह से करीब 10 गांव के खेतों में खड़ी बाजरे की फसल में यह कीड़ा लग गया है। इस कीड़े की जानकारी जब किसानों को लगी तो उन्होंने कृषि विभाग से संपर्क किया। जिसके बाद विभाग द्वारा इस कीड़े को मारने के लिए या इससे बचाव के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को लेटर लिखा है। वहीं कृषि वैज्ञानिकों की एक टीम भी बुलाई है, ताकि बाजरे की फसल का बचाव किया जा सके। वहीं दूसरी ओर किसानों का कहना है कि उनकी फसल बहुत अच्छे से खेतों में लहलाह रही है। लेकिन अब कीड़े का प्रकोप होने के कारण सारी फसल नष्ट हो गई। जिससे किसान सड़क पर आने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि यह कीड़ा बाजरे की सीटों पर लगा हुआ है जो पूरी तरह से सीटों को खा रहा है।

**प्रकोप**

**बरसात का मौसम ज्यादा लंबा होने के कारण इस प्रकार के कीड़ों का प्रकोप देखने को मिल रहा है**

इस बारे में कृषि विभाग के एसडीओ मनमीत सिंह ने बताया कि बरसात का मौसम ज्यादा लंबा होने के कारण इस प्रकार के कीड़ों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रकोप केवल अटेली मंडी खंड के किसानों के खेतों में ही अभी दिखाई दिया है। उन्होंने बताया कि इस बार बाजरे की बुवाई जल्दी हो गई थी। अब बाजरे करीब 10 फुट लंबा भी हो गया है। जैसे ही उनको बाजरे की फसल में कीड़े लगने की शिकायत मिली उन्होंने इस बारे में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विज्ञान केंद्र को पत्र लिख दिया है। संभावना है कि कल तक वैज्ञानिक आ जाएंगे। जिसके बाद वे इससे बचाव वह दवाई छिड़काव के बारे में किसानों को जानकारी देंगे।

बाजरे की फसल में नहीं मक्का की फसल में लगता है यह कीड़ा

एसडीओ ने बताया कि यह कीड़ा बाजरे की फसल में नहीं लगता। यह है मक्का की फसल में लगने वाला कीड़ा है, लेकिन यह बाजरे की फसल में कैसे लगा इसके बारे में भी वैज्ञानिक जांच करेंगे।

# आप नेत्री चित्रा ने दुकानदारों के साथ डीसी को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अम्बाला छावनी** में नगर परिषद द्वारा दुकानों के आगे थड़ों को तोड़ने की कार्रवाई के विरोध में आप नेत्री चित्रा सरवारा दुकानदारों के साथ डीसी कार्यालय पहुंची और दुकानदारों की समस्या बताते हुए इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग उठाई और डीसी डॉ.शालीन को ज्ञापन सौंपा।

चित्रा ने कहा कि जो कार्यवाही की गई थी वो बिना किसी प्रकार के नोटिस सुनवाई या समय के बिना करी गई है। नगर परिषद अम्बाला सदर द्वारा 2 अगस्त की शाम को आगामी कार्रवाई की मुनादी की गई और 3 अगस्त की सुबह ही प्रशासन के अधिकारी जेसीबी लेकर कई दुकानों के थड़े तोड़ दिये गए जो प्रक्रिया के तहत भी नजर आए।

गत महीनों में भी नाले के पाइप डालने के नाम पर लगभग 3 महीने तक इन बाजारों के फुटपाथ उखड़े रहे क्योंकि प्रशासन ने थड़े तोड़ तो दिए लेकिन वापिस ठीक नहीं किए। व्यापार में भारी नुकसान देखते हुए सभी दुकानदारों ने खुद लाखों रुपये लगा कर थड़े बनवाए। उस समय नगर परिषद अम्बाला ने सदर बाजार के थड़े खुद क्यूँ नहीं बनाए और क्यूँ उन्हें रोकने नहीं आए अम्बाला छावनी अंग्रेजों के जमाने में बसाया गया एक सुनियोजित शहर है जिसमें प्रत्येक दुकान व मकान के आगे कच्चा व पक्का प्लेटफार्म दिया गया है जोकि नक्शे व जीएलआर में भी वर्णित है और जिस पर प्रत्येक दुकानदार व मकान मालिक का अधिकार है।

**विरोध**

**चित्रा ने कहा कि जो कार्यवाही की गई थी वो बिना किसी प्रकार के नोटिस सुनवाई या समय के बिना करी गई है**

आप नेता चित्रा सरवारा ने कहा कि सबसे पहले पारिषद प्रशासन निशानदेही करके यह बताए कि कहां तक की जगह सरकारी है और कौन सी दुकानदार की है। दुकानदारों को निशानदेही पर आपत्तियां या स्पष्टीकरण दर्ज कराने का समय मिले। स्पष्टीकरण के बाद प्रशासन बाजार एसोसिएशन के साथ बैठकर बातचीत करे और आगे की कार्यवाही का शेड्यूल तैयार करे कि कौन सी मार्केट में कब काम करेंगे। प्रशासन द्वारा अगर कोई बाजार में तोड़फोड़ का कार्यक्रम हो तो उसे दुरुस्त करवाने का शेड्यूल भी हाथों-हाथ बने।

## न्यूज फ्लैश

### किसान-गरीब-मजदूर के घर पैदा हुए नौजवानों को मिलता है इनसो के माध्यम से राजनीति में भागीदारी का मौकाः जयदेव नौल्था

**पानीपतः जजपा प्रेस प्रवक्ता** जयदेव नौल्था ने बताया पानीपत जिले से (इनसो) के 21वें स्थापना दिवस समारोह में हजारों छात्रों व युवाओं की रिकॉर्ड तोड़ हाजरी ने नया इतिहास रच दिया। हिसार की अनाज मंडी में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में छात्रों ने हुंकार भरके और हाथ उठाकर हरियाणा में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव का भी जोरदार समर्थन किया। हरियाणा व निकटवर्ती राज्यों के कोने-कोने से इनसो के स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे युवाओं का जोश व उत्साह देखने लायक रहा। जिन युवाओं को राजनीति में कोई मौका नहीं देता उन्हें इनसो अवसर प्रदान करती है। अगर पढ़े-लिखे राजनेता देश में तभी हो सकते हैं जब उनकी शुरूआत छात्र राजनीति से हो।

जयदेव नौल्था ने बताया वे खुद भी इनसो के कई पदों पर कार्य कर चुके है और सदैव छात्र हितों की लड़ाई लड़ी ! जजपा जिला अध्यक्ष ने बताया इनसो ० जजपा के संस्थापक डॉ. अजय सिंह चौटाला , उपमुख्यमन्त्री दुष्यंत चौटाला की सोच हमेशा छात्र नेताओं को आगे लाने की है। नौल्था ने कहा की डॉ. अजय सिंह चौटाला ने वर्ष 2003 में दिल्ली विश्वविद्यालय से इनसो की शुरूवात की थी !

### सांप्रदायिकता की जड़ें जहरीली होती हैं और सभ्य समाज के लिए घातकः रावल



**पानीपतः हरियाणा में** हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा ने देश को काफी शर्मसार किया है, देशभर में शोक और चिंता का माहौल पैदा किया है। इस परिस्थिति में, मै सभी देश वासियों व सम्मानित नागरिकों से शांति, एकता, आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के संदेश को दिल से बढ़ावा देने की अपील करता हूं। अफसर रावल मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया कि सांप्रदायिक हिंसा का सामना करना हमारे राष्ट्र के सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर को खतरे में डालने का काम कर रहा है। हम सभी को समझना चाहिए कि हम सभी एक दूसरे के साथ साथ रहने वाले समाज के अभिन्न हिस्सा हैं और हमारे भाईचारे को हमेशा मजबूती देने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हमें समझना होगा कि समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे के बिना, विकास करना, फलना फूलना संभव नहीं हैं। हम सभी को एक-दूसरे की खुशहाली और तरक्की का समर्थन करना बहोत जरूरी है, ताकि हम सभी मिलकर एक बेहतर और खुशहाल भविष्य बना सकें। सांप्रदायिकता फैलाने से हमें कोई फायदा नहीं मिलने वाला है और ना ही हमारा और हमारी आने वाली पीढ़ी का कोई बेहतर भविष्य होगा। हमें समझना होगा कि सांप्रदायिकता की जड़ें अक्सर भ्रष्ट होती हैं और बहोत जहरीली होती हैं और इससे समाज को बहोत नुकसान होता है। मैं सम्मानित देश वासियों और बुद्धिजीवियों से अपील करता हूं कि हम सभी को समाज में आपसी भाईचारे प्रेम और सौहार्द व सामाजिक सद्भावना का प्रचार-प्रसार करने के लिए आगे आना चाहिए और इन सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर, निष्पक्ष और निर्दलीय होकर उनके खिलाफ आगे आना चाहिए जिससे समाज में एकता का माहौल बढ़े। इस संदेश को प्रसारित करते हुए मै सभी सम्मानित नागरिकों से यह अपील करता हूं कि हम सभी एक-दूसरे के साथ सहानुभूति व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ रहें। हमारे समाज को सांप्रदायिक ताकतों और विभाजनकरियों से बचाने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। इस प्रकार, हम सभी मिलकर एक सद्भावना व आपसी प्रेम से भरा हुआ समाज बना सकते हैं, जो विकास, खुशहाली, और एकजुटता की ताकत के माध्यम से एक सुनहरे भविष्य की ओर प्रगति करेगा।

# लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्श इंडिया/ सोनीपत/रमेश कुमार**

**7 अगस्त,** 2023 को लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में दो दिवसीय सोनीपत डिस्ट्रिक्ट जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ । इस अवसर पर सोनीपत के मेयर निखिल मदान, विदयालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, एडमिन ऑफिसर विवेक कुमार, समाजसेवी ललित पँवार, लर्निंग यार्ड स्कूल की डाइरेक्टर अर्चना शर्मा, रमेश बजाज, संजय सिंगला, जिम्नास्टिक संघ के सचिव



ओ॰पी॰ सैनी, कोच सीमा शर्मा एवं अन्य गणमान्य ब्यक्ति उपस्थित थे । प्रतियोगिता का शुभारंभ मेयर निखिल मदान के कर कमलों द्वारा किया गया । सर्वप्रथम विदयालय प्रसाशन द्वारा अतिथिगणों को एक-एक प्लांटर देकर उनका अभिनंदन किया । तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने जिम्नास्टिक के विभिन्न व्यायामों की एक शानदार प्रस्तुति देकर सभी दर्शको को मंत्र मुग्ध किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिम्नास्टिक संघ सोनीपत द्वारा किया जा रहा है । प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न विदयालयों से लगभग 150 खिलाड़ी निम्न आयुवर्ग भाग ले रहे है । मेयर निखिल मदान ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनके जोश एवं उत्साह की प्रशंसा की।

विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी।

# मुख्यालय पर होने वाले महापड़ाव में कर्मचारी लेंगे बढ़-चढ़कर भाग



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र /लाडवा (दलबीर मलिक** )आज वाटर वर्क्स सी एच सी लाडवा पर जानकारी देते हुए जिला सचिव हरियाणा कर्मचारी महासंघ अमरीक सिंह चड्ढा ने बताया कि ट्रेड यूनियन अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ एवं हरियाणा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर जिला मुख्यालय कुरुक्षेत्र पर 9 व 10 अगस्त को 24 घंटे के लिए महापड़ाव के कार्यक्रम में हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित सभी विभागीय संगठनों का एक-एक पदाधिकारी साथी बढ़ चढ़कर भाग लेगा जिसमें मुख्य मांग पुरानी पेंशन बहाली, ठेका प्रथा बंद करना व समान काम समान वेतन लागू करना, न्यूनतम वेतन 26000 रुपए लागू करो, बिजली बिल 2023 वापस लो, सार्वजनिक व सरकारी क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाओ आदि की मांग की।

# हरियाणा में जनता का मन पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में: ओमवीर सिंह पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत जन जन के प्रिय नेता जननायक राहुल गांधी की सोच को जन जन तक पहुचाते हुये एव कांग्रेस की राष्टीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी स्वच्छ छवि व सभी वर्गों की लोकप्रिय नेता बहन कुमारी शैलजा के निर्देशानुसार आज अपने जनसपंर्क अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की सनोली रोड़ स्थित बलजीत नगर के जगदम्बा पब्लिक स्कूल में जनसभा का आयोजन किया गया।



जिसमे वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर सिंह पवार कार्यक्रम मे पहुचने पर कार्यकताओं द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया । उपस्थिय कॉलोनीवासियों को सम्बोधित करते हुये ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार पूरी तरह से हरियाणा में फेल हो चुकी है।

भ्रष्टाचार का चारो तरफ बोलबाला हो रहा है । भाजपा नेता झूठ बोलने व जुमला फेकने में माहिर है लेकिन जनता अब इनके झूठ को समझ चुकी है।

# पटवारियों ने 10 अगस्त से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुछ समस्याओं के चलते दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा ने 10 अगस्त से हड़ताल पर जाने का निर्णय ले लिया था जिसका संज्ञान लेते हुए उपायुक्त कुरुक्षेत्र ने एसोसिएशन के जिला एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारियों को अपने कार्यालय में बुलाकर सभी समस्याओं पर विस्तार से बातचीत की और आश्वस्त किया कि आपकी जो भी विभागीय समस्याएं हैं उनका सकारात्मक हल निकाल दिया जाएगा इसलिए दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा ने 10 अगस्त से की जाने वाली हड़ताल के निर्णय को वापस ले लिया है।

# 2000 तुलसी के पौधे बच्चों में बांटे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**सबको रोशनी** फाउंडेशन महिला विंग ने एसडीवीएम जूनियर विंग में लगभग 2000 तुलसी के पौधे सभी बच्चों में बांटे और उनको प्रेरणा दी है, कि वह अपने अपने घर जाकर अपने हाथों से तुलसी का पौधा लगाएं, सावन के महीने में तुलसी के पौधे का बहुत महत्व होता है पौधे तो वैसे भी पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलता है जो हमारी सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है तुलसी की हम पूजा करते हैं तुलसी के पत्तों की चाय पीने से हमारी बहुत सी बीमारियां दूर होती है देखा जाए तो तुलसी जी पर्यावरण की दृष्टि से धार्मिक दृष्टि से और औषधि रूप में भी काम आती है। एसडीवीएम



जूनियर विंग ने प्रोजेक्ट को करने में पूरी सहायता की और समय-समय पर पहले भी से एचडीवीएम के बच्चों द्वारा सबको रोशनी फाउंडेशन के कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। इसके लिए सबको रोशनी फाउंडेशन की अध्यक्ष आरती सिंगला, महासचिव सीमा अग्रवाल ,मेंबर पूजा तुली ने शिवानी खंडोला को बहुत-बहुत धन्यवाद दीया सभी टीचर्स को पौधे बाटे ऋतु विज, सविता गुप्ता, गुरलीन, करुणा गर्ग, सोनिया मक्कार, ईशा सोधी, कुसुम, रश्मि अग्रवाल, अंजली आहूजा, वीना दहिया, सुनीता सिंह , परवीन खुराना, नेहा, अंकित शर्मा आदि। प्रिंसिपल शिवानी खंडोला ने बहुत सी महत्वपूर्ण बातें बताई जैसे की सभी टीचर्स साथ ही बच्चे तुसली के पौधे की सुरक्षा करेंगे इसकी पूरी देख भाल करेंगे। तुलसी का पौधे का अपना बहुत बड़ा महत्व है इसके बहुत फायदे हैं। हम सभी को अपने घर तुलसिंका पौधा जरूर लगाना चाहिए।

# राधेश्याम ने आप जिलाध्यक्ष लीगल सेल वार्ड 24 के लिए अपना दावा मजबूत किया

## एडवोकेट राधेश्याम यादव ने केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी ज्वाइन की थी



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**आम आदमी** पार्टी जिला अध्यक्ष लीगल सेल एडवोकेट राधेश्याम यादव ने वार्ड 24 के लिए आम आदमी पार्टी की टिकट पर उम्मीदवारी का दावा पेश किया। ज्ञात रहे एडवोकेट राधेश्याम यादव के पिता भी पूर्व पार्षद रह चुके हैं 10 साल पहले यह वार्ड में समाज सेवा कर चुके है। आम आदमी पार्टी प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेट्री सुखबीर मलिक अपनी टीम के साथ ने वार्ड 24 में आकर एडवोकेट राधेश्याम के पार्षद दावे को मजबूती से मीडिया को बताया। उन्होंने कहा एडवोकेट राधेश्याम यादव 3 से 4 साल पहले अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी ज्वाइन को थी । उन्हीं मुद्दों को आगे बढ़ते हुए आज उन्होंने वार्ड 24 के गंभीर हालात को देखते हुए इसे सुधारने का बीड़ा उठाया है। एडवोकेट राधेश्याम यादव ने बताया इस वार्ड की जनसंख्या लगभग 50 से 60 हजार है और वोटर 15000 है। 5 साल कांग्रेस का पार्षद और मौजूदा साडे 4 साल बीजेपी के पार्षद ने कुछ नहीं किया। शिक्षा को प्राइवेट धंधा बना दिया है एक लेबर क्लास व्यक्ति जो 10000 कमाता है वह कहां से स्कूल की फीस देगा कहां से बिजली के बिल देगा कहां से खाना खाएगा? इससे पहले सुखबीर मलिक ने आसन कला में बिजली आंदोलन के दौरान लोगों और जनता के साथ चर्चा की बिजली 300 यूनिट फ्री होनी चाहिए कि नहीं होनी चाहिए लगभग 99% लोगों ने इसमें हामी भरी है। बिजली आंदोलन में भी बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है इस मौके पर राजकुमार मुंडे ,देवन सलूजा, प्यारेलाल गुप्ता मुकेश शर्मा और मनमोहन सिंह शामिल रहे।

# कराटे प्रतियोगिता में भागो देवी व नकुल ने जीता गोल्ड मेडल

## प्रतियोगिता में पानीपत से करीब 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**कुरुक्षेत्र में** हरियाणा खेल कराटे संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भागो देवी व नकुल ने जीता गोल्ड मेडल। इस प्रतियोगिता में पानीपत से करीब 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें 2 गोल्ड, 4 सिल्वर व 15 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल 21 मेडल जीते।

आप को बता दें कि हरियाणा खेल संघ द्वारा 4 व 5 अगस्त को कुरुक्षेत्र में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में प्रदेशभर के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें पानीपत से करीब 55 खिलाड़ियों



का दल भाग लेने पहुंचा। जहां इन्होंने 21 मेडल प्राप्त किए। यह जानकारी देते हुए जिला महासचिव अंकित जागलान ने बताया कि हमारे खिलाड़ियों ने कराटे प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 21 मेडल प्राप्त किए। जिनमें 2 गोल्ड मेडल,4 सिल्वर व 15 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का चयन नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है। कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देने में प्रीति जागलान, रवि कुमार, निर्वेश, मकलित सिंह रहे। इस दौरान इन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली कराटे प्रतियोगिता के लिए भी सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी इस दौरान सभी विजेता खिलाड़ियों को पानीपत कराटे संघ के जिला प्रधान सचिन शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। और इसके साथ ही विजेता खिलाड़ियों को नेशनल प्रतियोगिता के लिए भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों के अभिभावकों को भी सलाह दी।

# 'जनता के आशीर्वाद से विधायक बनकर करूंगा ग्रामीण हलके की जनता की सेवा'

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया। पानीपत** ग्रामीण हलके के लोकप्रिय नेता विजय जैन ने सोमवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव हड़ताडी व नांगल खेड़ी में जनसभाओं को संबोधित किया। गांव में पहुंचने पर भाई विजय जैन का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। विजय जैन ने कहा कि वे राजनीति में समाज सेवा के लिये आये है और पानीपत ग्रामीण हलके के गांवों व कालोनियों का दौरा करके लोगों की समस्याओं से रूबरू हो रहे है ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण करवाया जा सके। जैन ने कहा कि वे ग्रामीण हलके की जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरेंगे। जनता के आशीर्वाद व प्यार से पानीपत ग्रामीण से विधायक बनकर हलके की जनता के बीच में रहकर लोगों की सेवा करने का काम करेंगे। वहीं पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा है विजय जैन लोगों की सेवा करने के लिये ही राजनीति में आये है और निरंतर हलके के लोगों के बीच जाकर उनके सुख दुख में शामिल हो रहे है। इस अवसर पर गांव हड़ताडी के पूर्व सरपंच हवा सिंह कश्यप, पूर्व सरपंच रणजीत सिंह, मुकेश कुमार ,जसमेर सिंह, सुरजीत सिंह, बलजीत कश्यप ,गांव नांगल खेड़ी के पूर्व सरपंच राजबीर सिंह, आजाद सिंह मलिक ,सत्य प्रकाश गर्ग, कुलदीप शर्मा ,जगदीश शर्मा, प्रेम गर्ग ,रायसिंह, आनंद सिंह कादियान , सुनील बुडशाम, बलदेव अरोड़ा हनुमान आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दिल्ली में आशियाना बनाना हो सकता है महंगा

- दिल्ली सरकार का अन्नदाताओं को तोहफा, मानी किसानों की मांग, बढ़ाया सर्किल रेट

**फैसला**

⏩ 2008 के बाद इसे बढ़ाया जा सकता है। फिलहाल दिल्ली के एलजी के पास ये फाइल भेजी गई है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सर्किल रेट बढ़ाने का फैसला लिया है। 2008 के बाद इसे बढ़ाया जा सकता है। फिलहाल दिल्ली के एलजी के पास ये फाइल भेजी गई है। एलजी के फैसले के बाद ही नए सर्किल रेट लागू होंगे। इसका लाभ किसानों को खासकर उस समय मिलेगा, जब सरकार किसी मामले में उनकी जमीन अधिग्रहित करेगी।

**अभी तक कितना था सर्किल रेट:** किसानों का अभी सर्किल रेट 53 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से मिल रहा था, जो स्थानीय रेट से बहुत कम था। अब जमीन का अलग-अलग सर्किल रेट हो सकता है। साउथ और नई दिल्ली में सबसे अधिक 5 करोड़ प्रति एकड़ रखा गया है। अन्य जिलों में सर्किल रेट 3 करोड़ और ढाई करोड़ प्रति एकड़ रखा गया है। वहीं, 3 करोड़ प्रति एकड़ उत्तरी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली और दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली में सर्किल रेट रखा गया है।

**एलजी की स्वीकृति का इंतजार:** दिल्ली सरकार की राजस्व मंत्री आतिशी ने बताया कि सर्किल रेट में बढ़ोतरी को सीएम केजरीवाल ने स्वीकृत कर दिया है। साथ ही आतिशी ने बताया कि नए सर्किल रेट की पूरी लिस्ट एलजी की स्वीकृति के बाद जारी की जाएगी।

आतिशी ने ट्वीट कर लिखा कि सरकार ने दिल्ली के किसानों की जमीन के सर्किल रेट में बदलाव करने का फैसला लिया है। 15 सालों से चले आ रहे 53 लाख/एकड़ की तुलना में सरकार ने इसे 2.5 करोड़ से 5 करोड़/एकड़ तक बढ़ाने का फैसला किया है। ताकि किसानों को अपनी जमीनों का वाजिब दाम और मुआवजा मिल सकें। वहीं दिल्ली सीएम केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा कि दिल्ली के किसानों की ये बहुत समय से मांग थी कि उनकी खेती की जमीन के रेट बढ़ाये जायें। कुछ वर्ष पहले हमने बढ़ाये भी थे पर उस कुछ कारणों से लागू नहीं हो पाये। आज मुझे दिल्ली के अपने सभी किसान भाइयों को बताते हुए खुशी हो रही है कि हो रही है कि आपकी ये मांग पूरी हुई। आपका बेटा आपके हित के लिए हमेशा काम करता रहेगा।






## किसानों को भूमि अधिग्रहण के दौरान सही मुआवजा मिलेगा

**दिल्ली** में कृषि भूमि के सर्किल रेट बढ़ाने को लेकर सोमवार को राजस्व मंत्री आतिशी ने सचिवालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा किसानों के हक में बहुत बड़ा फैसला लिया गया है। सरकार के इस फैसले के तहत दिल्ली में 2008 के बाद पहली बार किसानों की कृषि भूमि के सर्किल रेट में बदलाव किया जाएगा और इससे किसानों को बहुत फायदा होगा। राजस्व मंत्री ने बताया कि 2008 से अबतक दिल्ली में कृषि भूमि का सर्किल रेट मात्र 53 लाख रुपए प्रति एकड़ था। इस वजह से किसान जब अपनी जमीन बेचना चाहते हैं तो उन्हें उसका उचित दाम नहीं मिलता है। साथ ही जब दिल्ली सरकार विभिन्न विकास कार्यों जैसे सड़कें-फ्लाईओवर, यूनिवर्सिटी-अस्पताल बनाने के लिए किसानों की जमीन का अधिग्रहण करती है तो किसानों को अधिसूचित सर्किल रेट 53 लाख रुपए प्रति एकड़ के अनुसार ही मुआवजा मिलता है, जो मौजूदा मार्केट रेट के हिसाब से कम है। राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि कृषि भूमि का सर्किल रेट कम होने से किसानों को नुकसान होने के साथ ही दिल्ली सरकार को भी नुकसान होता है। क्योंकि जब किसानों को उनकी जमीन का कम मुआवजा मिलता है तो वे सरकारी प्रोजेक्ट के लिए अपनी जमीन नहीं देना चाहते हैं। ऐसे में कई बार मामला कोर्ट तक जाता है और लंबे समय तक केस चलता है। इस वजह से बहुत से विकास कार्यों कोपूरा करने में देरी हो जाती है। चूंकि अब सर्किल रेट में नए बदलाव किए गए हैं। इसके बाद अब दिल्ली के किसानों को भूमि अधिग्रहण के दौरान सही और जायज मुआवजा मिल सकेगा।

# मुनक नहर में मोर्टार शेल मिलने से सनसनी



**जांच जारी**

⏩ नहर में नहा रहे एक युवक के पैर में मोर्टार का हिस्सा लगा था। पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी उत्तरी** जिला के समयपुर बादली इलाके में स्थित मुनक नहर में मोर्टार शेल मिलने से सनसनी फैल गई। नहर में नहा रहे एक युवक के पैर में मोर्टार का हिस्सा लगा था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। सेना के इस्तेमाल में आने वाले मोर्टार के मिलने की सूचना स्पेशल सेल, एफएसएल टीम और सेना को दी गई है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस अधिकारी का कहना है कि यह खोखला है, मगर एहतियात के तौर पर इसके निस्तारण के लिए सभी सावधानियां बरती जा रही हैं। नहर में नहाते वक्त एक युवक का पैर किसी भारी वस्तु में टकराया। उसने वहां नहा रहे अन्य लोगों को इसकी जानकारी देने के बाद उसे बाहर निकला। मोर्टार सेल के बाहर निकलते ही सभी लोग दंग रह गए। कुछ ही देर में वहां लोगों का जमावड़ा लग गया। इसी बीच समयपुर बादली थाना पुलिस को भी इसकी जानकारी मिली और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस से लोगों को संदिग्ध वस्तु के पास से दूर हटाया। इसकी जानकारी आला पुलिस अधिकारियों को दी गई। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि मुनक नहर में मिली संदिग्ध वस्तु पुराना मोर्टार सेल है, जो अंदर से खोखला है।

# दिल्ली में तेजी से फैल रहा डेंगू

**सावधानी बरतें**

⏩ मरीजों की संख्या बढ़कर 348 पहुंची, दिल्ली में एक पिछले सप्ताह में 105 केस सामने आए




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाढ़** के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में डेंगू का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। हर रोज डेंगू के नए मरीज सामने आ रहे हैं। डेंगू के मामलों में बढ़ोत्तरी का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि दिल्ली में एक पिछले सप्ताह में 105 केस सामने आए हैं।

**डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ी:** अब दिल्ली में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 348 पहुंच गई है। जुलाई महीने में अकेले 121 केस दर्ज किए। बता दें कि छह सालों में जनवरी 2023 से लेकर पिछले सप्ताह तक छह साल में सबसे अधिक 348 डेंगू के मरीज सामने आए हैं। खास बात है कि इस साल दिल्ली में भारी बारिश और बाढ़ के कारण मरीजों में अधिक इजाफा देखने को मिला है।

**जुलाई में आए थे 121 केस:** एमसीडी की रिपोर्ट में कहा गया कि एक जनवरी से 28 जुलाई की अवधि में मलेरिया के 72 मामले दर्ज किए गए। जुलाई में अब तक सामने आए डेंगू के मामलों की संख्या 121, जून में 40 और मई में 23 थी। दिल्ली में 2022 में इसी अवधि (1 जनवरी-28 जुलाई) में डेंगू के 169 मामले, 2021 में 52, 2020 में 31, 2019 में 40 और 2018 में 56 मामले दर्ज किए गए।

**इन बातों का रखें ध्यान:** घर के आसपास पानी न जमा होने दें। घर में रखे गमलों, कूलर, रखे हुए टायर में पानी भर जाए तो इसे तुरंत निकाल दें। मच्छर न होने पाएं इसके लिए साफ-सफाई का खास ख्याल रखें।

# शब्बीर शाह की जमानत याचिका पर एनआईए को नोटिस

**सुनवाई**

⏩ जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली बेंच ने 12 सितंबर को अगली सुनवाई का आदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में जेल में बंद अलगाववादी नेता शब्बीर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए एनआईए को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली बेंच ने 12 सितंबर को अगली सुनवाई का आदेश दिया। दिल्ली का पटियाला हाउस कोर्ट शब्बीर शाह की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। शब्बीर शाह ने पटियाला हाउस कोर्ट के इस आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने शब्बीर शाह की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि ये एक गंभीर अपराध है, जिसमें पाकिस्तान समेत दूसरे देशों से कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए टेरर फंडिंग को अंजाम दिया गया। इस अपराध में शब्बीर शाह ने खासी भूमिका निभाई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शब्बीर शाह के वकील से पूछा था कि आप अपने मुवक्किल से पूछिए कि क्या उसका न्यायपालिका पर भरोसा है। इसके जवाब में शब्बीर शाह के वकील ने कहा कि उसका न्यायपालिका पर भरोसा है। ईडी के मुताबिक शब्बीर शाह जमात-उद-दावा के प्रमुख हाफिज सईद के भी संपर्क में था।


# खुद को अराजक कहने वाले मुख्यमंत्री पर नियंत्र□ा जरूरी- हरदीप सिंह पुरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राज्यसभा में सोमवार को दिल्ली सरकार की कार्य पद्धति पर सवाल उठाए और कहा कि इस राज्य के मुख्यमंत्री सार्वजनिक तौर पर स्वयं को अराजक स्वीकार कर चुके हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उनके ही मुख्य सचिव से दुर्व्यवहार किया गया। ऐसे में उनके हाथ में सत्ता के सारे अधिकार दिया जाना जनहित में नहीं है। हरदीप सिंह पुरी ने राज्यसभा में कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र की योजनाओं को राज्य में लागू होने नहीं देती। इसका सबसे बड़ा उदाहरण आयुष्मान भारत योजना है। इसके अलावा भागीदारी में लाई जा रही योजनाओं को अनुमति या फिर फंड मुहैया नहीं कराती। दिल्ली सरकार के मंत्री रहते सोमनाथ भारती के विदेशी नागरिक के साथ की गई अभद्रता की गई तो इश्तिहार जारी न करने पर मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में आप के सांसदों ने मुख्य सचिव के साथ मारपीट की। उन्होंने राज्य के शासन व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 70 लाख का सामान खरीदने के लिए करोड़ों रुपए के इश्तहार दे दिए गए। 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा पिछले 3 सालों में इश्तिहार पर खर्च किया गया जबकि रैपिड ट्रांसिट के लिए दिल्ली सरकार के पास पैसे नहीं थे।



# बदमाशों के दो गुट भिड़े, एक-दूसरे पर बरसाए डंडे



**कातिलाना हमला**

⏩ चाकू से हमला कर दिया

⏩ तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, एक की मृत्यु

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में बदमाशों के दो गुट आपस में भिड़ गए। एक गुट ने दूसरे गुट के तीन युवकों पर लाठी डंडे और चाकू से हमला कर दिया। तीनों को गंभीर हालत में पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वही दो घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने हत्या और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है और फरार तीन आरोपियों की तलाश कर रही है। मृतक की शिनाख्त रितिक के रूप में हुई है।

वहीं घायलों की पहचान सोनू और प्रशांत के रूप में हुई है। करीब चार बजे खिजराबाद के खोली पार्क के पास दो गुटों में चाकूबाजी होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पुलिस को तीन युवक घायल अवस्था में मिले। पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने रितिक को मृत घोषित कर दिया। वह सर्वेंट क्वार्टर न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। परिवार में पिता सनोज के अलावा अन्य सदस्य है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रितिक पर सात आपराधिक मामले दर्ज थे।

जांच में पुलिस को पता चला कि रितिक अपने दो दोस्त सोनू और प्रशांत के साथ बाइक पर खजीराबाद से सीवी रमन मार्ग की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक लड़के ने रितिक को रोका और उससे मारपीट करने लगा। वह रितिक पर शाहरुख के भाई पर हमला करने का आरोप लगा रहा था।

इसी दौरान शाहरुख, शोएब और मासूम लाठी डंडे और चाकू लेकर आ गए। तीनों ने रितिक और उसके दोस्तों पर डंडे और चाकू से हमला कर दिया। रितिक की छाती, गर्दन और पेट पर चाकू लगे हैं। पुलिस मौके से साक्ष्य जुटा कर मामले की छानबीन कर रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगालकर हमलावरों के ठिकाने के बारे में पड़ताल कर रही है।

# आरएमएल अस्पताल के गेट पर जाम होने के कारण गई महिला की जान




**जाम की परेशानी**

⏩ जाम के कारण गेट से डॉक्टर, मरीज, तीमारदारों को अंदर-बाहर आने जाने में परेशानी हो रही थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आरएमएल** अस्पताल के गेट पर ई-रिक्शा वालों की जाम की वजह से एक बुजुर्ग महिला ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। करीब साढ़े आठ बजे कार में एक बुजुर्ग महिला को लिए परिवार गोल मार्केट की तरफ से डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के गेट नंबर छह की तरफ आया। महिला की हालत काफी खराब थी, उसे इमरजेंसी में ले जाना था, लेकिन गेट के बाहर ही ई-रिक्शा वालों ने जाम लगा रखा था। काफी देर तक कार चालक अस्पताल के अंदर जाने की कोशिश करता रहा, इस बीच बुजुर्ग महिला की हालत काफी गंभीर हो गई और कुछ समय बाद मौत हो गई। परिजन डॉक्टरों के दिखाए बिना घर लौट गए।

**गेट पर अतिक्रमण से गंभीर मरीजों को होती है परेशानी:** यह अकेली घटना नहीं हैं। अस्पताल के गेट पर ई-रिक्शा, रेहड़ी, पटरी व अन्य लोगों के अतिक्रमण के कारण मरीजों को तुरंत अस्पताल में पहुंचाने में देरी होती है। नई दिल्ली के प्रमुख अस्पताल के प्रवेश द्वार की पड़ताल की और पाया कि अस्पतालों के गेट पर ई-रिक्शा, ऑटो व रेहड़ी-पटरी वालों का कब्जा है। वहीं इन अस्पतालों में आने मरीजों ने बताया कि सोमवार से शनिवार तक ओपीडी भी चलती हैं, इन दिनों स्थिति और भी खराब हो जाती है।

**लोकनायक का स्त्री एवं प्रसूति विभाग:** अस्पताल के बाहर ऑटो वालों का कब्जा था। मुख्य गेट भीड़ के कारण एंबुलेंस को भी अंदर जाने में परेशानी हुई। वहीं विभाग में जाने वाली गर्भवती महिला, उनके साथ आने वालों को भी दिक्कत होती है, जबकि जाम के कारण दिल्ली गेट की तरफ से आने वाले वाहनों को भी आधे सड़क पर चलने की जगह मिल पाती है।

**जीबी पंत अस्पताल:** मुख्य सड़क से अस्पताल की गेट तक आने वाली रोड पर ही ऑटो, रेहड़ी-पटरी वाले व अन्य ने कब्जा कर रखा था। इस दौरान दो एंबुलेंस भी मौके से गुजरी, लेकिन ई-रिक्शा व ऑटो के कारण कुछ देर रुकना पड़ा। **आरएमएल अस्पताल का गेट नंबर छह:** गेट पर ई-रिक्शा वालों का जाम था। जाम के कारण गेट से डॉक्टर, मरीज, तीमारदारों को अंदर-बाहर आने जाने में परेशानी हो रही थी।

# विजय नायर ने हाई कोर्ट में डिफॉल्ट जमानत याचिका दायर की

**मांग**

⏩ डिफॉल्ट जमानत का अधिकार तभी मिलता है, जब जांच एजेंसी कानून के मुताबिक तय समय सीमा के भीतर जांच पूरी नहीं करती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में विजय नायर ने दिल्ली हाई कोर्ट में डिफॉल्ट जमानत याचिका दायर की है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा कल मंगलवार को डिफॉल्ट जमानत याचिका पर सुनवाई करेंगे। इसके पहले हाई कोर्ट विजय नायर की नियमित जमानत याचिका खारिज कर चुका है। हाई कोर्ट से पहले राऊज एवेन्यू कोर्ट भी विजय नायर की जमानत याचिका खारिज कर चुका है।

डिफॉल्ट जमानत का अधिकार तभी मिलता है, जब जांच एजेंसी कानून के मुताबिक तय समय सीमा के भीतर जांच पूरी नहीं करती। ईडी ने 6 जनवरी को आबकारी घोटाला मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें 5 व्यक्तियों और 7 कंपनियों के नाम हैं। चार्जशीट में ईडी ने विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, शरद चंद्र रेड्डी, विनय बाबू और अमित अरोड़ा को आरोपित किया है। इसके पहले कोर्ट ने 20 दिसंबर, 2022 को ईडी की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। ईडी ने 26 नवंबर, 2022 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने विजय नायर और अभिषेक बोइनप्ली को 13 नवंबर, 2022 को गिरफ्तार किया था।

**खुलासा** एसीबी ने आरोपी अथॉरिटी इंस्पेक्टर को करोड़ों की रिश्वत देने वाले दलाल जसप्रीत सिंह कठूरिया उर्फ रिसू को गिरफ्तार किया

# बुराड़ी अथॉरिटी में ऑटो परमिट घोटाला: 70 केसों में जिंदा कर दिए 30 मृत ऑटो चालक

**शिकंजा**

⏩ जांच के लिए सिर्फ 200 फाइलें ली हैं। वर्ष 2021 में 5500 ऑटो के परमिट ट्रांसफर किए गए थे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बुराड़ी** अथॉरिटी में ऑटो परमिट अवैध तरीके से किसी और के नाम ट्रांसफर कराने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने इस मामले की शुरूआत में जिन 70 केसों की जांच की है उनमें 30 मृत ऑटो चालकों को जिंदा करने की बात सामने आई है। एसीबी ने शुरूआती में जांच के लिए सिर्फ 200 फाइलें ली हैं। वर्ष 2021 में 5500 ऑटो के परमिट ट्रांसफर किए गए थे। इसके अलावा एसीबी ने आरोपी अथॉरिटी इंस्पेक्टर को करोड़ों की रिश्वत देने वाले दलाल जसप्रीत सिंह कठूरिया उर्फ रिसू को गिरफ्तार किया है। जांच में यह बात सामने आई है कि दलाल रिसू ही मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर सुरेश कुमार (59) को ऑटो परमिट अवैध तरीके से ट्रांसफर करने के लिए सीधी रिश्वत देता था। वह इंस्पेक्टर सुरेश कुमार को एक ऑटो परमिट के 25 से 28 हजार रुपये देता था। ये साफ हो गया है कि 30 ऑटो परमिट अवैध रूप से ट्रांसफर कराने के लिए दलाल ने 90 लाख से ज्यादा रुपये इंस्पेक्टर को दिए थे। ये तो शुरूआती 30 केसों की बात है। जांच पूरी होने पर रिश्वत की कुल रकम का पता लगेगा। एसीबी प्रमुख मधुर वर्मा ने बताया कि एसीबी ऑटो परमिट ट्रांसफर की जांच कर रही है। एसीबी ने दलाल जसप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब कुल 15 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। जल्द ही पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जाएगा।



**हाईकोर्ट के आदेश पर जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक शाखा:** ऑटो के परमिट में हेराफेरी के मामले सामने आने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद एसीबी ने मामला दर्जकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्वेता सिंह चौहान, एसीपी जरनैल सिंह व इंस्पेक्टर लक्ष्मी की टीम ने जांच शुरू की थी। जांच में एसीपी जरनैल सिंह को पता लगा कि बुराड़ी अथॉरिटी में ऑटो परमिट अवैध रूप से बड़े पैमाने पर किए जा रहे हैं। ये बड़ा रैकेट है। एसीबी ने इस रैकेट का पदार्फाश कर अथॉरिटी के एक वाहन इंस्पेक्टर सुरेश कुमार,10 हाई प्रोफाइल ऑटो फाइनेंसर्स और डीलर्स तथा 3 दलालों समेत कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार था। एसीपी जनरैल सिंह व इंस्पेक्टर लक्ष्मी की टीम ने इसके बाद अब दलाल जसप्रीत सिंह कठूरिया को गिरफ्तार किया है। उसे रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**ऑटो मालिक के फर्जी हस्ताक्षर करता था दलाल:** एसीबी अधिकारियों के अनुसार दलाल जसप्रीत ने खुलासा किया है कि वह ऑटो परमिट ट्रांसफर के लिए सेल लेटर पर ऑटो मालिक के खुद ही फर्जी हस्ताक्षर करता था। एसीबी शुरूआत में जिन 70 केसों की जांच कर रही है उनमें से 30 पता लगा कि ऑटो मालिक व परमिट धारक की पहले ही मौत हो चुकी है। इन लोगों ने ऑटो चालक को जिंदा बताकर उसके परमिट ट्रांसफर सेल लैटर पर फर्जी हस्ताक्षर परमिट किसी के नाम ट्रांसफर करा लिया।

## न्यूज फ्लैश

### आधुनिकता, जवाबदेही और पारदर्शिता से सहकारिता आंदोलन को मिलेगा बल: शाह

**लखनऊ:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पुणे में सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक (सीआरसीएस) कार्यालय के डिजिटल पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि, आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही के बिना सहकारिता आंदोलन को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। सहकारिता आंदोलन की स्वीकृति बढ़ाने के लिए पारदर्शिता बढ़ानी होगी और जवाबदेही तय करनी होगी। पारदर्शी व्यवस्था ही देश के करोड़ों लोगों को सहकार के साथ जोड़ सकती है। शाह का स्पष्ट मानना है कि बहु-राज्य सहकारिता समिति को संचालित करने वाले सेंट्रल रजिस्ट्रार कार्यालय के कार्य पूर्णत: डिजिटल होने से सहकारी क्षेत्र में व्यापार में सुगमता आएगी। सहकारी समितियों के सभी काम जैसे नई शाखा खोलना, दूसरे राज्य में विस्तार करना या ऑडिट करना, ये सभी कार्य ऑनलाइन संभव होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकार से समृद्धि के मंत्र को साकार करने और सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए सहकारिता मंत्रालय ने देश भर में अनेक पहल की है। इसी कड़ी में सहकारी क्षेत्र में व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए बहु-राज्य सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक कार्यालय का कंप्यूटरीकरण करने का उल्लेखनीय कदम उठाया गया है। इस पहल के मुख्य उद्देश्यों में पूरी तरह से कागज रहित व्यवस्था लागू करना, बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम और सॉफ्टवेयर के माध्यम से नियमों का स्वचालित अनुपालन सुनिश्चित करना, व्यापार में सुगमता को बढ़ाना, डिजिटल संचार को सक्षम करना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना शामिल है। इस पोर्टल का फायदा देश की 1,555 बहुराज्यीय सहकारी समितियों को मिलेगा। इसके बाद इसी पैटर्न पर राज्यों की सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार के कार्यालयों का भी कंप्यूटरीकरण करने की दिशा में बात चल रही है, जिससे देश भर की 8 लाख सहकारिता समितियों के साथ संवाद सुगम बन जाएगा। शाह की दूरदर्शी सोच के तहत पैक्स के माध्यम से सहकारिता आंदोलन को हर गाँव तक पहुँचाने का काम तेजी से चल रहा है। यदि देखा जाए तो पूरे देश में सहकारिता का संस्कार महाराष्ट्र से ही फैला है और यहीं का सहकारिता मॉडल देश भर में सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ा रहा है। इसलिए सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक कार्यालय को पूरी तरह डिजिटल करने का काम महाराष्ट्र के पुणे में शुरू करना पूरी तरह से प्रासंगिक है। केंद्रीय पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्रेशन, बायलॉज का रजिस्ट्रेशन, उनमें संशोधन, ऑडिटिंग, केंद्रीय पंजीयक द्वारा ऑडिटिंग की मॉनीटरिंग, चुनाव की पूरी प्रक्रिया, विजिलेंस और प्रशिक्षण आदि सभी गतिविधियों को मिलाकर इस पोर्टल को बनाया गया है।

### टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड का इनीशियल पब्लिक ऑफर गुरुवार, 10 अगस्त को खुलेगा

**नोएडा।** टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड ("कंपनी") ने गुरुवार, 10 अगस्त, 2023 को इक्विटी शेयरों का अपना इनीशियल पब्लिक ऑफर ("ऑफर") खोलने का प्रस्ताव रखा है। एंकर निवेशकों के लिए बोली की तारीख बोली से एक कार्य दिवस पहले है। ऑफर खुलने की तारीख, यानी बुधवार, 09 अगस्त, 2023। बोली/ऑफर बंद होने की तारीख सोमवार, 14 अगस्त, 2023 होगी।

ऑफर का प्राइस बैंड 187 रुपए प्रति इक्विटी शेयर से रुपए 197 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 76 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 76 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।

ऑफर में 600 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों की इतनी संख्या का एक नया इश्यू और 14,213,198 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है, जिसमें ओमेगा टीसीहोल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड द्वारा 10,734,565 इक्विटी शेयर, टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा 984,823 इक्विटी शेयर तक, कोटक स्पेशल सिचुएशंस फंड द्वारा 100,000 इक्विटी शेयर तक, और टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड द्वारा 100,000 इक्विटी शेयर तक (सामूहिक रूप से, "इन्वेस्टर सेलिंग स्टैकहोल्डर"), और 2,293,810 तक रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुबंध ए के तहत निर्धारित कुछ अन्य विक्रय शेयरधारकों द्वारा इक्विटी शेयर ("अदर सेलिंग स्टैकहोल्डर ") शामिल हैं।

### रॉय के 'सॉरी बोल' विडिओ में सुनिए हिप-हॉप और हरियाणवी पॉप का अनूठा संगम

**करनाल ।** मशहूर गायक अनिर्बान रॉय, जिन्हें रॉय के नाम से भी जाना जाता हैं उनके नए विडिओ में यूके ड्रिल मेलोडी का आस्वाद आप ले सकते है जिसका नाम है 'सॉरी बोल' 'रॉय' ने अपने अनूठे , अनुपम संगीत के माध्यम से 'सॉरी बोल' इस अल्बम में समाज के लिए एक सन्देश देने की कोशिश की हैं जिसमें वफादारी ,विश्वास , एकता और मिलजुलकर रहने का पैगाम दिया है इस गाने को रॉय द्वारा लिखा, गाया और संगीतबद्ध किया गया हैं प्रतिभाशाली जोड़ी अनुराग और अभिषेक ने इसे संगीत दिया है। यह गाने की धुन उसके बोल लोगों के दिलों की गहराई को छुएगा यह लोगों से बिनती करता है कि वह अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करें सदा एक दूसरे का साथ दें अपनी हाई-ऑक्टेन बीट्स और आत्मा को झकझोर देने वाले 'सॉरी बोल' इस गाने ने दोस्ती में धोखा देने पर उसके क्या परिणाम हो सकते हैं इसे स्पष्ट रूप से दशार्या है संगीत जगत में यह विडिओ वफादारी , दोस्ती और विश्वास के संदेश की एक लहर लानेवाला हैं एकता और समझदारी के महत्व को दशार्नेवाला हैं साथ ही अगर कोई दोस्ती के नियमों का पालन नहीं करता तो उसके क्या दुष्परिणाम भोगने पड़ते है।

# कम्पनी मेड वाहनों में बॉडी लेवल तक मिट्टी के भरे वाहनों के चालान न करने की लगाई गुहार

## वाहन चालकों ने राई विश्राम गृह में खनन एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**मिट्टी खनन** करके सप्लाई करने वाले वाहन चालकों ने राई विश्राम गृह में खनन एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा से मुलाकात करके मांग की कि ट्रांसपोर्ट द्वारा पास किये गए कम्पनी मेड वाहनों में बॉडी लेवल तक मिट्टी के भरे वाहनों के चालान न करने की गुहार लगाई। मिट्टी खनन करने वाले सैंकड़ो वाहन चालकों के साथ मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं



वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन भी मौजूद रहे। परिवहन एवं खनन मंत्री ने मिट्टी सप्प्लायरों की बात ध्यान से सुनते हुए आर०टी०ए० को निर्देश दिए कि कई बार बरसात में मिट्टी गीली होकर वजन में ज्यादा हो जाती है ऐसे में बॉडी लेवल तक मिट्टी भरे वाहनों का चालान न किया जाये। मिटटी सप्लायरों ने मिटटी का खनन करके ले जाने वाले वाहनो को ई-रवाना बनाने में आ रही परेशानियों से भी मंत्री को अवगत करवाया।

वाहन चालकों की तरफ से बोलते हुए राजेंद्र सिंह खत्री ने कहा कि हमें ट्रक का ई-रवाना बनाने, थोड़ा सा भी ओवरलोड होने पर चालान करने, प्रेसर हॉर्न का चालान होने की परेशानियाँ झेलनी पड़ रही हैं जबकि ज्यादातर मिट्टी का काम करने वाले कम पढ़े लिखे हैं और छोटा-छोटा परमिट लेकर मिट्टी खनन करके परिवारों का गुजारा कर रहे हैं। ई-रवाना बारे खनन मंत्री ने आश्वाशन दिया कि वह चंडीगढ़ जाकर अधिकारियों से बातचीत करेंगे।

राजीव जैन ने कहा कि छोटे छोटे जमीन के टुकड़ो में खनन करने वाले मिट्टी सप्लायरों के पास रेत की खान तथा पत्थर का खनन करने वाले ठेकेदारों जितना तामझाम नहीं है। इसलिए इनको थोड़ी सी राहत मिलनी चाहिए। इस अवसर पर सुरेंद्र डागर, विजय कुमार, दिलबाग आंतिल, नवीन मलिक, राजेंद्र फौजी, नरेंद्र, मोनू, अमित मलिक, अजय गुमड़, मनोज आदि उपस्थित रहे।

## प्रोफेसर दलजीत कुमार को ट्री मैन अवॉर्ड-2023 से नवाजा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**देशबन्धु गुप्ता** राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार बेहतरीन कार्यो के लिए कल्याणी एजुकेशन ग्रुप द्वारा ट्री मैन अवॉर्ड - 2023 " से नवाजा गया। कल्याणी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन राजेश कुमार और डायरेक्टर संदीप कल्याणी ने बताया कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार के पर्यावरण संरक्षण के कार्यो को देखते हुए ट्री मैन अवॉर्ड -2023 प्रदान किया गया है।राजेश कुमार ने आगे कहा कि प्रोफेसर दलजीत कुमार के पर्यावरण संरक्षण के कार्यो से युवाओं को प्रेरणा मिलती है।इन्होने देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में हर्बल बॉटनिकल गार्डन का निर्माण करके पुरातन आयुर्वेद से जनसाधारण को जोड़ने का बहुमूल्य कार्य किया है इसके साथ ही महाविद्यालय में पक्षी विहार स्थापित करके जीवजंतुओं का संरक्षण कर रहे हैं । डायरेक्टर संदीप कल्याणी ने कहा कि प्रोफेसर दलजीत कुमार के कार्यो से युवाओं में पौधारोपण व हर्बल के प्रति जागरूकता पैदा हो रही है जिसके ध्यानार्थ कल्याणी एजुकेशन ग्रुप इन्हें " ट्री मैन अवॉर्ड - 2023" प्रदान करता है। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज कल्याणी एजुकेशन संस्थान में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण विषय पर जागरूक लिया और " प्रत्येक साल एक पौधा अपने लिए व एक पौधा अपने माँ-बाप के लिए लगाने की युवाओ को शपथ दिलाई। प्रोफेसर दलजीत कुमार ट्री मैन अवॉर्ड-2023 के लिए कल्याणी एजुकेशन ग्रुप का आभार व्यक्त किया।

## विकास कार्यो को लेकर विज ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों को लेकर बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को बरसातों के उपरांत सड़कों की मरम्मत एवं स्ट्रीट लाइटों में सुधार के दिशा-निर्देश दिए। विज ने नगर परिषद अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत के लिए टेंडर एवं अन्य कार्य जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्रों में फेंसी लाइट लगाने के भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सेवा समिति रोड की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। गृह मंत्री ने अधिकारियों से नाइट फूड स्ट्रीट, साइकिल ट्रैक, सुभाष पार्क में ई-लाइब्रेरी बनाने को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र में पड़ने वाली महेशनगर ड्रेन को भी पक्का करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## जिले में डेंगू का बड़ा खौफ, अब तक आए 23 मामले: डॉ. कुलदीप

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) बदलते** मौसम के चलते बिमारियों का भी डर बढ़ गया है। वहीं दूसरी ओर बरसात के कारण जगह जगह पर पानी भरने के कारण मच्छर पैदा हो रहे है। जिससे ढेंगू का डर बन गया है। लेकिन इसके बावजूद भी शहर में जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए निगम की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। इसके साथ ही फोगिंग भी सिर्फ कुछ इलाकों में कि गई है। आज सीएमओ अम्बाला कुलदीप सिंह ने बताया कि डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। अभी तक जिलेभर में डेंगू के लगभग 23 मामले सामने आ चुके है। इसके साथ ही उन्होनें कहा कि घरों के आस पास गंदा पानी इकठ्ठा न होनें दें, कूलर आदि में गंदा पानी जमा न होनें दें इसके साथ ही आस पास बनी नालियों में तेल डालें जिससे मच्छर न पनप सके।

## यादव जन कल्याण समिति ने नीट में उत्तीर्ण तन्नू को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**बादली रोड** पर स्थित यादव धर्मशाला में यादव जन कल्याण समिति बहादुरगढ़ की ओर से नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर तन्नु यादव पुत्री संजय यादव का स्वागत किया गया। समिति सदस्यों की ओर से तनु यादव को 11000 रुपए की माला पहना कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर तनु यादव ने कहा कि यह सब इसकी कड़ी मेहनत और लगन के कारण ही संभव उपाय है इसलिए हर छात्र को चाहिए कि वह पढ़ाई में कोई मेहनत और लगन के साथ तैयारी करें। कोई भी लक्ष्य ऐसा नहीं है जिसे हासिल ना किया जा सके इसलिए छात्र अपने लक्ष्य पर ध्यान



केंद्रित कर कड़ी मेहनत के करते हुए उसे हासिल करें। समिति सदस्यों ने तनु यादव को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि तनु की इस उपलब्धि से पूरा समाज आज खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। तनु की इस उपलब्धि पर समिति सदस्यों ने परिवार के सभी सदस्यों को इसके लिए बधाई दी और तनु के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर यादव सभा के प्रधान अशोक यादव, सतबीर, वीर सिंह, राज सिंह, तरुण, राममेहर, शिवा, परहलाद सिंह, सतवीर यादव, रमेश, रमन यादव पार्षद, कमल यादव, डॉक्टर विकास, राज सिंह, विजय सभी साथियों ने सम्मानित किया और तन्नू व उसके परिवार को बधाई दी।

## लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों का 34वें दिन भी जारी रहा धरना-प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भारतीय मजदूर** संघ के बैनर तले लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठे का आज 34 दिन बीत चुके हैं। परन्तु सरकार अब भी लिपिकिय वर्ग की सही अर्थ मे सुध नहीं लेना चाहती । तथ्यों पर बातचीत ना करना कहीं ना कहीं, सरकार की मंशा पर सवालिया निशान लगाती है। राज्य कमेटी के आह्वान पर प्रदेश के सभी 22 जिलों में धरना स्थल जारी रहा। मंच का संचालन विशाल पटोलिया, सिंचाई विभाग, अम्बाला ने किया। 34 वें दिन जारी धरनास्थल पर चित्रा सरवारा,



उपाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी ने अपने समर्थकों सहित 35400 कि इस मुहिम में अपना समर्थन दिया। इसके अतिरिक्त रिवेन्यू डिपार्टमेंटल कोऑर्डिनेटर जोन (डी.सी. ऑफिस) , अम्बाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, रमेश जांगड़ा तथा जनरल सेक्रेटरी रोडवेज यूनियन जयबीर ने धरनास्थल पर उनके जोशीले अंदाज में धरनास्थल को संबोधित किया। आंदोलन मे शामिल सभी कर्मचारीयों ने अपना विरोध पूरे जोश के साथ धरना स्थल पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। तत्पश्चात सरकार के रूख के प्रति अपना रोष व्यक्त किया।

22 जुलाई से शुरू भूख हड़ताल का आज 17वां दिन था और इस कड़ी में आज जिला अंबाला के डीसी ऑफिस के धरना स्थल पर निष्ठा, यू.एल.बी.विभाग, विनोद कुमार, रविन्द्र कुमार, शिक्षा विभाग, नरेंद्र, पॉलीटेक्निक एवं गुरदीप, कृषि विभाग भूख हड़ताल पर बैठे ।

सरकार की भेदभाव पूर्ण रवैये ने लिपिकिय वर्ग को हड़ताल करने के लिए बाध्य कर रखा है। सरकार, लिपिकीय वर्ग के हकों की वर्षो से अनदेखी करती आ रही है। इनकी मांगों को हर राजनैतिक दल ने हर बार सिर्फ घोषणापत्र तक ही हर बार सीमित रखा गया। जबकि लिपिकीय वर्ग सालों से सिर्फ आश्वासन के भरोसे अपना काम करता रहा।

इनका साथ-इनका विकास पिछली किसी सरकार की प्राथमिकता नहीं रही। वर्तमान सरकार भी इन्हें काम के बदले सही दाम नहीं देना चाहती। लेकिन सरकार जब तक उनकी मांगो को पूरा नहीं करती तब तक वे अपनी हड़ताल जारी रखेंगें।

## साइरस पूनावाला समूह ने केकी मिस्त्री को नीति सलाहकार के रुप मे नियुक्त किया

**जिम्मेदारी**

**केकी मिस्त्री अदार पूनावाला की सभी वित्तीय उद्यम सेवाओं के लिए नीति सलाहकार के रूप में कार्य करेंगे**

**नई दिल्ली।** फार्मास्यूटिकल्स, बायोटेक्नोलॉजी, वित्त, स्वच्छ ऊर्जा, आतिथ्य, निर्माण क्षेत्र, एव्हीएशन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत साइरस पूनावाला समूह ने . केकी मिस्त्री को नीति सलाहकार के रुप मे नियुक्त किया है। .केकी मिस्त्री एचडीएफसी लिमिटेड के सीईओ और वॉयस चेयरमैन का पद संभाल चुकें हैं। केकी मिस्त्री अदार पूनावाला की सभी वित्तीय उद्यम सेवाओं के लिए नीति सलाहकार के रूप में कार्य करेंगे। केकी मिस्त्री के पास वित्तीय क्षेत्र में 4 दशकों का लंबा अनुभव है। भारत के वित्तीय क्षेत्र में मिस्त्री का नाम बहुत आदर से लिया जाता है। मिस्त्री ने 2010 से एचडीएफसी लिमिटेड के सीईओ और उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। उन्होंने एचडीएफसी बैंक के साथ विलय के बाद 30 जून, 2023 से अतिरिक्त गैर-कार्यकारी निदेशक (गैर-स्वतंत्र) की जिम्मेदारी का वहन किया हैं। .मिस्त्री एचडीएफसी एर्गो जनरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। केकी का समूह में स्वागत करते हुए, पूनावाला फिनकॉर्प के अध्यक्ष और सीरम इंस्टीट्यूट के सीईओ आधार पूनावाला ने कहा, "केकी के पास भारतीय वित्तीय सेवा क्षेत्र में संचालन और निर्णय लेने का व्यापक अनुभव है।

## 9 अगस्त से 14 अगस्त तक होगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**नगराधीश हरप्रीत** कौर ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आगामी 9 अगस्त से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी अधिकारी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा आमजन को उनके घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा लगाने के लिए भी कहें।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को हमें इसे एक राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाना है, कार्यक्रम को मनाने के लिए हर भारतीय में जज्बा दिखना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन-बान और शान है। भारत सरकार द्वारा शुरू किये गये इस अभियान को हमें जन आंदोलन का रूप देना है। लोगों में देशभक्ति की भावना पैदा करते हुए सम्मानपूर्वक वे इस अभियान के तहत अपने घरों पर तिरंगा लगाएं, इसके लिए उन्हें प्रेरित भी करना है।

## डिप्टी मेयर ने सफाई व नई स्ट्रीट लाइट को लेकर चिंता जाहिर की

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**नगर** निगम के डिप्टी मेयर राजेश मेहता की अध्यक्षता में राकेश सिंगला, निगम पार्षद, वार्ड न0 19, सरदूल सिंह, निगम पार्षद, वार्ड न0 18 व अन्य सामाजिक नागरिको के साथ कार्यालय नगर निगम अम्बाला में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाने व नई स्ट्रीट लाईटे लगवाने के सन्दर्भ मे बैठक का आयोजन किया। जिसमें राजेश मेहता, डिप्टी मेयर द्वारा अवगत करवाया गया कि नगर निगम अम्बाला शहर में सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।



सफाई कर्मचारी कम होने के कारण कई क्षेत्रों मे सफाई व्यवस्था बहुत ही दयनीय स्थिति में है। जबकि नगर निगम की सदन की पूर्व में हुई कई बैठकों में सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने बारें प्रस्ताव पारित करवाया गया था। जिस पर सदन की बैठक मे उपस्थित निगम अधिकारियों द्वारा भी सहमति जताई थी। परन्तु अभी तक सफाई कर्मचारियों की संख्या नही बढ़ाई गई है। इसके अतिरिक्त नगर निगम अम्बाला शहर के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईट न होने के कारण रात के समय बहुत अन्धेरा हो जाता है। इसके अतिरिक्त जहां-जहां स्ट्रीट लाईटे लगी हुई है, वह भी बहुत पुरानी लगी हुई है और दयनीय हालात में है। जिस कारण रात के समय आमजन को गली में आने-जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तथा हादसा होने का भी भय बना रहता है। सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने के लिये सफाई कर्मचारी बढ़ाने व आवश्यक क्षेत्रों मे स्ट्रीट लाईटे लगवाने हेतु लगभग 2000 नई स्ट्रीट लाईटों की करवाने बारे डिप्टी मेयर, नगर निगम अम्बाला द्वारा आयुक्त, नगर निगम अम्बाला को पत्र भी लिखा गया है।

# 'पटेल नगर से जल्द ही बाकी बची 66केवी लाइनें भी हटेंगी'

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम।**
**पटेल नगर** में घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की बड़ी लाइनों को हटवाने के लिए प्रयासरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल शेष बची दो 66केवी की लाइनों को भी हटवाने के लिए प्रयासरत हैं। सोमवार को इस काम का उन्होंने एक्सईएन से फॉलोअप लिया। उन्हें बताया गया कि इसके लिए टेंडर खोल दिये गये हैं। इस लाइन के जल्द ही हटाए जाने की उम्मीद जगी है। इस लाइन के हटने से सिर्फ पटेल नगर ही नहीं, बल्कि शीतला कालोनी और राजीव नगर के हजारों घरों से टेंशन खत्म होगी। नवीन गोयल ने एक महीने पहले



इस कार्य के लिए बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से मुलाकात की थी। उन्होंने चीफ इंजीनियर को यह लाइन जल्द हटाने के आदेश दिए थे। नवीन गोयल ने सोमवार को एक्सईएन अनिल मलिक से 66केवी लाइन को हटवाने के लिए मुलाकात की। नवीन गोयल ने कहा कि पटेल नगर में घरों के ऊपर से हैवी विद्युत लाइनें गुजर रही थी। कुछ लाइन तो उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से आग्रह करके हटवाई हैं। इससे लोगों का जीवन स्तर सुधरा है। पहले जिन घरों से ये बिजली की लाइनें थी, वे लोग डर

**उम्मीद**

**नवीन गोयल ने कहा कि भले ही इस कार्य में विभागीय कार्यवाही के चलते समय लगा**

के साये में रहते थे। खतरे के कारण उनका अपने ही घरों की छतों पर जाना दुभर हो गया था। हर समय उन्हें अपने सिर पर खतरा नजर आता था। या तो अपने काम-धंधों पर जाना या फिर घरों में ही कैद होकर उन्हें रहना पड़ता था। यह समस्या वर्षों से थी, लेकिन इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया। नवीन गोयल ने कहा कि उन्होंने यहां से बिजली की तारों को हटवाने के लिए लोगों के आग्रह पर काम शुरू किया। लोगों के साथ लेकर भी और व्यक्ति तौर पर भी उन्होंने मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री को इस समस्या के बारे में अवगत कराया। उन्होंने इसके लिए बकायदा बिजली विभाग को अच्छा-खासा बजट भी भिजवाया, ताकि लाइनों को हटाया जा सके। नवीन गोयल ने कहा कि भले ही इस कार्य में विभागीय कार्यवाही के चलते समय लगा, लेकिन काम बेहतर हो चुका है। अब यहां 66केवी की लाइन भी बची हुई है। जिसे हटाना जरूरी है। इसके लिए टेंडर खोल दिए गए हैं। जैसे ही कॉन्ट्रेक्टर आवंटित होगा, वैसे ही इस लाइन को हटाने का काम शुरू हो जाएगा।

## दुकानों में तोड़फोड़ कर उत्पात मचा लूटपाट करने वाले दो नाबालिग सहित 8 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंयिा/ पानीपत**
**पानीपत कृष्णा** गार्डन, इंडो फार्म व उझा रोड पर दुकानों में तोड़फोड़ कर उत्पात मचा लूटपाट करने वाले दो नाबालिग सहित 8 आरोपियों को थाना चांदनी बाग पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गए शरारती तत्वों की पहचान नितेश निवासी साल्वन करनाल हाल भापरा समालखा, सुमित निवासी उझा, साहित निवासी चुलकाना, राहुल निवासी सिवाह, विशाल निवासी नवला कॉलोनी व अंकित निवासी शिमला गुजरान व दो की पहचान



नाबालिग के रूप में हुई। एएसपी मयंक मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम ने रविवार को वारदात की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंच कर सनौली रोड से आरोपी नितेश, सुमित, साहिल, राहुल, विशाल व अंकित को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने एक व्हाट्सएप ग्रुप बना रखा है। जिसमें काफी संख्या में युवक जुड़े हुए है। आरोपियों ने ग्रुप के 8/9 अन्य साथियों के साथ 6 अगस्त को मित्तल मैगा माल के सामने पार्क में बैठकर उत्पात मचाने की योजना बनाई।

## ई-रिक्शा और ग्रामीण सेवा चालकों की मनमानी के चलते लगता है जाम

# पीरागढ़ी चौक पर लगता है लंबा जाम, यात्री परेशान

**टीम एक्शन इंड़िया/नई दिल्ली**
**पश्चिमी दिल्ली** के पीरागढी चौक के आउटर रिंग रोड़ और रोहतक रोड़ पर जाम का लगना हर रोज की बात हो गई है। आउटर रिंग रोड़ होने की वजह से यहां सुबह से रात तक भारी तादाद में ट्रैफिक की आवाजाही लगी रहती है। इसी के साथ ई-रिक्शा व ग्रामीण सेवा चालक बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी करके सवारी उतारते व बैठाते रहते है, जिसकी वजह से न केवल जाम लगता है, बल्कि उन लोगों की जान से भी खिलवाड़ किया जा रहा हैं। आपको बतादें कि इसी चौक से




लोग रोहिणी, पीतमपुरा, जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर, उत्तम नगर, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया की तरफ आते-जाते हैं।

**फ्लाईओवर व मैट्रो रूट बनने के बाद भी जाम जस का तस:** उल्लेखनीय हैं कि पीरा गढ़ी फ्लाईओवर 2002 में बना था, तो मुंडका से इंद्रलोक मेट्रो रूट को बने सालों बीत गए हैं, बावजूद इसके जाम की समस्या जस की तस बनी हुई। सड़कों के आस-पास ठेली, छोटी दुकानें होने की वजह से लोग खरीदारी के लिए रुकते हैं, तो वहीं सड़क के बीच में ई-रिक्शा चालक मनमानी तरीके से रिक्शा खड़ा कर देते हैं, जिससे ट्रैफिक की रफ्तार थम जाती है।



**मंगोलपुरी** में स्थित **त्रिनेत्र सेवक समिति के कोषाध्यक्ष पवन बंसल** ने बताया कि में निहाल विहार रहता हूं और मैं हर रोज मंगोल पुरी जाने के लिए पीरागढ़ी चौक से निकलता हूं, तो सुबह के वक्त मुझे अपने कार्यालय पहुंचने में महज 20 मिनट लगते है, वहीं शाम को घर लौटने में 2 घंटे लग जाते हैं।



शिवराम पार्क में रहने वाले **जगन्नाथ भदोरिया** कहते हैं कि इस चौक पर रेड लाइट 150 सैंकेड तक की होती है। इससे पीछे से आ रहा ट्रैफिक इतना बढ़ जाता है और काफी लंबा जाम लग जाता है। जिस कारण से यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है।

**क्या कहते हैं लोग:**
विकासनगर के स्कूल में बतौर अकाउंटेंट काम करने वाले सुनील मल्होत्रा बताते है कि रोज सुबह-शाम हज़ारों की तादात में गाड़ियां इस चौक से गुजरती हैं,वहीं बस स्टैंड पर खड़ी भीड़ की वजह से भी ट्रैफिक रुक जाता है। शाम 6 से 8 बजे के बीच इस चौक पर आना एक सिरदर्दी है।

## समाज को जागरूक करने में आगे हैं अपना परिवार संस्था: मनोज सिंघल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अपना** परिवार एनजीओ के संस्थापक अध्यक्ष मनोज सिंघल ने बताया कि अपना परिवार संस्था के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। ताकि समाज के लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सके।
उन्होंने आगे बताया कि संस्था के द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे की समाज में जागरूकता का संचार हो। उन्होंने आगे बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, महिला जागरूकता शिविर, पेड़ लगाओं अभियान, रक्तदान शिविर सहित कई प्रकार के आयोजन किये जाते है। उन्होंने आगे बताया कि सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। उन्होंने आगे बताया कि हमारे जीवन में पेड़-पौधों का विशेष महत्व है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। जिससे की आपका क्षेत्र हरा-भरा नजर आये।

# पीरागढ़ी गांव में हुई महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के गांवों में हाउस टैक्स के नोटिस भेजने व सीलिंग कार्रवाई करने के खिलाफ व विभिन्न मसलों को लेकर आगामी तीन सितंबर को पीरागढी-मंगोलपुर गांव में महापंचायत होगी। उक्त निर्णय पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी अध्यक्षता में पीरागढी गांव में हुई पंचायत में यह निर्णय लिया गया। पंचायत में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि गांवों के साथ वर्षो से सौतेला व्यवहार हो रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्रीसोलंकी ने कहा कि गांवों में हाउस टैक्स के नोटिस भेजने व सीलिंग कार्रवाई करना बहुत ही बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। उन्होंने



कहा कि वह इन मामलों में कई बार उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री से गुहार लगा चुके है, मगर उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जा रहा है। पंचायत में बवाना 52वीं के प्रधान चौधरी दारा सिंह, लाडोसराय 96 के प्रधान चौधरी नरेश, विजेंदर पहलवान, नरेश शौकीन, नफे नंबरदार, जस्सा नंबरदार, सुरेहडा 18 के प्रधान राव त्रिभुवन, कराला 17 के जयपाल, नांगलोई नौ के प्रधान सुरेश शौकीन, महिपालपुर 12 के जगदीप सहरावत, इन्द्रजीत, राजपाल बुरा, हाजी आरीफ हौज रानी, राजेंद्र डागर मौजूद रहे।

## सरकार कैश लैस सुविधा दें: सत्यपाल शर्मा

**सत्यपाल शर्मा ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि वह कैशलेस योजना को पुनः लागू करें।**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डेसू पेंशनर्स** को सन् 2011-12 तब कैशलैस योजना के अन्तर्गत अस्पतालों में फ्री इलाज की सुविधा मिलती थी, जिसे अचानक बंद कर दिया गया है। बाद में चार बीमारियों के लिए जिसमें कैंसर, किडनी, न्यूरों व दिल के रोगों से संबंधित कैशलैस सुविधा बहाल कर दी गई। अब पेंशनर्स अन्य बिमारियों के ईलाज में लाखों रूपये खर्च करके महिनों अपने बिलों के भुगतान होने का इंतजार करते है। जिससे उन्हें उम्र के इस पड़ाव पर आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। उक्त बातें समाजसेवी सत्यपाल शर्मा ने कही। हजारों पेंशनर्स के



हितों को देखते हुए समाजसेवी सत्यपाल शर्मा ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि वह कैशलेस योजना को पुनः लागू करें अथवा अस्पतालों में खर्च किए जा रहे बिलों का एकनिश्चित अवधि में भुगतान किया जाये।



राधे कृष्ण मंदिर श्रद्धानंद कॉलोनी में आयोजित शिवमहापुराण कथा एवं कलश यात्रा के दौरान आप नेता सुरेश शर्मा व अन्य।

## दयानंद वत्स ने स्वर्गीय राजेंद्र माथुर को श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल भारतीय** स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में हिंदी पत्रकारिता के सशक्त हस्ताक्षर, दूरदर्शी संपादक स्वर्गीय राजेंद्र माथुर की 88वीं जयंती पर उन्हें उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।
अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि राजेंद्र माथुर हिंदी पत्रकारिता जगत के दैदिप्यमान नक्षत्र थे। एक दूरदर्शी ईमानदार संपादक के रुप में उनकी छवि हिंदी पत्रकारिता जगत में सदैव अमर रहेगी। नई



दुनिया और नवभारत टाइम्स के संपादक रहते हिंदी पत्रकारिता को जिन बुलंदियों पर राजेंद्र माथुर ने पहुंचाया वह अनुकरणीय है। एक व्यस्त संपादक होने के बावजूद वह संपादक के नाम आए पाठकों के पत्र स्वयं पढते थे।

# स्वरूप नगर: नेशन फर्स्ट फाउंडेशन ने लगाया शिविर







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशन** फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक और बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के प्रभारी देवेन्द्र यादव के द्वारा खड्डा कॉलोनी के गली न-2 स्वरूप नगर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आये हुए लोगों की आंखों व स्वास्थ्य की जांच अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा की गई। इस मौके पर जय प्रकाश राणा के अलावा कई स्थानीय निवासी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर आये हुए लोगों ने पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव के कार्यों की सराहना की।

## यादव समाज के विकास पर दिया जायेगा ध्यान: जय भगवान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिल्ली प्रदेश की नवनियुक्त प्राथमिक कार्यकारिणी का सामाजिक स्वागत परिचय सम्मेलन बेगमपुर गांव, रोहिणी दिल्ली में इंद्रप्रस्थ स्कूल पर रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे महासभा के राष्ट्रीय महासचिव बलबीर सिंह का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने दिल्ली प्रदेश की नवनियुक्त अंतरिम कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में, दिल्ली के हर क्षेत्र से समाज के लोगो ने भाग लिया और जय भगवान यादव की



अध्यक्षता में गठित नवनियुक्त कार्यकारिणी को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। सभा में किराड़ी, पालम, बदरपुर ओर पटपटगंज की कॉलोनियों में मौजूद बहुसंख्य यादव आबादी और दिल्ली में स्थित 50 यादव गाँवों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर श्रीजय भगवान यादव की नेतृत्व वाली कार्यकारिणी में अपनी आस्था दिखाई और हर संभव सहयोग का वादा किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे शकूरपुर से पूर्व पार्षद मनोज यादव व खानपुर से पार्षद ममता यादव ओर दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव का भी सभा की ओर से स्वागत किया गया। अध्यक्ष श्रीजय भगवान ने बताया कि वो जल्द ही दिल्ली में अपनी कार्यकारिणी ओर अन्य प्रकोष्ट का विस्तार करेंगे। समाज के हितार्थ कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। 'यादव महासभा' के 100 साल पूर्ण होने के अवसर पर 'शताब्दी समारोह' के कार्यक्रम आयोजित करेंगे और 'रेजांगला शहीदों की कलश यात्रा' को दिल्ली के हर क्षेत्र में ले जाकर वीर शहीदों की गौरव गाथा के प्रति जन जन को जागरूक करेगें।

## 150 जरूरतमंद परिवारों में बांटी राहत सामग्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में रैमकी फाउंडेशन व डीएमएसडब्ल्यूएसएल और रि-सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड के सहयोग से दिल्ली में बाढ़ पीड़ितों के लिए कैंप की शुरूआत की गई। इस कैंप में सूखा राशन और स्वच्छता किट 150 परिवारों को दी गई, जो यमुना के तटीय स्थानों से पर रहते थे। यमुना में आये विनाशकारी बाढ़ के चलते किनारे रहने वाले लोगों, दिहाड़ी मजदूर को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के घर पानी में डूब जाने के कारण बहुत सारे लोग बेघर हो गए है। उनके सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। ऐसे लोगों की मदद के लिए रैमकी फाउंडेशन व दिल्ली एमएसडब्ल्यूएसएल और रि-



सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड लोगों की मदद के लिये सामने आये है। यमुना किनारे में रि सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड के सीएसआर के सहयोग से 150 जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। राशन के साथ ही रोज की जरुरत का सामान भी दिया गया। उक्त जानकारी संतोष गुप्ता ने दी।
इस दौरान एनजीओ के ओर से संतोष गुप्ता ने लोगों को बाढ़ के दौरान होने वाली बीमारियों से बचने के लिये जागरूक भी किया गया। इस मौके पर डीपी सिंह उपाध्यक्ष (डीएमएसडब्ल्यूएसएल) ने राहत सामग्री की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पंकज जैन, वित्त प्रमुख, शरद पथाने, एमपी गुप्ता, सोनिया सिक्का, योगेश और डीएमएसडब्ल्यूएसएल के अधिकारियों ने इस कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# नरेला में सिलाई कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर सेंटर का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महिला सशक्तिकरण** के उद्देश्य से सामाजिक संस्था हमारी मेहनत फाउंडेशन ने नरेला में सिलाई-कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर सेंटर का उद्घाटन किया। जहां महिलाओं को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। कभी घर की खराब आर्थिक स्थिति से गुजरने वाली महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनेंगी। वह सिलाई कटाई एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण लेकर अपने परिवार का सहारा बन सकेगी। बाहरी दिल्ली के नरेला स्थित संजय कॉलोनी गली नंबर-10 में सामाजिक संस्था हमारी मेहनत फाउंडेशन ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर सिलाई कढ़ाई एवं ब्यूटी







पार्लर सेंटर का उद्घाटन किया। इस सेंटर में महिलाओं युवतियों को सिलाई कढ़ाई ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट अंशिका अग्रवाल व समाजसेवी अरुण आर्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि अंशिका अग्रवाल ने हमारी मेहनत फाउंडेशन टीम को बधाई देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह सेंटर मील का पत्थर साबित होगा। हमारी मेहनत फाउंडेशन की अध्यक्षा सुषमा गौतम ने कहा कि आर्थिक निर्भरता के बिना महिलाओं का सशक्तिकरण एक कोरी कल्पना मात्र है। महिलाओं के हाथ में धन आने से ही उनका सशक्तिकरण संभव है। उन्होंने आगे कहा कि सिलाई कढ़ाई ब्यूटी पार्लर ऐसे हुनर हैं। जिनकी काफी मांग है। इनके लिए ज्यादा पढ़ा-लिखा होने की भी जरूरत नहीं है। इस सेंटर पर महिलाओं को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। जल्द ही अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन कराया जाएगा। वहीं संस्था उपाध्यक्षा कविता अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए केंद्र खोला गया है। इसमें महिलाएं अपने हुनर को तरास सकेगी और उनके जीवन को एक नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक राजू गौतम, एसपी जुन,विवेक अग्रवाल, प्रीति राठी, कमल शर्मा, पूजा गौतम, परवीन कुमारी, पूजा शर्मा, कृष्ण शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गांवों के विकास के बिना प्रदेश और देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि राष्ट्र की आत्मा गांवों में बसती है और हमारी अर्थव्यवस्था अब भी खेती बाड़ी पर ज्यादा निर्भर है। इसलिए गांवों के चहुंमुखी विकास के बिना प्रदेश और देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री सोमवार को सूरजकुंड में आयोजित क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद के दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया और मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने संबोधित



किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि हम यहाँ एक ऐसे विषय पर विचार करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जो देश के लोकतंत्र का मूल आधार है और देश के आखिरी व्यक्ति के हितों से सम्बन्ध रखता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद की 75 साल की अवधि बीत जाने के बाद भी गांवों का विकास हमारी प्राथमिक आवश्यकता है। हमने पिछले लगभग 9 सालों में हरियाणा में गांवों के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई और उनको अमलीजामा पहनाने के स्तर पर भी अनेक प्रयोग किए। उन्होंने कहा कि पंचायतें हमारी राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, सुशासन और लोकतंत्र का रक्षा कवच हैं। हमारे देश में पंचायतों की न्यायप्रियता के कारण 'पंच-परमेश्वर' की धारणा बनी थी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद् ये तीनों स्तर हमारे देश की प्रजातंत्र व्यवस्था के मूल आधार हैं। इसी प्रकार नगर पालिका व नगर परिषद जैसे स्थानीय निकाय भी देश के शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पंचायती राज संस्थाएं न केवल मजबूत हुई हैं, बल्कि और अधिक शक्तियां मिलने से सशक्त बनी हैं। इससे शहरों और गांवों के स्तर पर वहां की जरूरतों की पहचान करके और उन आवश्यकताओं की प्राथमिकता तय करके विकास के कामों को चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में पढ़ी-लिखी पंचायतें कारगर भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आँचल के गतिशील विकास हेतु पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तिकरण किया गया। इसी के चलते सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को बड़ी प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां दी गयी हैं।

पंचायती राज संस्थानों को 10 प्रमुख विभागों का काम सौंपा हुआ है और विकास कार्यों के लिए ग्रांट की राशि सीधे ही पंचायतों के खातों में जमा करवाई जाती है। विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है। 5 लाख रुपये तक के कार्य करवाने की शक्ति सीधे ही सरपंच को दी है।

## [illegible]

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** हरियाणा मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक चेयरपर्सन श्री दीप भाटिया ने आज सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला कारागार में महिला वार्ड सहित सभी बैरकों की साफ-सफाई, रहन-सहन, खान-पान, चिकित्सा सुविधा आदि की गहनता से जांच की। आयोग के कार्यवाहक चेयरपर्सन दीप भाटिया ने जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान बंदियों से खाना, पेयजल, रहन-सहन, दवाइयां, सफाई व्यवस्था आदि की जानकारी ली और उनकी समस्याएं भी सुनी। साथ ही बंदियों को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता को खुद चेक



किया। उन्होंने पुस्तकालय, किचन आदि का निरीक्षण किया। जिला कारागार के अधीक्षक सतविंदर गोदारा ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने महिला कैदियों के वार्ड में सुविधाओं, बच्चों की देखभाल, महिलाओं के लिए चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सहयोग केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि हरियाणा की जेलें भारत में सबसे व्यवस्थित जेलों में से हैं और नीमका जेल सबसे आधुनिक है और मैनेजमेंट और मेडिकल चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधायें बेहतरीन है।

## संक्षिप्त खबरें

### [illegible]



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) में मानव रचना सेंटर फॉर एडवांस वॉटर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (एमआरसीएडबल्यूटीएम) की ओर से भूजल प्रणाली की गणितीय मॉडलिंग विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। अक्षत ग्राउंडवाटर कंसल्टेंसी सर्विसेज के साथ मिलकर हुई इस कार्यशाला में उद्योगों और खनन क्षेत्र के लिए केन्?द्रीय भूमि जल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) एनओसी मामलों से निपटने वाले मान्यता प्राप्त सलाहकारों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सीजीडब्ल्यूबी के सदस्य श्री टीबीएन सिंह और विशिष्ट अतिथि उपकुलपति एमआरआईआईआरएस प्रोफेसर (डॉ.) संजय श्रीवास्तव सहित चेयर प्रोफेसर (एमआरसीएडब्ल्यूटीएम) प्रोफेसर दीपांकर साहा व निदेशक (एमआरसीएडब्ल्यूटीएम) प्रोफेसर अरुणांगशु मुखर्जी ने विषय पर प्रकाश डाला। इसके बाद एमआरआईआईआरएस में डीन रिसर्च प्रोफेसर डॉ. सरिता सचदेवा और एचओडी सिविल इंजीनियरिंग प्रोफेसर सुनीता बंसल ने भी विचार रखे । सत्र की मेजबानी एमआरसीएडबल्यूटीएम के रिसर्च एसोसिएट डॉ. साकिर अली ने की। इसके बाद तकनीकी सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें विशेषज्ञों ने भूजल मॉडलिंग पर पांच केस स्टडीज पेश की। इस दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रोफेसर शशांक शेखर और सुश्री रिंकी कुमारी सहित केयर्न एनर्जी से उप महाप्रबंधक डॉ. रंजन सिन्हा, वैज्ञानिक ई सीजीडब्ल्यूबी डॉ. रंजन रे, वैज्ञानिक डी सीजीडब्ल्यूबी फरीदाबाद श्री एस एन द्विवेदी और एनडब्ल्यूआईसी नई दिल्ली से डॉ. सुमन कुमार ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में इंटरेक्टिव सत्र भी आयोजित हुआ जहां सभी प्रतिभागियों ने भूजल प्रवाह मॉडलिंग के विभिन्न अनुप्रयोगों और चुनौतियों के बारे में चर्चा की। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने जानकारी देते हुए कहा कि भूजल मॉडल भूजल प्रवाह की स्थिति और प्रदूषकों के वाहकों का पता लगाने का सशक्त माध्यम हैं। विभिन्न जल प्रबंधन योजनाओं को तैयार करने में भी ये मॉडल बेहद उपयोगी है। इस कार्यशाला में सीजीडब्ल्यूबी, आईआईटी दिल्ली, दिल्ली विश्वविद्यालय, अक्षत ग्राउंड वाटर कंसल्टेंसी सर्विस, आईडब्ल्यूएमआई दिल्ली, एनडब्ल्यूआईसी नई दिल्ली, फ्लड कॉन नोएडा जैसे विभिन्न गैर सरकारी संगठनों से वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, पेशेवरों और युवा शोधकताओं ने भाग लिया।

### [illegible]

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** हिंसा से कभी भी किसी को कुछ हासिल हुआ है। मेवात हो या फरीदाबाद यहां सदियों से भाईचारे की मिसाल दी जाती रही है। देश में नफरत और हिंसा फैलाना, भाई को भाई से लड़ाना देशभक्ति नहीं होती इसलिए हमारी सभी धर्मों के लोगों से अपील है कि फरीदाबाद में शान्ति और भाईचारे की मिसाल आगे भी कायम रखना है। ये कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने सोमवार अपनी पार्टी के तमाम नेताओं के साथ एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के खोरी, सिरोही, धौज, टीकरी खेड़ा, आलमपुर, फतेपुर तगा सहित कई गांवों का दौरा कर भाईचारा बनाये रखने की अपील की। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि देश क्रोध और नफरत से आगे नहीं बढ़ सकता। प्रगति के लिए भारत को शांति की आवश्यकता है। सभी समुदायों के भाइयों से अपील कर रहा हूँ कि भाईचारा बनाए रखें। हिंसा से कुछ हासिल नहीं होगा, हिंसा से सिर्फ हमारे शहर का , हमारे जिले का, हमारे राज्य का और हमारे देश को नुकसान होगा।

## [illegible]

**टीम एक्शन इंडिया/ हिसार**

शहर के ऋषि नगर में रह रहे बिहार निवासी अरविंद शाह नामक व्यक्ति की मारपीट करके हत्या कर दी गई। लगभग 43 वर्षीय अरविंद शाह के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया गया है वहीं परिजनों ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

परिजनों ने सोमवार को बताया कि मृतक अरविंद शाह हिसार के ऋषि नगर में अपने लड़के और भतीजे के साथ रहता था। वह लैंटर लगाने का काम करता था। शनिवार रात 10 बजे के करीब अरविंद की बात उसके बेटे से हुई थी।

## [illegible]

**रामकथा आयोजन**

[illegible] 151 [illegible]



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**हरियाणा कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा है कि धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन से समाज में सुख-समृद्धि का आगमन होता है इसलिए प्रत्येक मनुष्य को परमपिता परमात्मा की अराधना के लिए अवश्य समय निकालना चाहिए क्योंकि धार्मिक आयोजनों से मन और आत्मा दोनों को शांति मिलती है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सोमवार को कांग्रेसी नेता लखन सिंगला व समाजसेवी अनिल सिंगला के संयोजन में ओल्ड फरीदाबाद के प्रसिद्ध पथवारी मंदिर में शुरू हुई रामकथा के प्रथम दिन निकाली गई 151 कलशों की शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला व उनकी टीम ने प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान का शॉल ओढ़ाकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। चौ. उदयभान ने कहा कि नूंह हिंसा के बाद समाज में जो माहौल कायम हुआ है, उसे धार्मिक आयोजनों से ही बेहतर बनाया जा सकता है और भगवान रामकथा का आयोजन करके सिंगला परिवार ने जो पहल की है, वह सराहनीय है और समाज के सभी वर्गो को इसमें बढ़चढकर हिस्सा लेना चाहिए। उदयभान ने नूंह हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा कि उपद्रवी किसी जाति या धर्म का नहीं होता बल्कि उपद्रवी, उपद्रवी ही होता है और उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए, चाहे वह किसी जाति धर्म से ताल्लुक रखता हो। उन्होंने कहा कि नूंह हिंसा की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए, जिससे कि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वह शांति और भाईचारा बनाए रखे और किसी प्रकार की भडकाऊ पोस्ट न डाले बल्कि अपने आसपास सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखे। इससे पूर्व 151 कलशों की यात्रा में महिला श्रद्धालुओं के साथ पुरुषों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। यह शोभायात्रा माता पथवारी मंदिर से आरंभ हुई और ढोल नगाड़ों के साथ अग्रसेन बाजार, मुख्य बाजार से होते हुए पथवारी मंदिर पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं व पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

## सीवर समस्या से नाराज एन.एच.पांच ए ब्लॉक के निवासियों किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** सीवर समस्या से नाराज एन.एच.पांच ए ब्लॉक के निवासियों ने श्री हरि मंदिर के पास आज प्रदर्शन किया। इस अवसर पर समाजसेवी परविन्दर राजपाल ने बताया कि पिछले कई माह से सीवर व बरसाती पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। निकासी न होने के चलते पानी हरे रंग में तब्दील हो गया है तथा बदूब से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। एन.एच.पांच ए ब्लॉक आरडब्ल्यू के पदाधिकारी यशपाल ग्रोवर ने कहा कि उन्होंने कई बार नगर



निगम को इस संदर्भ में अवगत करवाया है परन्तु अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। श्री हरिमंदिर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भी लोगों को पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। स्थानीय निवासी शिल्पा कपूर, पूजा वर्मा, गिन्नी बत्रा, रिचा कालरा, मोना कालरा, शिवा अरोड़ा, रमन अरोड़ा, मनोहर लाल बत्रा, लकी खत्री, मोहिनी कालरा, सुनीता वर्मा, कमलेश कपूर, श्यामसुंदर कपूर, प्रियंका, पंकज शर्मा, हरिचंद कालरा, पूनम तलवार, जनक कालरा, नंदकिशोर, दीपक कालरा, आरती ने कहा कि बच्चों का स्कूल जाना, बड़े-बुजुर्गों का मंदिर, गुरूद्वारे जाने में भारी परेशानी होती है।स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि बरसात से होने वाली बिमारियों को देखते हुए कम से कम यहां की सफाई करवाई जाए।

## [illegible]

[illegible] विश्व हिंदी सचिवालय तथा कढ ऋक्ष्४ल्लाँ३ङ्गल्ल द्वारा मॉरीशस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य सम्मेलन में कला एवं सांस्कृतिक धरोहर मंत्री अविनाश तिलक जी तथा विश्व हिन्दी सचिवालय की महासचिव श्रीमती माधुरी रामधारी जी तथा महामहोपाध्याय आचार्य इन्दु प्रकाश मिश्रा अन्य गणमानय जन द्वारा शारदा मित्तल की चौथी पुस्तक वसुधा से व्योम तक का भव्य लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर मॉरीशस के वरिष्ठ लेखक रामदेवधुरंधर जी, रिटायर्ड भारत से वरिष्ठ साहित्यकारा डॉक्टर सविता चड्ढा जी ,रिटायर्ड कमीशनर एकसाइज व टैक्सेशन श्री मुकेश गंभीर भी साक्षी रहे।इस अवसर पर मॉरीशस ,भारत , जॉर्डन,ओमान,ऑस्ट्रेलिया,अमरीका,कनाडा के साहित्यकार उपस्थित थे।

## परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के साथ व्यापारियों तथा शहरवासियों ने अनमोल जैन व उनके कोच का अभिवादन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के साथ व्यापारियों तथा शहरवासियों ने अनमोल जैन व उनके कोच राकेश सिंह का अभिवादन किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश बेहतर खेल निति की बदौलत ही हरियाणा के खिलाडी खेलों में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रिकार्ड तोड़ मेडल जीत कर विश्व में परचम लहरा रहे हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अनमोल जैन व उसके कोच राकेश सिंह को देश व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी और जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन का शहर में जगह-जगह जोरदार अभिवादन हुआ। चाइना में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में अनमोल जैन ने कांस्य पदक जीता है।

वहीं आरडब्ल्यूए सेक्टर-64डी ने भी किया अनमोल जैन का जोरदार गर्मजोशी के साथ अभिवादन किया। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन का सोमवार को चाइना में आयोजित हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स से लौटने के बाद शहर में जगह-जगह गाजे-बाजे के साथ जोरदार अभिवादन किया गया। जहां परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सहित शहर के व्यापारियों व शहरवासियों ने अनमोल के साथ उसके कोच राकेश सिंह का भी जोरदार अभिवादन किया। इतना ही नहीं अनमोल का सेक्टर-64डी की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों व स्थानीय निवासियों ने जोरदार अभिवादन करते हुए उसे जीवन में तरक्की करने का आशीर्वाद दिया। निशानेबाज अनमोल जैन ने 10 मीटर एयरपिस्टल में चाइना के चेंगडू शहर में आयोजित हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में टीम के साथ कॉस्य पदक जीता था। आज सोमवार को बल्लभगढ़ बस अड्डा मार्केट में हरियाणा व्यापार मंडल बल्लभगढ़ के प्रधान प्रेम खट्टर द्वारा अंतराष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन व उसके कोच राकेश सिंह के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया।

## एसडीएम की अध्यक्षता में हुई सबडिविजनल टास्क फोर्स की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** एसडीएम परमजीत चहल ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार गर्भवती महिलाओं की प्रभावी ट्रेकिंग एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दें। एसडीएम परमजीत चहल ने आज सोमवार को टास्क फोर्स की बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत होने वाली स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली जन जागरूकता गतिविधिओं की समीक्षा की। उन्होंने जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी विनय गुप्ता को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ



नियमानुसार उचित कार्यवाही करें और पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारी मिल कर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करें।

अवैध लिंग जांच में लिप्त अपराधियों को पकड़ने के लिए जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुखबिर योजना लागू की गई है, इसके अंतर्गत गुप्त तरीके से इस कार्य में लगे लोगों की सूचना देकर रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक मुखबिर, एक मिथ्या ग्राहक, और एक सहायक की टीम मिलकर योजना बनाकर कार्य करती है। एसडीएम ने कहा कि वे गर्भवती महिलाओं की प्रभावी ट्रेकिंग एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की ओर विशेष कार्य योजना तैयार कर इस क्षेत्र में नवाचार करें। अवैध लिंग जांच व पीएनडीटी नियमों की उलंधना करने वालें सैन्टरों के खिलाफ जिला में सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। सभी सैन्टरों को पीएनडीटी एक्ट के अनुसार सारी हिदायतें पूरी करनी होंगी। पीएनडीटी एक्ट के अनुसार नए अल्ट्रासाउंड खोले जा सकते हैं और पुराने अल्ट्रासाउंड का नवीनीकरण किया जा सकता है। बैठक में सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, डॉ राखी, डाक्टर हरीश, डॉ मंजू श्योराण, मीनाक्षी चौधरी, शिक्षा सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल और एसीपी तिगांव को पगड़ी बांधकर किया सम्मानित

फरीदाबाद, 07 अगस्त (हरपाल सिंह यादव )। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय प्रोग्राम के अंतर्गत व हाल मे हुए नूहं के घटनाक्रम को देखते हुए डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल, एसीपी राजेश लोहान,थाना छायंसा प्रबंधक सुरेन्द्र तथा पुलिस चौकी इंचार्ज तुषाकान्त की टीम ने चांदपुर चौकी में एरिया के गांव चांदपुर,रायपुर कला, ईमामुद्दीनपुर, शाहाजाहपुर, फज्जीपुर,घरौडा, लैहढोला और मौठूका में गणमान्य व्यक्तियो के साथ मिटिग की। इस बैठक में गांव चांदपुर से सरपंच सुरजपाल, गांव ईमामुद्दीनपुर से सतीश, शाहांजहापुर से राजकुमार, फज्जीपुर से कमल सिह घरौडा से रामबीर, लहडोला से अजब सिंह, मौठूका से मोहन सिंह, शाहपुरा से तारा चंद सरपंच के साथ अन्य गणमान्य लोगो ने हिस्सा लिया।

करीब 500 लोग व स्थानिय लोग मौजूद रहे। डीसीपी बल्लबगढ़ ने कहा कि हाल में मेवात एरिया में कुछ असामाजिक तत्वों की वजह से हुई हिंसात्मक घटना ने समाज में शांति के माहौल को खराब किया है। यह हिंसा और न भड़के इसके लिए समाज में एक्टिव रूप से कार्य कर रहे सभी संगठनों को निर्देश दिए जाते हैं कि वह किसी भी प्रकार के भड़काऊ भाषण न दें तथा भाईचारे की भावना को बढ़ावा दें ताकि समाज में शांति स्थापित हो सके। लोगो से अपील की है की अपने युवा बच्चो को किसी भी धार्मिक उंमाद



से दूर रखे। अगर कोई भी धार्मिक उंमाद में शामिल होना पाया गया तो संगीन धाराओं में मामला दर्जकर किया जाएगा। जिसमें 14 साल तक की सजा का भी प्रावधान है। मेवात में हुई हिंसा में शामिल आरोपियो को किसी ने भी शरण दी तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ उपद्रवी लोग समाज का माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं परंतु फरीदाबाद पुलिस इस प्रकार के उपद्रवियों से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा पूरे फरीदाबाद में पेट्रोलिंग की जा रही है और संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों पर निगरानी रखकर उनकी पहचान की जा रही है। उन्होंने सभी संगठनों से शांति बनाए रखने की अपील की और शांति व्यवस्था को भंग करने में जिस किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई योगदान होगा उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया। एसीपी तिगांव ने लोगो से अपील कि की आमजन शहर को नशा मुक्त बनाने में प्रशासन का सहयोग करे। पुलिस टीम ने नशे से बचने के लिए जागरूक करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि नशा किसी भी अपराध का प्राथमिक कारण होता है। जो व्यक्ति नशे के चंगुल में फंस जाता है उसे नशा करने के लिए पैसों की आवश्यकता होती है। पैसे न होने पर नवयुवक अपराध चोरी चकारी, लूट, डकैती इत्यादि वारदातों को अंजाम देते है। जब व्यक्ति लूट या डकैती की वारदात को अंजाम दे देता है तो वह इस प्रकार की वारदातों में लगातार शामिल रहने लगता है। यह नशे के दुष्परिणाम है जिसके चलते इंसान की जिंदगी तबाह हो जाती है। इसके साथ ही परिवार में भी बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। उनके घर में लड़ाई झगड़ा रहने लगता है और उसके परिजन घरेलू हिंसा के शिकार होते हैं। इसके साथ ही अग्रवाल कॉलेज से नुक्कड़ नाटक की टीम ने आमजन को नाटक के माध्यम से भी जागरूक किया। इसके साथ ही साइबर क्राइम के बारे में भी जागरूक किया गया तथा जरुरत पड़ने पर डायल 112, 1091,1098 पर कॉल कर सहायता ले सकते है। सभी को यह समझने की आवश्यकता है कि नशे को जड़ से मिटाएं तथा अपने और अपने साथियों को इस से दूर रहने के लिए जागरूक करें। थाना प्रबंधक ने कहा की सुचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्हनें अपना सरकारी नंबर 9416633599 लोगों को दिया व उन्हें बताया गया कि 24 घण्टे में कभी भी उन्हें कॉल करे।

बुजुर्ग लोगों को बताया गया कि कभी भी कोई समस्या हो तो उन्हें कॉल करे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 08 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## हल्द्वानी-नैनीताल रोड पर डेढ़ घंटे से ठप यातायात

**नैनीताल।** नैनीताल को हल्द्वानी से जोड़ने वाले एनएच 109 पर बीते करीब डेढ़ घंटे से वाहनों का आवागमन ठप हो गया है। इस मार्ग पर दोगांव और डोलमार के बीच भेड़िया पखांण पर शाम करीब पौने पांच बजे पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूट कर गिर पड़ा है। इससे मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। अलबत्ता जेसीबी मशीनें सड़क को खोलने का प्रयास कर रही हैं। जनपद के आपदा प्रबंधन अधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि मार्ग को मलबा हटाकर खोलने में आधा घंटा और लग सकता है। इधर मुख्यालय में समाचार लिखे जाने के दौरान एक बार फिर से मूसलाधार बारिश हो रही है। उल्लेखनीय है कि भेड़िया पखांण पर बरसों से एक ही स्थान पर सड़क पर भूस्खलन हो रहा है। कई बार यहां बिना बारिश के भी पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूट पड़ता है। इससे कई लोग चोटिल हो चुके हैं, अलबत्ता अब तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है। कई बार तो यहां कई दिनों तक भी वाहनों का आवागमन ठप रह चुका है। फिर भी प्रशासन यहां भूस्खलन रोकने के कोई भी ठोस, प्रभावी व दीर्घकालीन उपाय शुरू भी नहीं कर पाया है।

## शांतिकुंज स्काउट गाइड ने निकाली पर्यावरण रैली

**हरिद्वार।** देवसंस्कृति विश्वविद्यालय एवं गायत्री विद्यापीठ शांतिकुंज के रोवर व रेंजर, स्काउट व गाइड ने विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया एवं पर्यावरण बचाओ रैली निकाली। इस रैली में देवसंस्कृति विश्वविद्यालय एवं गायत्री विद्यापीठ से जुड़े स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर ने एक एक फलदार व देववृक्ष के पौधे लेकर प्रतिभाग किया। रैली को देसंविवि व गायत्री विद्यापीठ के उच्चाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पश्चात रैली देसंविवि, गायत्री विद्यापीठ होते हुए हरिपुर कलॉ की परिक्रमा की। इस दौरान पर्यावरण बचाओ हेतु प्रेरणाप्रद नारे लगाये गये और लोगों को प्रेरित किया। रैली के समापन से पूर्व गायत्री विद्यापीठ के प्रधानाचार्य सीताराम सिन्हा ने वृक्षारोपण की महत्ता व जीवनोपयोगी विषय पर प्रकाश डाला। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी ने स्काउट गाइड के कार्यो की सराहना की और कहा कि जीवन को स्वस्थ रखने तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधों का रोपण अति आवश्यक है। इस अवसर पर गायत्री विद्यापीठ की कक्षा दस की छात्रा कु. स्तुति ने अपनी टीम के साथ पौधारोपण से मित्रता का संकल्प भी लिया।

# 'पंच प्रण' की शपथ दिलाएगी योगी सरकार

◘ 09 को कार्यक्रम: सीएम योगी की मंशा के अनुरूप ◘ शपथ दिलाकर उत्तर प्रदेश में 'मेरी माटी, मेरा देश' और 'हर घर तिरंगा' अभियान की होगी शुरूआत ◘ प्रदेश के सभी गांवों, ग्राम पंचायतों ◘ नगर निकायों, ब्लॉक, छावनी, परिषदों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों समेत औद्योगिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी होगा आयोजन

**तैयारी**

◘ स्वतंत्रता दिवस संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन का आगाज वृहद स्तर पर करने की तैयारी पूरी कर ली

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन का आगाज वृहद स्तर पर करने की तैयारी पूरी कर ली है। भारत के सभी राज्यों में फिलहाल आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, ऐसे में, केंद्र सरकार की 'मेरी माटी, मेरा देश' और 'हर घर तिरंगा' अभियान को उत्तर प्रदेश में भी बड़े स्तर पर आयोजित करने की रूपरेखा तय कर रखी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इन कार्यक्रमों की शुरूआत 9 अगस्त से वृहद स्तर पर होगी और पहले चरण में 'पंच प्रण' के जरिए स्वाधीनता की अलख पूरे प्रदेश में जगाई जाएगी। यह आयोजन कितना वृहद होगा इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के सभी गांवों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, ब्लॉक, छावनी, परिषदों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, निगमों समेत औद्योगिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी सभी लोग 'पंच प्रण' से संबंधित शपथ लेंगे और देश व प्रदेश की उन्नति के लिए प्रतिबद्धता दशार्ने के साथ ही देश की स्वतंत्रता के अब तक के सफर को लेकर गर्व के भाव की अनुभूति कर सकेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा सभी सरकारी विभागों समेत हर स्तर पर निर्देश दिए जा चुके हैं। साथ ही, सभी सरकारी विभागों को भारत सरकार की वेबसाइट ेिं३ीशीिर्ँ.ङ्म५.ल्ल पर संबंधित सेल्फी अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आयोजन किस प्रकार होना है इसके लेकर भी पहले ही विस्तृत कार्ययोजना व निर्देश मुख्य सचिव द्वारा दिए जा चुके हैं।

**अमृत काल के 'पंच प्रण' बदलेंगे देश की तस्वीर:** केंद्र सरकार की ओर से पंच प्रण की जो अवधारणा तय की गई है, उसके अनुसार कुल 5 लक्ष्यों को प्रण के रूप में तय किया गया है। इसके अंतर्गत 'विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना' ये वो लक्ष्य हैं जिनको लक्षित करके पंच प्रण की अवधारणा को अंगीकार किया गया है। ये शपथ देश के सभी नागरिकों में स्वाधीनता की भावना विकसित करने और देश की उन्नति को गति देने के लिए सभी के अंदर जज्बा विकसित करने का काम करेगी।



## लखनऊ, दिल्ली ले जाई जाएगी हर गांव की मिट्टी

**कार्ययोजना** के अनुसार, 9 से 15 अगस्त के बीच अमृत सरोवर/पंचायत भवन/ विद्यालयों/शहीद स्थलों/ अमृत वाटिकाओं/ सामुदायिक केन्द्रों में से किसी भी चयनित स्थान पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामों/पंचायतों से मिट्टी-कलश अमृत यात्रा का शुभारंभ करते हुए ब्लॉक स्तर पर 16 से 20 अगस्त, 2023 तक पहुँचाये जायेंगे। एकत्रित कलशों में से एक-एक कलश प्रति ग्राम पंचायत प्रदेश की राजधानी लखनऊ तथा देश की राजधानी नई दिल?ली में आयोजित राज्य स्तर/राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों तक चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागियों के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। वहीं, 16 से 20 अगस्त के बीच ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रत्येक ब्लाक पर गाँवों/ग्राम पंचायतों से संगृहीत दो मृतिका-कलश, क्रमशः प्रदेश की राजधानी लखनऊ व देश की राजधानी नई दिल्ली में, चयनित युवकों/युवतियों द्वारा लाया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम के लिए नई दिल्ली व लखनऊ प्रदेश के समस्त ब्लॉकों में एकत्रित किये गए मृतिका कलशों को सुसज्जित वाहनों के माध्यम से 27 से 29 अगस्त, 2023 के मध्य नई दिल्ली के कर्तव्यपथ व 23 से 24 अगस्त, 2023 के मध्य प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एकत्रित किया जाएगा।



राष्ट्रपति द्रौपदी पुड्डुचेरी में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेती हुई।

## एंटफिन से पेटीएम की 10.3 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेंगे विजय शेखर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**डिजिटल** भुगतान प्लेटफॉर्म पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बीवी से पेटीएम में 10.30 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करेंगे। इस सौदे के बाद उनकी कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ कर 19.42 फीसदी हो जाएगी। पेटीएम ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि विजय शेखर शर्मा अपनी 100 फीसदी स्वामित्व वाली विदेशी इकाई रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट बीवी के जरिए एंटफिन से पेटीएम में 10.3 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेंगे। इस सौदे की वैल्यू करीब 62.8 करोड़ डॉलर है। अधिग्रहण के लिए कोई नकद भुगतान नहीं किया जाएगा। शर्मा को हस्तांतरित की जाने वाली हिस्सेदारी का आर्थिक अधिकार एंटफिन के पास ही रहेगा। उल्लेखनीय है कि वन 97 कम्युनिकेशंस, पेटीएम ब्रांड के तहत ही काम करती है।

# पंजाब भाजपा प्रधान जाखड़ के निशाने पर आप



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**पंजाब** भाजपा के प्रधान सुनील जाखड़ ने अमृतसर पहुंच आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। सुनील जाखड़ ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर आरोप लगाए कि सोची समझी साजिश के तहत गवर्नर ऑफिस और दिल्ली में पेंच फंसाए गए हैं। उन्होंने सीएम मान को नसीहत भी दी कि वे राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के साथ बैठक समस्याओं का हल करें। वह मुख्यमंत्री हैं और उन्हें सोच-समझ कर कदम उठाना चाहिए। सुनील जाखड़ ने कहा- आप विधायकों के बारे में वह अधिक कुछ कहना नहीं चाहते। उन्हें हमारी जनता ने ही चुनकर भेजा है। लेकिन यह मौकापरस्त राज्य का भला नहीं कर सकते। विधायकों के अगर एफिडेविट देखे जाएं, तो इनमें कई ऐसे मिलेंगे, जिन पर कर्जा था।

**नसीहत**

◘ साजिश के तहत गवर्नर ऑफिस व दिल्ली में पेंच फंसाए, सीएम राज्यपाल से बैठक करें: सुनील जाखड़

## मणिपुर कांग्रेस नेताओं ने सोनिया से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मणिपुर** के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओकराम इबोबी सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि इबोबी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल के साथ बैठक कर राज्य के हालात से उन्हें अवगत कराया है। इस दौरान इबोबी ने राज्य में शांति बहाली के लिए कांग्रेस की ओर से किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने का मामला सामने आया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से विपक्ष लगातार केन्द्र और राज्य सरकार की आलोचना कर रहा है। माना जा रहा है कि वायरल वीडियो चार मई का है। जिन महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार हुआ है, वह कुकी समुदाय से हैं। यहां मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को एक रैली का आयोजन हुआ था।



## रामलोक मंदिर कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी सोनिया गांधी!

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**कांग्रेस** की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी हिमाचल आ सकते हैं। अगर कार्यक्रम में बदलाव नहीं हुआ तो 25 अगस्त को वह सोलन के रामलोक मंदिर आएंगी और शीश नवाएंगी। मंदिर प्रबंधन ने गांधी परिवार को मंदिर आने और प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया था। जिसे सोनिया गांधी ने स्वीकार कर लिया है। ऐसा माना जा रहा है कि उनके साथ कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता भी हिमाचल आ सकते हैं। वहीं, कांग्रेस सूत्रों की माने तो राहुल गांधी भी प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के लिए हिमाचल आ सकते हैं। लेकिन उनका प्लान अभी फाइनल नहीं है। अगले कुछ दिन में राज्य सरकार राहुल गांधी के दौरे को लेकर स्थिति स्पष्ट करेगी।

**16 अगस्त से शुरू होगा हवन**

**कार्यक्रम:** रामलोक मंदिर के मुख्य संचालक स्वामी अमरदेव ने बताया कि मंदिर की प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा गया है। 16 अगस्त से हवन शुरू होगा जो 25 अगस्त तक चलता रहेगा।



## बरनाला में पिता की हत्या का विडियो वायरल

**टीम एक्शन इंडिया/बरनाला**

**पंजाब** के बरनाला जिले के गांव जुलूर में बुजुर्ग पिता का हत्या करने का वीडियो वायरल हुआ है। नशे में धुत 2 बेटों ने पीट-पीट कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने वीडियो को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। वहीं दूसरे की तलाश में छापामारी की जा रही है। एसएचओ थाना सदर करण शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मृतक राम सिंह की बेटी कुलदीप कौर के बयान के आधार पर मर्डर केस दर्ज किया है।

**खोजबीन** आधे घंटे पाइप से लटकी रही 13 साल की लड़की, फोन करके पुलिस को बुलाया

# लिव-इन पार्टनर ने प्रेमिका को बेटियों समेत गोदावरी में फेंका

**झगड़े के बाद...**

**टीम एक्शन इंडिया/गुंटूर**

**आंध्रप्रदेश के** गुंटूर में एक शख्स ने अपनी लिव-इन पार्टनर से झगड़ा होने के बाद उसे और उसकी दो बेटियों को गोदावरी नदी में धक्का दे दिया। इस घटना में महिला और उसकी एक साल की बेटी नदी में लापता हो गई, जबकि 13 साल की लड़की ने प्लास्टिक का पाइप पकड़कर अपनी जान बचाई। लड़की पाइप के सहारे आधे घंटे तक लटकी रही। उसने लटके-लटके ही डायल 100 को कॉल किया। इसके बाद पुलिस ने उसे बचाया और उसकी मां-छोटी बहन की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी सुरेश को अरेस्ट कर लिया है। पुप्पाला सुहासिनी नाम की महिला गुंटूर के ताडेपल्ली में रहती थी। पति से मतभेद के कारण वह उससे अलग हो गई थी। 36 साल की महिला अपनी बेटी कीर्तना (13) के साथ रह रही थी और मजदूरी करती थी। दो साल पहले वह सुरेश से मिली। दोनों साथ रहने लगे। सुहासिनी और सुरेश की भी एक बेटी जर्सी (1) है। कुछ दिन पहले सुहासिनी और सुरेश के बीच अनबन हुई थी और सुरेश ने सुहासिनी और बेटियों कीर्तना, जर्सी को खत्म करने का फैसला किया।



◘ लड़की पाइप के सहारे आधे घंटे तक लटकी रही। उसने लटके-लटके ही डायल 100 को कॉल किया

**तीनों को मारने से पहले दिनभर घुमाया:** सुरेश ने तीनों को मारने की प्लानिंग की। शनिवार शाम वह उन्हें कई जगहों पर घुमाने ले गया। रविवार सुबह तक उनके साथ रहा। सुबह करीब 4 बजे सुरेश ने रावुलापालेम में गौतमी पुराने पुल पर कार रोकी। उसने तीनों को सेल्फी लेने के लिए मनाया और दीवार के सहारे खड़ा कर दिया।

